नई दिल्ली
शनिवार, 6 जुलाई 2024
आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष,
प्रतिपदा वर्ष : 28, अंक : 86
पृष्ठ 12 मूल्य 2 .00

मौसम
अधि. 31
न्यून. 26

हरिभूमि
दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

## भारत को एक अग्रणी वैश्विक रक्षा उत्पादन केंद्र बनाने के लिए प्रतिबद्ध सरकारः राजनाथ सिंह

वित्त वर्ष 2023-24 में 1.27 लाख करोड़ की रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचा रक्षा उत्पादन



हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

वित्तीय वर्ष 2023-24 में वार्षिक रक्षा उत्पादन 1 लाख 26 हजार 887 करोड़ रुपए की रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गया है। पिछले साल की तुलना में यह 16.7 फीसदी अधिक है। रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि मंत्रालय के सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, अन्य पीएसयू और निजी कंपनियों से मिले आंकड़ों के हिसाब से देश में रक्षा उत्पादन में ये रिकॉर्ड वृद्धि देखने को मिली है। वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान रक्षा उत्पादन का आंकड़ा 1 लाख 8 हजार 684 करोड़ रुपए पर था। रक्षा क्षेत्र ⏩ शेष पेज 5 पर

### डीपीएसयू, निजी क्षेत्र का योगदान

मंत्रालय ने बताया कि 2023-24 में उत्पादन के कुल मूल्य में डीपीएसयू और निजी क्षेत्र का योगदान क्रमशः 79.2 और 20.8 फीसदी है। आंकड़ों की मानें तो दोनों ने रक्षा उत्पादन में लगातार बढ़ोतरी दर्ज की है। स्वदेशीकरण के प्रयासों को निरंतर आधार पर आक्रामक तरीके से आगे बढ़ाया गया है। जिसकी वजह से रक्षा उत्पादन ने यह रिकॉर्ड ऊंचाई ⏩ शेष पेज 5 पर

### प्रधानमंत्री ऋषि सुनक का 18 महीने का कार्यकाल समाप्त

# ब्रिटेन के चुनाव में लेबर पार्टी 400 पार, कीर स्टार्मर होंगे नए प्रधानमंत्री

## कंजर्वेटिव पार्टी 14 साल बाद सत्ता से बाहर

एजेंसी ⏭ लंदन

ब्रिटेन की सियासत में बड़ा बदलाव हुआ है। बीते दिन संपन्न हुए आम चुनाव में प्रधानमंत्री ऋषि सुनक की कंजर्वेटिव पार्टी की करारी हार हुई है। इस चुनाव में कीर स्टारमर की विपक्षी लेबर ने प्रचंड जनादेश हासिल किया है। 650 सीटों वाली ब्रिटिश संसद (हाउस ऑफ कॉमन्स) में लेबर ने 400 से ज्यादा सीटें जीत ली हैं। दूसरी ओर कंजर्वेटिव पार्टी को महज 115 सीटों के आसपास है। यहां 650 में से अधिकतर सीटों की गिनती पूरी हो गई है। ब्रिटेन में हुए आम चुनाव में पूरी दुनिया की निगाहें रही हैं। चुनाव से पहले हुए सर्वे में अनुमान जताया था कि लेबर पार्टी संसद में भारी बहुमत हासिल करेगी जो ⏩ शेष पेज 5 पर



**392 दलों ने लड़ा था चुनावः** यूनाईटेड किंगडम (यूके) का आम चुनाव 4 जुलाई 2024 को हुआ। 6.7 करोड़ की आबादी वाले देश में मतदान केंद्रों में लोगों ने स्थानीय समयानुसार सुबह सात बजे से रात 10 बजे तक मतदान किया। यूके के इस चुनाव के लिए कुल 392 पार्टियां पंजीकृत हैं।

**कौन हैं कीर स्टार्मर?**

### छोटे से कस्बे में पले बढ़े, पिता कारीगर थे

*वे विपक्षी दल लेबर के अध्यक्ष हैं। पेशे से वकील कीर स्टार्मर मुख्य अभियोक्ता रह चुके हैं। लेबर पार्टी के अनुसार, उनका पूरा करियर जरूरतमंद लोगों को न्याय दिलाने के लिए रहा है। स्टार्मर पूर्वी इंग्लैंड के सरी में ऑक्सटेड नामक एक छोटे से शहर में पले-बढ़े। उनके पिता एक कारखाने में कारीगर के रूप में काम करते* ⏩ शेष पेज 5 पर

### ब्रिटेन में लेबर पार्टी की जीत पर प्रधानमंत्री मोदी ने दी कीर स्टारमर को बधाई

**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को ब्रिटेन के आम चुनावों में जीत दर्ज करने पर लेबर पार्टी के कीर स्टारमर को बधाई दी। सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि ब्रिटेन के आम चुनावों में उल्लेखनीय जीत पर कीर स्टारमर को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं। मैं सभी क्षेत्रों में भारत-ब्रिटेन व्यापक ⏩ शेष पेज 5 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### एयरटेल के 37.5 करोड़ ग्राहकों का डेटा लीक!



**नई दिल्ली।** देश की दिग्गज टेलिकॉम कंपनी भारती एयरटेल के ग्राहकों के डेटा लीक की खबरें चल रही हैं। टेलिकॉम कंपनी ने इसका खंडन किया है जिनमें यह कहा गया था कि एयरटेल के करीब 37.5 करोड़ ग्राहकों के डिटेल हैक कर लिए गए हैं और उनके फोन नंबर, ईमेल एड्रेस, आधार नंबर जैसी जानकारी डार्क वेब पर बिक्री के लिए उपलब्ध है।

### 6900 तीर्थयात्रियों को जत्था अमरनाथ रवाना



**जम्मू।** दक्षिण कश्मीर हिमालय में स्थित प्रसिद्ध अमरनाथ गुफा मंदिर में हिम शिवलिंग के दर्शन लिए शुक्रवार को 6,900 तीर्थयात्रियों का आंठवा जत्था 277 वाहनों में सवार होकर निकला। भगवती नगर यात्री निवास से सुबह तीन बजकर 45 मिनट पर बालटाल और पहलगाम आधार शिविरों के लिए रवाना हुआ।

### दुनिया की पहली सीएनजी बाइक लॉन्च



**पुणे।** बजाज ऑटो की पहली सीएनजी बाइक फ्रीडम का लॉन्च शुक्रवार को पुणे में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी की मौजूदगी में हुआ। बजाज फ्रीडम दुनिया की पहली सीएनजी बाइक है। एक्स शोरूम कीमत 95,000 रुपए रखी गई है। दावा है कि 1 किलो सीएनजी पर 102 किमी व 1 लीटर पेट्रोल पर 67 किमी का माइलेज होगा।

### नड्डा ने 24 प्रदेशों एवं केंद्र शासित प्रदेशों में प्रभारी तथा सह प्रभारी किए नियुक्त

# सतीश पूनिया हरियाणा भाजपा के प्रभारी नियुक्त, नागर को बनाया गया सहप्रभारी

छत्तीसगढ़ में नितिन नवीन को प्रभारी बनाया, बिहार की जिम्मेदारी तावड़े को

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

भाजपा ने चुनावी राज्य हरियाणा में सतीश पूनिया को प्रभारी तथा सांसद सुरेंद्र सिंह नागर को सह प्रभारी नियुक्त किया है। झारखंड में सांसद डॉ. लक्ष्मीकांत बाजपेयी प्रभारी की जिम्मेदारी संभालेंगे। छत्तीसगढ़ में विधायक नितिन नवीन को प्रभारी बनाया गया है। मध्यप्रदेश में एमएलसी महेंद्र सिंह को प्रभारी तथा सतीश उपाध्याय को सह प्रभारी की भूमिका मिली है। पंजाब में विजय भाई रूपानी प्रभारी तथा डॉ. नरिंदर सिंह को सहप्रभारी बनाया गया है। उत्तराखंड में राष्ट्रीय महासचिव दुष्यंत कुमार गौतम को प्रभारी तथा रेखा वर्मा को सह प्रभारी नियुक्त किया गया है।

कुल 24 प्रदेशों एवं केंद्र शासित प्रदेशों में प्रभारी तथा सह प्रभारी नियुक्त किए गए हैं। पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा के आदेश से शुक्रवार को प्रभारी एवं सह प्रभारियों की घोषणा की गई। हालांकि कई नेता पहले से ही उन्हीं प्रदेशों में प्रभारी की जिम्मेदारी संभाल रहे थे जिनमें अब दोबारा उनको नियुक्ति दी गई है। बिहार में राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े को प्रभारी तथा सांसद दीपक प्रकाश को सह प्रभारी बनाया गया है।



सतीश पूनिया



लक्ष्मीकांत बाजपेयी



नितिन नवीन

झारखंड में सांसद लक्ष्मीकांत बाजपेयी तथा जम्मू कश्मीर में तरूण चुघ को प्रभार

### *प्रकाश जावड़ेकर ओडिशा के प्रभारी और संबित पात्रा उत्तर पूर्व के संयोजक नियुक्त किए गए*

गोवा में आशीष सूद को, अंडमान एवं निकोबार में रघुनाथ कुलकर्णी को तथा दादरा, नगर हवेली और दीव दमन में विधायक दुष्यंत पटेल को प्रभारी बनाया गया है। हिमाचल में विधायक श्रीकांत शर्मा को प्रभारी तथा संजय टंडन को सह प्रभारी नियुक्त किया गया है। जम्मू कश्मीर में भी जल्द ही चुनाव होने वाले हैं, यहां राष्ट्रीय महाचिव तरूण चुघ को प्रभारी तथा आशीष सूद को सह प्रभारी की जिम्मेदारी मिली है। कर्नाटक में सांसद राधा मोहन अग्रवाल को प्रभारी तथा सुधाकर रेड्डी को सह प्रभारी बनाया गया है। केरल में प्रकाश जावड़ेकर को प्रभारी तथा सांसद अपराजिता सारंगी को सह प्रभारी नियुक्त किया है। ओडिसा में विजयपाल सिंह तोमर प्रभारी और विधायक लता उसेंडी सह प्रभारी बनाई गई हैं। अरूणाचल प्रदेश में विधायक अशोक सिंघल को प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। सांसद संबित पात्रा को उत्तर पूर्व का संयोजक बनाया गया है। उनके साथ वी मुरलीधरन सह संयोजक होंगे। सिक्किम में दिलीप जायसवाल प्रभारी, पुदुचेरी में निर्मल कुमार सुराना, नागालैंड और मेघालय में अनिल एंटोनी, मणिपुर में सांसद अजीत गोपछड़े, मिजोरम में देवेश कुमार, लद्दाख में तरूण चुघ को प्रभारी बनाया गया है।

### हरियाणा में इसी साल होंगे विधानसभा चुनाव

राजस्थान भाजपा के पूर्व अध्यक्ष सतीश पूनिया और सांसद सुरेंद्र सिंह नागर लोकसभा चुनाव के दौरान हरियाणा में चुनाव प्रभारी और चुनाव सह प्रभारी की जिम्मेदारी संभाले हुए थे। भाजपा हरियाणा में जाट समुदाय की नाराजगी झेल रही है। अक्टूबर नवंबर में यहां विधानसभा चुनाव होने हैं। पूनिया राजस्थान के जाट नेता हैं। प्रभारी बनाये जाने के बाद सतीश पूनिया के कंधों पर इस बात की भी बड़ी जिम्मेदारी रहेगी कि वे प्रदेश के जाट समुदाय को भाजपा के पाले में ला सकें। पूनिया से पहले सांसद बिप्लब कुमार देब प्रभारी थे जिन्हें कुछ दिन पहले हरियाणा विधानसभा चुनाव हेतु सह प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई है।

### प्रधानमंत्री मोदी की यात्रा से पहले भारतीय सेना को मिली 35 हजार एके-203 असॉल्ट राइफलें

# मोदी और पुतिन की मुलाकात में उठेंगे क्षेत्रीय-वैश्विक हितों के मामलेः क्वात्रा

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली



अगले सप्ताह 8 से 9 जुलाई तक होने वाली प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रूस यात्रा के दौरान दोनों देशों के शीर्ष नेताओं के बीच बातचीत में क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय हितों से जुड़े मामलों पर चर्चा की जाएगी।

यह जानकारी प्रधानमंत्री मोदी की मास्को रवानगी से पहले शुक्रवार को राजधानी में आयोजित किए गए संवाददाता सम्मेलन में विदेश सचिव विनय क्वात्रा ने दी। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के नेताओं की मुलाकात में हमेशा से ही क्षेत्रीय और वैश्विक महत्व के मुद्दों को उठाया जाता है। हालांकि अभी उन सभी विषयों को लेकर अनुमान लगाना ठीक नहीं होगा। लेकिन क्षेत्रीय और वैश्विक महत्व के मुद्दे दोनों के बीच होने वाली बातचीत का एक महत्वपूर्ण तत्व होंगे। रूस में आयोजित किए जाने वाले 22 वें वार्षिक सम्मेलन में भाग लेने के लिए पीएम यह यात्रा करेंगे। अभी तक 8 जुलाई की दोपहर तक पीएम मोदी के मास्को पहुंचने का कार्यक्रम है। इसी दिन रूसी राष्ट्रपति प्रधानमंत्री के लिए एक निजी रात्रि भोज के कार्यक्रम का आयोजन करेंगे। उधर, पीएम मोदी की रूस यात्रा से ठीक पहले भारतीय सेना के लिए एक ⏩ शेष पेज 5 पर

### सेना को मिली 35 हजार असॉल्ट राइफलें

प्रधानमंत्री की रूस यात्रा से पहले भारतीय सेना को 35 हजार असॉल्ट राइफलें सौंपी गई हैं। पूर्व में मई-2024 में 27 हजार राइफलों की डिलीवरी की गई थी। एके-203 राइफलों का भारत और रूस के संयुक्त उपक्रम के तहत उत्तर प्रदेश के अमेठी में स्थापित फैक्ट्री (इंडो-रूसी राइफल्स प्राइवेट लिमिटेड) में उत्पादन किया जा रहा है। वर्ष 2021 में इसे लेकर भारत और रूस के बीच 5 हजार करोड़ रुपए के एक समझौते पर हस्ताक्षर किए गए थे। जिसमें तकनीक हस्तांतरण के जरिए 6.7 लाख से अधिक राइफलों का उत्पादन किए जाने पर सहमति बनी थी। संयुक्त उपक्रम में भारत की एडवांस्ड वेपंस एंड इक्विपमेंट इंडिया लिमिटेड और म्यूनिशंस इंडिया लिमिटेड और रूस की रोसोबोरॉन एक्सपोर्ट व क्लाशनिकोव शामिल हैं। इससे देश में आत्मनिर्भरता के तहत मेक इन इंडिया अभियान को बढ़ावा मिलेगा। एके-203 राइफल, एके-200 राइफल का एक वैरिएंट है। इसे सेना में इस्तेमाल होने वाले 7.62 x 39 मिमी. कारतूस के लिए बनाया गया है। इसके सेना में शामिल होने से बल की मारक क्षमता बढ़ेगी।

### रांची में होगा तीन दिवसीय आयोजन

## संघ की अखिल भारतीय प्रांत प्रचारक बैठक 12 से

एजेंसी ⏭ रांची



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की प्रतिवर्ष होने वाली अखिल भारतीय स्तर की प्रांत प्रचारक बैठक इस वर्ष आगामी 12,13 एवं 14 जुलाई 2024 को झारखंड की राजधानी रांची में आयोजित हो रही है। मई-जून में संपन्न संघ के प्रशिक्षण वर्गों की लगभग दो माह की श्रृंखला के पश्चात देशभर के सभी प्रांत प्रचारक इस बैठक में उपस्थित रहेंगे। संघ की संगठन योजना में कुल 46 प्रांत बनाए गए हैं। बैठक में संघ के प्रशिक्षण वर्ग के वृत्तांत एवं समीक्षा आगामी वर्ष की योजना का क्रियान्वयन, सरसंघचालक का वर्ष 2024-25 की प्रवास योजना जैसे विषयों पर चर्चा की जाएगी। साथ ही संघ शताब्दी वर्ष (2025-26) के आग्रह व उपक्रमों पर बैठक में विचार विनिमय होगा। ⏩ शेष पेज 5 पर

### समलैंगिक विवाह को मान्यता नहीं

## अब फिर से रिव्यू पिटीशन पर होगी 10 को सुनवाई

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



सुप्रीम कोर्ट 10 जुलाई को समलैंगिक विवाह को मान्यता देने से इनकार करने वाले फैसले की समीक्षा की मांग वाली याचिका पर सुनवाई करेगा। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच जजों की बेंच मामले की सुनवाई करेगी। इसमें जस्टिस संजीव खन्ना, हिमा कोहली, बीवी नागरत्ना और पीएस नरसिम्हा शामिल होंगे। पिछले साल नवंबर महीने में याचिकाकर्ताओं ने सुप्रीम कोर्ट की संविधान बेंच के फैसले के खिलाफ रिव्यू पिटिशन दाखिल की थी। याचिकाकर्ताओं के वकील मुकुल रोहतगी ने सीजेआई की बेंच के सामने इस मुद्दे को उठाया था। रोहतगी ने इस बात पर जोर दिया कि समीक्षा याचिका को खारिज नहीं किया जाना ⏩ शेष पेज 5 पर

### उड़नदस्ता टीम की रिपोर्ट पर लिया एक्शन

## बिहार में 15 इंजीनियर सस्पेंड, 17 दिन में 12 पुल गिरने पर कार्रवाई

एजेंसी ⏭ पटना

बिहार में 17 दिन के भीतर एक के बाद एक 12 पुल गिरने के बाद सरकार ने बड़ी कार्रवाई की है। लगातार पुल गिरने की घटना सामने आने के बाद 15 इंजीनियर को सस्पेंड कर दिया गया है। नीतीश कुमार की अगुवाई वाली राज्य सरकार ने नए पुलों के पुनर्निर्माण का भी आदेश दिया है। राज्य जल संसाधन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव चैतन्य प्रसाद ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि नौ पुलों के क्षतिग्रस्त होने की सूचना मिली है। इनमें से छह बहुत पुराने हैं। तीन अन्य निर्माणाधीन हैं।

प्रथम दृष्टया ऐसा लगता है कि इंजीनियर और ठेकेदार इसमें शामिल हैं। उन्होंने कहा कि उड़नदस्ता टीम ने अपनी रिपोर्ट सौंप दी है। इंजीनियर इसे लेकर न तो सावधान थे और न ही निगरानी कर रहे थे। इस मामले में विभिन्न पदों के 15 इंजीनियरों को सस्पेंड कर दिया गया है। अतिरिक्त मुख्य सचिव चैतन्य प्रसाद ने कहा कि नए पुलों का निर्माण किया जाएगा। इसके अलावा राज्य पुल निर्माण निगम से जल्द से जल्द रखरखाव और मरम्मत का अनुरोध किया गया है। ठेकेदार मातेश्वरी कंस्ट्रक्शन इसका खर्च वहन करेगा। इसमें शामिल लोगों के खिलाफ ⏩ शेष पेज 5 पर



### नीट-यूजी विवाद में हलफनामा

## केंद्र सरकार ने कहा-पेपर रद्द करना छात्रों के साथ अन्याय

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

नीट-यूजी विवाद को लेकर सुप्रीम कोर्ट में दाखिल किया सरकार ने अपना हलफनामा दाखिल कर दिया है। सरकार ने हलफनामे में कहा कि सीबीआई मामले की जांच कर रही है, कई राज्यों में पेपर लीक की शिकायतें आई हैं। लेकिन, परीक्षा रद्द करना उचित नहीं है। यह होनहार छात्रों के साथ धोखा होगा। सरकार की ओर से शिक्षा मंत्रालय में उच्च शिक्षा विभाग के डायरेक्टर वरुण भारद्वाज ने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दाखिल किया है। सरकार ने परीक्षा रद्द नहीं किए जाने पर जोर देते हुए सुप्रीम कोर्ट के 2021 के सचिन कुमार विरूद्ध डीएसएसबी में जारी फैसले का हवाला दिया। सरकार ने कहा कि शिक्षा मंत्रालय की ओर से एक हाई लेवल कमेटी एनटीए को बेहतर बनाने ⏩ शेष पेज 5 पर

■ जिन्होंने ईमानदारी से परीक्षा दी, वे परेशान



### 11 अगस्त को नीट पीजी परीक्षा

इधर, एनटीए ने नीट पीजी 2024 परीक्षा की तारीख की घोषणा कर दी है। एनटीए के मुताबिक इस परीक्षा का आयोजन 11 अगस्त को होगा। यह भी कहा गया कि परीक्षा दो पालियों में किया जाएगा। एनटीए ने एसओपी और प्रोटोकॉल की समीक्षा करने के बाद इस एग्जाम की नई तारीख की घोषणा की है। बता दें कि एनटीए ने इससे पहले नीट पीजी के एग्जाम की डेट रद्द कर दी थी। उम्मीदवार नीट पीजी के इस एग्जाम में 23 जून को शामिल होने वाले थे वे एनबीई की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर नई तारीख के संदर्भ में देख सकते हैं।

### ओलंपिक के लिए जा रहे खिलाड़ियों से मिले पीएम मोदी, दिया विजय का मंत्र

# आप सबके दिल में देश और तिरंगा हो, यही 'जीत' का रास्ता

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत की कोशिश है कि हम 2036 में ओलंपिक की मेजबानी करें

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

पेरिस ओलंपिक के लिए खिलाड़ियों की रवानगी से पहले पीएम मोदी ने उनसे शुक्रवार को खास मुलाकात की और उन्हें विजय मंत्र दिया। उन्होंने कहा कि आपके दिल में देश और तिरंगा हो।

यही विजय मंत्र है। इस दौरान प्रधानमंत्री ने खिलाड़ियों से ओलंपिक 2036 की मेजबानी की भारत की दावेदारी कामयाब रहने को लेकर पेरिस में व्यवस्थाओं का अनुभव साझा करने का आग्रह किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत की कोशिश है कि हम 2036 में ओलंपिक की मेजबानी करें। इससे भी बड़ा माहौल बनता है और हम प्रयास कर रहे हैं। बुनियादी ढांचा तैयार करने पर विशेषज्ञ काम कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि मैं ओलंपिक से पहले नहीं लेकिन बाद में वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लेने का आपसे आग्रह करूंगा। आप लोग भी खेल के बाद वहां व्यवस्थाएं क्या हैं, उसे देखें। खिलाड़ियों से जो इनपुट मिलेगा, वह 2036 के लिये काम आएगा। आप यह देखकर आएंगे तो हमें बहुत सुविधा होगी।

पेरिस ओलंपिक 26 जुलाई से 11 अगस्त के बीच खेले जाएंगे



भारत का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन टोक्यो ओलंपिक में रहा

जिसमें भालाफेंक में नीरज चोपड़ा के ऐतिहासिक स्वर्ण समेत भारत ने सात पदक जीते

### भारतीय दल में 100 खिलाड़ी

भारत के 100 से अधिक खिलाड़ियों ने ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया है जिसमें 21 निशानेबाज हैं



### आबकारी नीति घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार के मामले में 17 जुलाई को सुनवाई

# हाईकोर्ट ने मांगा सीएम केजरीवाल की जमानत याचिका पर सीबीआई से जवाब

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली





दिल्ली हाईकोर्ट ने कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार के मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की जमानत याचिका पर केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से शुक्रवार को जवाब मांगा। न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा ने जमानत याचिका पर सीबीआई को नोटिस जारी किया और मामले की अगली सुनवाई के लिए 17 जुलाई की तारीख निर्धारित की। केजरीवाल ने जमानत की मांग करते हुए दावा किया कि सीबीआई के मामले में उन्हें गिरफ्तार करने की कोई आवश्यकता नहीं थी और उनकी हिरासत अवैध है। केजरीवाल की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी ने कहा कि आम आदमी पार्टी प्रमुख के भागने का खतरा नहीं है और न ही वह आतंकवादी हैं। उन्होंने कहा कि सीबीआई ने केजरीवाल को प्रवर्तन निदेशालय के धन शोधन मामले में जमानत मिलने के बाद गिरफ्तार किया। सीबीआई की ओर से पेश वकील डीपी सिंह ने केजरीवाल की ओर से निचली अदालत में पहले जमानत याचिका दायर किये बगैर सीधे हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाने पर आपत्ति जताई। हाईकोर्ट ने आपत्ति पर गौर किया और कहा कि इस आपत्ति पर बहस के समय विचार किया जाएगा। न्यायमूर्ति कृष्णा ने कहा कि कितने ही मामलों में सुप्रीम कोर्ट या उच्च न्यायालयों ने कहा है कि कृपया औचित्य के आधार पर वापस जाएं। कानून के मामले में कोई विवाद नहीं है। वे यह भी कहते हैं कि जब वैकल्पिक उपाय उपलब्ध हैं, तो ऊपरी अदालतों को बाधित न करें। इस (न्यायालय) के बेहतर होने का कोई कारण होना चाहिए। हमें निचली अदालत के फैसले को पढ़ने का भी लाभ मिलता है। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल को सीबीआई ने 26 जून को तिहाड़ जेल से गिरफ्तार किया था, जहां वह अब भी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दर्ज कथित आबकारी नीति घोटाले से संबंधित धन शोधन के मामले में न्यायिक हिरासत में बंद हैं। उन्होंने पहले सीबीआई मामले में अपनी गिरफ्तारी को चुनौती दी है और याचिका हाईकोर्ट के समक्ष लंबित है। अदालत ने नोटिस जारी करके सीबीआई को अपना जवाब दाखिल करने के लिए कहा है। केजरीवाल को पहले 21 मार्च को ईडी ने गिरफ्तार किया था, लेकिन धन शोधन मामले में 20 जून को निचली अदालत ने उन्हें जमानत दे दी थी। इसके बाद निचली अदालत के आदेश पर हाईकोर्ट ने रोक लगा दी थी।

### के. कविता की न्यायिक हिरासत 18 तक बढ़ी

दिल्ली की एक अदालत ने कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार के एक मामले में शुक्रवार को भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) नेता के कविता की न्यायिक हिरासत 18 जुलाई तक बढ़ा दी है। विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने यह आदेश सुनाया। केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव की बेटी कविता को अप्रैल में तिहाड़ जेल से गिरफ्तार किया था। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा गिरफ्तार किए जाने के बाद से वह तिहाड़ में बंद थीं। ईडी ने कविता (46) को 15 मार्च को हैदराबाद में बंजारा हिल्स स्थित उसके आवास से गिरफ्तार किया था और वह इस मामले में न्यायिक हिरासत में थीं।

### दिल्ली जल बोर्ड एसटीपी घोटाला: ईडी ने की जांच के सिलसिले में छापेमारी

**एजेंसी. नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को कहा कि उसने दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) द्वारा कुछ सीवेज उपचार संयंत्र (एसटीपी) के विस्तार में कथित भ्रष्टाचार से जुड़े धन शोधन मामले में छापेमारी के दौरान 41 लाख रुपये नकद, आपत्तिजनक दस्तावेज और डिजिटल उपकरण जब्त किये हैं। जांच एजेंसी ने एक बयान में कहा कि तीन जुलाई को दिल्ली, अहमदाबाद, मुंबई और हैदराबाद में कई स्थानों पर छापेमारी की गई। धन शोधन की जांच दिल्ली सरकार की भ्रष्टाचार निरोधक शाखा (एसीबी) की एक प्राथमिकी पर आधारित है, जो यूरोटेक एनवायरनमेंटल प्राइवेट लिमिटेड नामक कंपनी और अन्य के खिलाफ दर्ज की गई है। प्राथमिकी में आरोप लगाया गया है कि 10 एसटीपी के विस्तार और उन्नयन के नाम पर डीजेबी में घोटाला किया गया। इस कार्य से जुड़ी चार निविदा अक्टूबर, 2022 में कई संयुक्त उद्यम कंपनियों को दी गई थीं। ईडी के अनुसार, एसीबी द्वारा दर्ज प्राथमिकी में आरोप लगाया गया है कि चार निविदाओं के लिए केवल तीन संयुक्त उद्यम कंपनियों ने भाग लिया था। ईडी के मुताबिक, दो संयुक्त उद्यमों को एक-एक निविदा मिली जबकि एक संयुक्त उद्यम ने दो निविदा हासिल कीं और तीनों संयुक्त उद्यमों ने चार एसटीपी निविदा में आपसी सहमति से भाग लिया ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि प्रत्येक को निविदा मिल सके। प्राथमिकी में आरोप लगाया गया है कि निविदा की शर्तों को कुछ इस तरह बनाया गया था ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कुछ चुनिंदा कंपनियां चार बोलियों में भाग ले सकें। केंद्रीय एजेंसी के अनुसार, "शुरू में तैयार किया गया लागत अनुमान 1,546 करोड़ रुपये था, लेकिन निविदा प्रक्रिया के दौरान इसे संशोधित कर 1,943 करोड़ रुपये कर दिया गया। प्राथमिकी में यह भी आरोप लगाया गया है कि तीनों संयुक्त उद्यमों को बढ़ी हुई दरों पर ठेके दिए गए, जिससे सरकारी खजाने को काफी नुकसान हुआ।

## अब आप नेताओं ने अदालत पर भी शक करना कर दिया है शुरू : सचदेवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



अब तक आप नेता केंद्र सरकार, उपराज्यपाल और दिल्ली के लोगों को लोकसभा चुनावों में आप को हराने के लिए गालियां दे रहे थे और मीडिया पर उनके खिलाफ पक्षपाती होने का आरोप लगा रहे थे, लेकिन अब उन्होंने अदालत पर भी शक करना शुरू कर दिया है। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने शुक्रवार को आम आदमी पार्टी पर निशाना साधते हुए उक्त आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी एक असंतुष्ट पार्टी है, अब तक आप नेता केंद्र सरकार, दिल्ली के उपराज्यपाल, मीडिया, दिल्ली के लोगों से विभिन्न कारणों से असंतुष्ट थे, लेकिन अब वे न्यायपालिका से भी असंतुष्ट दिख रहे हैं। शुक्रवार को केजरीवाल दिल्ली हाईकोट में जमानत के लिए गए लेकिन अदालत ने उन्हें कोई त्वरित राहत नहीं दी और अगली सुनवाई की तारीख 17 जुलाई तय की और यहां तक कि केजरीवाल के वकील से पूछा कि उन्होंने निचली अदालत का दरवाजा क्यों नहीं खटखटाया।

### खबरों में बने रहना चाहते हैं केजरीवाल

सचदेवा ने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को किसी न किसी कारण से खबरों में बने रहने की आदत है और अब जब वह जेल में हैं, तो वह बार-बार जमानत याचिका दायर कर रहे हैं, यह जानते हुए भी कि अदालत कोई त्वरित राहत नहीं देगी, सिर्फ खबरों में बने रहने के लिए। सचदेवा ने कहा कि यदि कोई अदालत उनके पक्ष में आदेश पारित करती है, तो कोई भी प्राधिकरण उस आदेश के खिलाफ अपील नहीं कर सकता है, लेकिन वे अपने पास भारत के सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ भी अपील करने या यहां तक कि राजनीतिक टिप्पणी करने का अधिकार भी सुरक्षित रखते हैं। सचदेवा ने कहा कि आप नेतृत्व की निराशा इतनी बढ़ गई है कि अब वे न्यायपालिका के निर्णयों के बारे में पत्र लिखने का अभियान तक चला रहे हैं।

### जीटीबी एंक्लेव में हादसा

## टेंपो से कुचलकर बाइक सवार की मौत, चालक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



शाहदरा जिले के जीटीबी एंक्लेव थाना इलाके में एक टेंपो ने बाइक सवार को कुचल दिया। मौके पर ही बाइक सवार की मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी टैंपो चालक को अरेस्ट कर लिया है। उसका नाम सद्दाम बताया गया है। आरोपी चालक लोनी, गाजियाबाद का रहने वाला है।

पुलिस के अनुसार शुक्रवार को हादसे के संबंध जीटीबी एन्क्लेव पुलिस को एक पीसीआर कॉल प्राप्त हुई थी। मौके पर पहुंचने पर पता चला कि यूपी नंबर की बाइक को एचआर नंबर टाटा टेंपो ने टक्कर मारी है। बाइक चला रहे व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान निशांत (25) पुत्र हुब्बलाल निवासी लाजपत नगर, साहिबाबाद, गाजियाबाद के रूप में हुई। आरोपी टेंपो चालक भी मौके पर मिला। उसे पकड़ लिया गया। आरोपी चालक सद्दाम की उम्र भी 27 वर्ष है।

## सड़क हादसे में मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव की मौत

एजेंसी ⏭ नोएडा

नोएडा में सड़क हादसे में एक मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव की मौत हो गई। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि घटना शुक्रवार सुबह कनावनी गांव के पास उस वक्त हुई जब अंकित शर्मा (38) मोटरसाइकिल पर सवार होकर छिजारसी से इंदिरापुरम की ओर जा रहा था। सेक्टर-39 पुलिस थाने के प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि एक अज्ञात वाहन ने शर्मा की मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उन्होंने बताया कि उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

**पहचान की अपील**



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक मृतक महिला जिसका **नाम** : नामालूम, **पुत्री** : नामालूम, **पता**: नामालूम, **उम्र** : लगभग 25–30 साल, **कद** : 5 फुट 2 इंच, **रंग** : गोरा, **पहनावा** : ग्रे कलर का टी–शर्ट और प्रिटेंड पैजामा और दाहिने हाथ में लाल रंग का धागा और कानों में काले रंग की बाली पहने हुए। हैदरपुर वाटर ट्रिटमेंट प्लांट के मुनक नहर समयपुर बादली, दिल्ली में मृत मिली। इस संदर्भ में **डीडी नं. 113ए, समय 10:41 बजे दिनांक 23.06.2024** थाना समयपुर बादली, दिल्ली में दर्ज है।

पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी अब तक इस मृतक महिला के बारे में कोई जानकारी या सुराग नहीं मिल पाया है।

यदि किसी भी व्यक्ति को इस मृतक महिला/सम्बंधियों के बारे कोई जानकारी या सुराग मिले तो अधोहस्ताक्षरी को निम्नलिखित पते पर सूचित करने की कृपा करें।

**थानाध्यक्ष**
**थाना : समयपुर बादली, दिल्ली**
फोन: **011-21710052, 9711469681 7065036326**

DP/8699/ON/2024

### दिनदहाड़े बुजुर्ग महिला को बंधक बनाकर की थी लूटपाट, दो धरे

**नई दिल्ली।** शाहदरा जिले की स्पेशल स्टाफ टीम ने विवेक विहार थानाक्षेत्र में एक बुजुर्ग महिला के साथ दिनदहाड़े हुई लूटपाट के केस को सुलझा लिया है। बदमाशों के नाम प्रथम कुमार और रूपेन्दर उर्फ रूपक हैं। दोनों शाहदरा के ही रहने वाले हैं। बदमाश पेंटर बनकर घर में घुसे थे। डीसीपी सुरेंद्र चौधरी के अनुसार तीन जुलाई की दोपहर वारदात अंजाम दी गई थी। 62 वर्षीय मंजू शर्मा मुकेश नगर, शाहदरा में रहती हैं। उन्होंने बताया कि दो लड़के उनके घर आए और कहा कि वह बलग के घर में पेंटिंग कर रहे थे। उसकी छत पर ब्रुश गिर गया है। उन्होंने दरवाजा खोला, तो लड़के पीछे पीछे पहली मंजिल पर पहुंच गए। इसके बाद महिला का मुंह बंद कर दिया और उसकी सोने की बालियां (कुंडल) लूट लिये। घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज का सूक्ष्मता से विश्लेषण किया गया। आरोपी व्यक्तियों का रूट मैप तैयार किया कर उन्हें दबोचा गया। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने खुलासा किया कि वे नशे के आदी हैं और उन्हें ड्रग्स खरीदने के लिए पैसों की सख्त जरूरत थी।

## युवक की सिर पर वार कर हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

पुरानी दिल्ली इलाके में एक युवक की सिर पर वार कर हत्या कर दी गई। मृतक का नाम गौरव ठाकुर (34) बताया गया है। शव कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिये भेजा गया है। पुलिस का कहना है कि आरोपी की पहचान कर ली गई है। कहासुनी के बाद हत्या की गई है। आरोपी को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। कोतवाली थाने में हत्या का केस दर्ज किया गया है।

डीसीपी नॉर्थ मनोज कुमार मीणा के अनुसार शुक्रवार सुबह लगभग 7:00 बजे दंगल मैदान पार्किंग, पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन से पीसीआर कॉल की गई थी। कॉलर ने बोला कि मेरे रिश्तेदार का किसी ने मर्डर कर दिया है। उसके सिर से खून निकल रहा है। कोतवाली थाने की पुलिस मौके पर पहुंची, जहां एक युवक का शव चारपाई पर पड़ा हुआ मिला। उसकी पहचान गौरव ठाकुर निवासी एम 9, बाग दीवार, फतेहपुरी, चांदनी चौक के रूप में हुई। पता चला कि वह एसपी मार्ग और उसके आसपास के इलाके में रेहड़ियों व दुकानों को पानी सप्लाई करता था। बारीकी से जांच करने पर मृतक की गर्दन के पीछे गहरा घाव पाया गया। धारा 103 बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है। घटनास्थल की फोरेंसिक जांच करायी गई है। वहीं सूत्रों से पता चला कि मृतक अपने किसी दोस्त के साथ पार्टी कर रहा था। उसी दौरान कहासुनी में यह वारदात अंजाम दी गई।

## हत्या केस का फरार आरोपी चढ़ा क्राइम ब्रांच के हत्थे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- आरोपी पहले भी मर्डर और लूट के दो मामलों में रहा है शामिल

सराय रोहिल्ला में रवि यादव नाम के शख्स की हत्या के मामले में वांटेड अजय कुमार को क्राइम ब्रांच ने गिरफ्तार किया है। आरोपी का नाम अजय कुमार उर्फ छोटू गोलू (24) निवासी राखी मार्केट, जखीरा है। वारदात में शामिल आठ अन्य आरोपियों को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। आरोपी हत्या व लूट के दो मामलों में पहले भी शामिल रह चुका है।

डीसीपी सतीश कुमार के मुताबिक थाना सराय रोहिल्ला में 9 मई को सनसनीखेज हत्या का मामला सामने आया था। हत्या का केस मृतक रवि यादव की पत्नी सावित्री के बयान पर दर्ज किया गया था। सावित्री ने बयान दिया था कि उसके पति की हत्या कृष्ण निवासी जखीरा ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर की है। कृष्ण चार साल पहले आनंद पर्वत इलाके में दर्ज राजन नामक युवक की हत्या के मामले में मुख्य आरोपी था। वह केस रवि के बयान पर दर्ज हुआ था। इसी वजह से कृष्ण की रवि यादव से दुश्मनी थी और वह बदला लेने के लिए घूम रहा था। आरोपी कृष्ण के इशारे पर ही अजय, राहुल, शिवम, आदिल, पिचा, आकाश, अजीत, इकबाल ने मिलकर रवि यादव की बेरहमी से चाकुओं से गोदकर हत्या की थी। रवि यादव को सौ से ज्यादा बार चाकू मारे गये थे। अजय को जेजे कॉलोनी, सावदा, दिल्ली के पास से दबोचा गया।

### चापड़ के बल पर बच्चों को बनाया था बंधक

# कार सवार भाई-बहन के अपहरण और 50 लाख की फिरौती मांगने का आरोपी दबोचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



**पुलिस ने दिल्ली की सड़कों पर 200 किमी तक किया था बदमाश का पीछा**

शकरपुर इलाके में 28 जून की रात फरीदाबाद के कारोबारी के दो बच्चों का अपहरण करने वाले बदमाश को पूर्वी जिला पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी प्रतीक श्रीवास्तव (38) को मंडावली इलाके से पकड़ा गया।

पूछताछ में इसने बताया कि वह बेरोजगार था और उसे रुपयों की सख्त जरूरत थी। इसलिए उसने वारदात को अंजाम दिया।डीसीपी अपूर्वा गुप्ता के अनुसार 28 जून को फरीदाबाद के कारोबारी परिवार संग कार से दिल्ली घूमने आए थे। उनके साथ उनकी पत्नी, दो वर्ष का बेटा और 11 साल की बेटी थी। कारोबारी की बेटी ने काजू कतली खाने की इच्छा जाहिर की थी। बच्चों को गर्मी न लगे इसलिये दंपति ने बच्चों को कार में छोड़ दिया था। कार स्टार्ट मोड में थी। इसके बाद दंपति दुकान में अंदर चले गए थे। बच्चों के पास उनकी मां का फोन था। इस बीच एक बदमाश कार में घुसा। चापड़ के बल पर बच्चों को बंधक बनाकर उनका अपहरण करके ले गया। इसके बाद बच्चों की मां के ही फोन से उसने 50 लाख रुपये फिरौती की डिमांड की थी। पुलिस ने दिल्ली की सड़कों पर 200 किलोमीटर तक बदमाश का पीछा किया था। पकड़े जाने के डर से बदमाश बच्चों को कार में ही समयपुर बादली के पास छोड़कर भाग गया था।

आरोपी प्रतीक श्रीवास्तव शिव मंदिर रोड, मंडावली का रहने वाला है। 10वीं कक्षा तक पढ़ाई की है। वह एसी मैकेनिक के रूप में काम करता था। उसके पहले वह ओला और उबर में कैब ड्राइवर रह चुका है। इसने स्विगी और जोमैटो में भी काम किया है। वह दिल्ली की भौगोलिक स्थिति से अच्छी तरह वाकिफ था।



# देर से आरसी देने वाले डीलरों के खिलाफ हो सख्त कार्रवाई : गहलोत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

वाहन खरीदने वालों को वाहन पंजीकरण प्रमाणपत्र (आरसी) प्रदान करने में देरी करने वाले डीलरों को दिल्ली सरकार ने शिंकजा कंस दिया है। परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि वाहन खरीददारों को आरसी प्रदान करने में देरी करने वाले डीलरों पर सख्त कार्रवाई की जाए। दिल्ली सरकार के आदेश के बावजूद वाहन पंजीकरण प्रमाणपत्र में देरी के बढ़ते मामलों को देखते हुए परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने परिवहन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक बैठक कर उन्हें ट्रेड लाइसेंस निलंबित करने सहित अनुपालन न करने वाले डीलरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

गहलोत ने कहा कि यह अस्वीकार्य है कि वाहन खरीदारों को अपने वाहन के पंजीकरण प्रमाणपत्र प्राप्त करने में देरी का सामना करना पड़ रहा है। दिल्ली सरकार ने वाहन खरीददारों को डीलरों द्वारा हाथों-हाथ वाहन पंजीकरण जारी करने का प्रावधान किया है। हम इस आदेश का पालन नहीं करने वाले डीलरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेंगे। गौरतलब है कि दिल्ली सरकार ने मार्च 2021 में डीलरों द्वारा आरसी छपाई और हाथों हाथ आरसी प्रदान करने की सुविधा शुरू की थी। इसके तहत पहली आरसी 17 मार्च 2021 को जारी की गई थी। सितंबर 2021 तक दिल्ली के सभी स्व-पंजीकरण डीलरों को आरसी प्रिंट करने का अधिकार दिया गया था। लंबे समय तक इंतजार करने और खरीदारों को आरटीओ जाने की आवश्यकता को खत्म करने, परेशानी मुक्त वाहन पंजीकरण सुनिश्चित करने के लिए केजरीवाल सरकार द्वारा डीलर प्वाइंट पर हाथों हाथ आरसी प्रिंटिंग सुविधा शुरू की गई थी। वाहन डिलीवरी के समय गैर-परिवहन (निजी) वाहनों के लिए पंजीकरण प्रमाणपत्र (आरसी) जारी करने के लिए दिल्ली में डीलरों को स्व-पंजीकरण की सुविधा प्रदान की गई थी।

■ दिल्ली सरकार ने 2021 में हाथों-हाथ आरसी सेवाएं की थी शुरू



### मंत्री कैलाश गहलोत ने आ रही है शिकायतों पर लिया एक्शन

मंत्री कैलाश गहलोत ने कहा कि कई मामलों में डीलर द्वारा वाहन डिलीवरी के बाद आरसी प्रदान करने में 2 से 3 सप्ताह की देरी और कुछ मामलों में एक महीने से अधिक की देरी की शिकायत प्राप्त हुई है। इसको देखते हुए डीलरों के खिलाफ सख्त कदम उठाने का आदेश दिया है। सभी वाहन डीलरों को यह सुनिश्चित करना होगा कि डिलीवरी के दिन आरसी वाहन मालिकों को सौंप दी जाए।

### दिल्ली में सालाना लगभग 6 लाख नए वाहनों का होता है पंजीकरण

दिल्ली में 263 डीलर हैं जो अपने डीलर प्वाइंट पर आरसी प्रिंट करने के लिए अधिकृत हैं। दिल्ली में सालाना लगभग 6 लाख नए वाहनों का पंजीकरण होता है। डीलर प्वाइंट पर हाथों-हाथ आरसी या आरसी प्रिंटिंग की सुविधा, आरसी के लिए लंबे समय तक इंतजार और आरटीओ जाने की आवश्यकता को खत्म करने की दृष्टि से शुरू की गई थी।

## खबर संक्षेप

### संजय सिंह बने आम आदमी पार्टी संसदीय दल के अध्यक्ष

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह को पार्टी के संसदीय दल का



अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इसके साथ ही उन्हें राज्यसभा में पार्टी का नेता भी चुना गया है। इसकी जानकारी संजय सिंह ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर दी है। इस नई जिम्मेदारी के मिलने के बाद सांसद संजय सिंह ने ट्वीट कर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को धन्यवाद दिया है। उन्होंने लिखा है कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने हमेशा सड़क से सदन तक आवाज़ बुलंद करने का अवसर दिया। अरविंद केजरीवाल द्वारा पार्टी संसदीय दल के अध्यक्ष की जो ज़िम्मेदारी दी गई है, उसे पूरी निष्ठा से निभाऊंगा। अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी का अत्यंत आभार। इसके पहले भी राज्यसभा में सांसद संजय सिंह ने दल के नेता के रूप में अपने पहले कार्यकाल में जिम्मेदारी निभायी थी। दूसरी बार राज्यसभा के लिए निर्वाचित हुए सांसद संजय सिंह ने बीते 19 मार्च को उच्च सदन की सदस्यता की शपथ ली थी। वर्तमान में आप 10 सांसद सदस्यों के साथ राज्य सभा कि चौथी सबसे बड़ी पार्टीयों में से एक है। वही, इस बार लोकसभा में 3 सांसद निर्वाचित हुए है।

### निगम की समस्याओं का जल्द किया जाएगा समाधान : नाजिया

नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम पार्षदों की वार्ड की समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान किया जाएगा। दिल्ली नगर निगम में कांग्रेस दल की नेता व पार्षद नाज़िया शोएब दानिश ने शुक्रवार को नव नियुक्त निगमायुक्त अश्विनी कुमार के साथ मुलाकात के बाद यह जानकादी दी। उन्होंने कहा कि शुक्रवार को हमने अपने कांग्रेस के दिल्ली के सभी पार्षदों के साथ दिल्ली नगर निगम के नए आयुक्त अश्विनी कुमार से मुलाक़ात की। सभी पार्षदों के वार्ड में जो भी समस्याएं हैं, हमने आयुक्त के सामने रखीं और आयुक्त ने हमें आश्वासन दिया है सभी पार्षदों की वार्ड की समस्याओं को जल्द से जल्द समाधान किया जाएगा। लगातार हम अपनी पूरी कोशिश कर रहे है कि हमारे वार्ड के रुके हुए काम जल्द से जल्द पूरे हो सके।

## दिल्ली सरकार ने स्थापित किया बाढ़ नियंत्रण कक्ष

# 'बाढ़ की स्थिति में राहत और बचाव के लिए सभी विभाग रहे पूरी तरह तैयार'

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली सरकार ने शुक्रवार को मुख्य सचिव को निर्देश दिए है कि बाढ़ की स्थिति में राहत और बचाव के लिए सभी विभाग पूरी तरह तैयार रहें ताकि बाढ़ की किसी भी संभावित स्थिति में दिल्ली के लोगों को परेशानी न हो। गौरतलब है कि शुक्रवार को दिल्ली में बाढ़ नियंत्रण और राहत की तैयारियों को लेकर सिंचाई एवं बाढ़ विभाग मंत्री सौरभ भारद्वाज के साथ मंत्री आतिशी ने शीर्ष समिति की बैठक की। इस बैठक में दिल्ली में संभावित बाढ़ की स्थिति आने पर शहरी विकास विभाग, सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग, पीडब्ल्यूडी, एमसीडी और दिल्ली जल बोर्ड सहित सभी संबंधित विभागों को और एजेंसियों की तैयारियों की समीक्षा की गई। बैठक में विशेष तौर पर एनडीआरएफ के अधिकारी भी शामिल हुए, ताकि आने वाले दिनों में अगर उनकी जरूरत पड़ती है, तो तत्काल मदद ली जा सके। बैठक के बाद मंत्री सौरभ ने बताया कि राजस्व विभाग द्वारा एक केंद्रीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष भी बनाया गया है। जिसके ज़रिए हथनीकुंड बैराज से लेकर दिल्ली तक मौसम व बारिश की स्थिति और यमुना के फ्लो पर 24 घंटे नजर रखी जा रही है। अगर हथिनीकुंड से 1 लाख क्यूसेक से ज्यादा पानी छोड़ा जाता है, तभी बाढ़ की स्थिति बनेगी और बाढ़ की स्थिति बनती भी है तो दिल्ली सरकार पूरी तरह तैयार है। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि बाढ़ नियंत्रण कक्ष में दिल्ली नगर निगम, दिल्ली विकास प्राधिकरण और नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) सहित विभिन्न एजेंसियों के अधिकारी मौजूद रहेंगे। आतिशी ने कहा कि पिछले साल यमुना नदी का जलस्तर 70 साल में सबसे अधिक था। दिल्ली सरकार बाढ़ की किसी भी आशंका से निपटने के लिए कमर कस रही है। नियंत्रण कक्ष हथिनी कुंड बैराज के अधिकारियों के संपर्क में है, जहां से यमुना नदी में पानी आता है। भारद्वाज ने कहा कि नियंत्रण कक्ष हथिनी कुंड बैराज से पानी छोड़े जाने के मद्देनजर वास्तविक समय में आंकड़ों की निगरानी करेगा और यह पूरी तरह से कम्प्यूटरीकृत होगा। बैठक के उपरांत राजस्व मंत्री आतिशी ने कहा कि बीते 70 साल के इतिहास में दिल्ली में पिछले साल यमुना का जलस्तर अपने सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंचा था। 17 जुलाई 2023 को यमुना ख़तरे के निशान से काफ़ी ऊपर 208.66 मीटर पर पहुंच गई थी। इससे पहले 1978 में यमुना का जल स्तर 207.49 मीटर तक पहुंचा था। पिछले साल यमुना का जलस्तर बढ़ने के कारण दिल्ली के अंदर लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा था।



### बैठक में रखा गया सभी मशीनरी आदि का ब्यौरा

**नई दिल्ली।** राजस्व मंत्री आतिशी ने कहा कि इस बैठक में एनडीआरएफ़ के भी अधिकारी शामिल हुए। क्योंकि बाढ़ के दौरान राहत और बचाव कार्यों के लिए एनडीआरएफ़ भी राजस्व विभाग के साथ अपनी अहम भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित विभागों द्वारा राहत और बचाव कार्यों में इस्तेमाल होने वाले सभी मशीनरी जैसे मोटर बोट, लाइफ जैकेट आदि का ब्यौरा भी समिति के सामने रखा गया। आतिशी ने कहा कि हम उम्मीद करते हैं कि इस बार दिल्ली में बाढ़ की स्थिति पैदा न हो। लेकिन अगर बाढ़ आती भी है तो दिल्ली सरकार इससे निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है।

### इस बार आईटीओ बैराज के खुलवा दिए गए हैं सभी गेट

**नई दिल्ली।** दिल्ली के सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि पिछली बार हथिनीकुंड से ज्यादा पानी छोड़ा गया और आईटीओ बैराज के गेट नहीं खुले। इसके चलते बाढ़ की स्थिति बन गई थी। लेकिन इस बार आईटीओ बैराज के सभी गेट खुलवा दिए हैं और जो गेट नहीं खुले, उन्हें कटवा दिए गया है। फ्लड कंट्रोल ऑर्डर पहले ही जारी किया जा चुका है। बैठक में इस पर विस्तार से चर्चा

### छह जगहों पर जलभराव की शिकायत दर्ज

**नई दिल्ली।** दिल्ली में शुक्रवार को छह जगहों पर जलभराव की शिकायत दर्ज हुई है। लोक निर्माण विभाग के कंट्रोल रूम से मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार को रोहतक रोड और कुछ गलियों में हल्के जलभराव की 6 शिकायतें दर्ज हुई हैं। जिनके निस्तारण के लिए टीमें भेज दी गई हैं। एक अधिकारी ने बताया कि वहीं इस जलभराव की नहीं बल्कि सीवर रिसाव की शिकायतें भी दर्ज हो रही हैं। जिनको हम लोग दिल्ली जल बोर्ड को भेज देते हैं।

### पांच हजार शिक्षकों का तत्काल रोका जाए ट्रांसफर : गोपाल राय

हरिभूमि न्यूज, नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) के दिल्ली के प्रदेश संयोजक गोपाल ने शुक्रवार को भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा अपने एलजी के जरिए 'काम रोको अभियान के तहत अब दिल्ली के शानदार शिक्षा मॉडल को बर्बाद करने में जुट गई है। भाजपा का 'काम रोको' अभियान का सबसे खतरनाक चेहरा केजरीवाल सरकार के स्कूलों के 5 हजार शिक्षकों का मनमाना ट्रांसफर कराने में सामने आया है। भाजपा और उसकी केंद्र सरकार के एलजी के दबाव में अधिकारियों द्वारा लिया गया यह फ़ैसला बच्चों के पैरेंट्स और शिक्षक संगठनों को कतई मंजूर नहीं है। यह फैसला शिक्षा मंत्री आतिशी की मर्जी के खिलाफ जाकर लिया है। इसका मकसद केवल भ्रष्टाचार करना है। भाजपा व एलजी से अनुरोध है कि बड़ी मेहनत के बाद दिल्ली की शिक्षा व्यवस्था सुधरी है और आज दिल्ली के शिक्षा मॉडल की चर्चा चारों तरफ हो रही है। इसलिए बच्चों के भविष्य पर चोट मत पहुंचाएं। इस तबादले को तुरंत रोका जाए और दोषियों पर कार्रवाई की जाए।

# केजरीवाल ने दी थी छतरपुर के पास पेड़ गिराने को मंजूरी : सचदेवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

सीएम अरविंद केजरीवाल ने स्वयं छतरपुर के पास पेड़ गिराने को मंजूरी दी और सिफारिश की थी। पेड़ गिराने के मामले की सच्चाई सामने आने के साथ ही पूरी आम आदमी पार्टी झूठों की पार्टी के रूप में बेनकाब हो गई है। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने प्रदेश कार्यालय में आयोजित एक प्रेसवार्ता के दौरान पेड़ कटाई से संबंधित दस्तावेज सार्वजनिक करते हुए आप मंत्रियों पर निशाना साधते हुए यह बातें कही। इस दौरान सचदेवा ने कहा कि सौरभ भारद्वाज, गोपाल राय और सभी मंत्री



जिन्होंने उपराज्यपाल पर आरोप लगाए हैं, उनके पास अब मंत्री बने रहने का कोई नैतिक अधिकार नहीं बचा है और उन्हें तुरंत इस्तीफा देना चाहिए। सचदेवा ने छतरपुर के पेड़ गिराने के मामले से संबंधित फाइल के दस्तावेज प्रस्तुत किए और कहा कि सीएम अरविंद केजरीवाल द्वारा 24 जनवरी 2024 को हस्ताक्षरित फाइल दस्तावेज स्पष्ट रूप से दिखाता है कि मुख्यमंत्री ने न केवल पेड़ गिराने को मंजूरी दी, बल्कि यह भी कहा कि इस मामले में उपराज्यपाल मुख्यमंत्री और कैबिनेट की सलाह का पालन करने के लिए बाध्य हैं। इस प्रकार, उपराज्यपाल वी.के. सक्सेना के पास मंजूरी देने से इनकार करने की कोई गुंजाइश नहीं बची। वहीं, दिल्ली भाजपा मीडिया प्रमुख प्रवीण शंकर कपूर ने प्रेस वार्ता का संचालन किया और कहा कि आज आप के मंत्री पहले दर्जे के झूठे के रूप में बेनकाब हो गए हैं। विक्रम मित्तल भी उपस्थित थे।

### 'राय ने 23 और केजरीवाल ने 24 जनवरी को फाइल पर किए हस्ताक्षर'

सचदेवा ने कहा कि पिछले दो सप्ताह से दिल्ली के मंत्री सौरभ भारद्वाज, गोपाल राय और आप के अन्य नेता लगातार प्रेस वार्ता के माध्यम से मीडिया में यह बात उठा रहे थे कि उपराज्यपाल के दबाव में डीडीए ने पेड़ गिराने की अनुमति दी। आश्चर्यजनक रूप से, दिल्ली भाजपा द्वारा किसी प्रकार से प्राप्त दस्तावेज स्पष्ट रूप से दिखाता है कि मुख्यमंत्री केजरीवाल और पर्यावरण मंत्री गोपाल राय हमेशा पेड़ गिराने के मामले के बारे में जानते थे और उन्होंने ही पेड़ गिराने की सिफारिश की थी। गोपाल राय ने 23 जनवरी को फाइल पर हस्ताक्षर किए जबकि सीएम केजरीवाल ने 24 जनवरी को हस्ताक्षर किए।

# नए राशन कार्ड के आवेदन की प्रक्रिया में तेजी लाई जाए : इमरान

## खाद्य-आपूर्ति मंत्री ने की एनएफएसए व पोर्टेबिलिटी स्कीम के तहत मिल रहे मुफ्त राशन वितरण की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली के खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री इमरान हुसैन ने शुक्रवार को दिल्ली में नए राशन कार्ड के आवेदन की प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए विभाग को निर्देश दिए हैं। गौरतलब है कि मंत्री इमरान हुसैन ने यह निर्देश शुक्रवार को विशेष आयुक्त (एफ एंड एस) और सहायक आयुक्तों (एसी) के साथ राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम



(एनएफएसए) और वन नेशन वन राशन कार्ड (ओएनओआरसी) योजना के तहत मुफ्त राशन वितरण की समीक्षा बैठक में दिए। वहीं उन्होंने बैठक में दिल्ली में पोर्टेबिलिटी योजना के माध्यम से राशन के वितरण की भी विस्तृत जानकारी ली। बैठक दौरान मंत्री इमरान हुसैन ने खाद्य आपूर्ति विभाग को नए राशन कार्ड के आवेदन की प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए, ताकि अधिक से अधिक जरूरतमंद लाभार्थी एनएफएसए योजना का लाभ उठा सकें। मंत्री इमरान हुसैन ने यह भी निर्देश दिए कि यदि राशन कार्ड निष्क्रिय है और लाभार्थी मौजूद नहीं है या दिल्ली छोड़ चुका है, तो ऐसे कार्ड को निष्क्रिय कर दिया जाए और नए राशन कार्ड आवेदनों को फर्स्ट इन फर्स्ट आउट (फीफो) मोड के आधार पर जल्द प्रोसेस करें जिससे अधिक पात्र लाभार्थियों को मुक्त राशन का लाभ मिल सके। वर्तमान में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत केंद्र सरकार द्वारा दिल्ली के लिए राशन लाभार्थियों की सीमा लगभग 72 लाख तय की गई है।

### यमुना की सफाई के लिए डीजेबी सहयोगी संस्था के सहयोग से चला रहा जागरूक अभियान

**नई दिल्ली।** दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) एक बार फिर जोर शोर से यमुना नदी की सफाई को लेकर अभियान चलाने का दावा कर रहा है। इसी कड़ी में डीजेबी ने अपनी सहयोगी संस्था हरियाली सेंटर फॉर रूरल डेवलपमेंट के सहयोग से पूर्वी दिल्ली के कड़कड़डूमा गांव में एक जागरूकता बैठक का आयोजन किया। बैठक में संस्था के कार्यकर्ताओं ने सेल्फ हेल्प ग्रुप के साथ मीटिंग में महिलाओं को जागरूक किया। कार्यक्रम के दौरान संस्था की महिला कार्यकर्ताओं ने डीजेबी के दिशा निर्देश के अनुसार महिलाओं को यमुना संरक्षण के बारे में विस्तार से जानकारी दी। महिलाओं को बताया गया कि यमुना नदी को साफ सुथरा रखने में महिलाएं सबसे अहम भूमिका निभा सकती है। कैसे महिलाएं अपने परिवार को यमुना में गंदगी न फेंकने के लिए प्रेरित करके उसे गंदी होने से बचा सकती है। संस्था ने डीजेबी की तरफ से दी गई प्रचार सामग्री आदि महिलाओं को वितरित की और यमुना को बचाने का संकल्प लिया।

### कांग्रेस की मासिक जिला कमेटी बैठक पहली बार हुई आयोजित


नई दिल्ली। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी की नई पहल के तहत शुक्रवार को पहली बार सभी 14 जिला कांग्रेस कमेटियों ने अपनी पहली मासिक बैठक का आयोजन किया। पहली बार शुरू हुई इस तरह की बैठक को लेकर जहां जिला व ब्लाक अध्यक्ष में जोश है वहीं, कार्यकर्ताओं में खुशी देखने को मिल रही है। कार्यकर्ता इसलिए खुश है कि लंबे समय बाद किसी प्रदेश अध्यक्ष ने इस तरह की पहल की है जिससे कांग्रेस में एक नई जान देखने को मिलेगी। जानकारी अनुसार इन बैठकों में संबंधित जिला से जुड़े पूर्व सांसद, पूर्व विधायक, पार्षद, पूर्व पार्षद, सभी ब्लॉक अध्यक्ष, ब्लॉक पदाधिकारी, वरिष्ठ नेता, जिला अंतर्गत सभी फ्रंटल इकाइयों के पदाधिकारी व स्थानीय लोग शामिल हुए। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष ने की जबकि नवनियुक्त जिला आब्जर्वर की देख रेख में बैठक की कार्रवाई चलाई गई। करावल नगर जिला में हुई बैठक में अध्यक्ष आदेश भारद्वाज ने कहा कि यह नई पहल आने वाले विधानसभा चुनावों में कांग्रेस को पुन स्थापित करने वाली साबित होगी। उन्होंने सभी से आह्वान किया कि अब हमारा एक ही लक्ष्य है विधानसभा चुनाव और उसमें कांग्रेस की जीत तय करना। जिला किराड़ी कांग्रेस की बैठक में अध्यक्ष पूर्व विधायक सुरेंद्र कुमार ने कहा कि हर माह में ब्लाक व जिला की अलग अलग बैठक का फैसला बहुत अच्छा है।

## सदन बैठकों में हंगामे के चलते नहीं बन रहे सकारात्मक हालात

# दिल्ली : 2024, 2025 और 2026 तक खत्म नहीं होंगे कूड़े के तीनों पहाड़

दया राम ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के वर्तमान हालातों को देखते हुए दिल्ली के कूड़े के तीनों पहाड़ों (लैंडफिल साइट-ओखला, भलस्वा और गाजीपुर) को निर्धारित समय यानि वर्ष 2024, 2025 और 2026 तक खत्म करना आसान नहीं है। भले ही यह आम आदमी पार्टी (आप) शासित महापौर डॉ. शैली ओबरॉय उक्त तिथियों पर खत्म करने का दावा करें। वहीं, एमसीडी प्रशासन ने कहा कि यह कूड़े के पहाड़ खत्म तो हो सकते हैं लेकिन इसमें दो शर्ते हैं। जिसमें पहली, निगम की वैधानिक समिति का गठन होना है और दूसरी, साइटों पर नया कूड़ा आना बंद होना चाहिए। देखा जाए तो निगम की सदन बैठकों में जिस प्रकार के हालात व हंगामा हो रहा है, उससे लग नहीं रहा है कि वैधानिक समिति का गठन जल्द हो सकता है। और तीनों कूड़े के पहाड़ अपनी निर्धारित समय सीमा पर खत्म हो सकते हैं। बता दें कि इन दिनों तीनों लैंडफिल साइटों पर कुल 58 ट्रोमल मशीनें हैं, जो कूड़े और मलबे को संशोधित करती हैं जिसमें ओखला लैंडफिल साइट पर 11, भलस्वा लैंडफिल साइट पर 22 और गाजीपुर लैंडफिल साइट पर 25 ट्रोमल मशीनें हैं।



निगम प्रशासन से मिले लैंडफिल साइटों के आंकड़ों की बात की जाए तो तीनों लैंडफिल साइट पर जुलाई 2019 में मौजूद विरासत अपशिष्ट की कुल मात्रा 280 (लाख मीट्रिक टन) है जिसमें ओखला में 60, भलस्वा में 80 और गाजीपुर में 140 लाख मीट्रिक टन कूड़ा हैं। वहीं, 3 जुलाई 2024 तक संशोधित विरासत अपशिष्ट (पुराना कूड़ा) की मात्रा 142.08 लाख मीट्रिक टन है। जिसमें ओखला में 46.76, भलस्वा में 69.04 और गाजीपुर में 26.28 लाख मीट्रिक टन हैं। निगम प्रशासन के अनुसार जून 2022 में ड्रोन के माध्यम से वॉल्यूमेट्रिक मूल्यांकन के आधार पर कुल अपशिष्ट ( पुराना और नया कूड़ा) 203 लाख मीट्रिक टन बताया गया है। जिसमें ओखला मे 45, भलस्वा में 73 और गाजीपुर 85 लाख मीट्रिक टन है। जुलाई 2022 से 3 जुलाई 2024 तक के बीच ताजा कूडा, मलबा, गाद की बात की जाए तो यह कुल 45.90 लाख मीट्रिक टन हैं। जिसमें ओखला में 13.58, भलस्वा में 19.66 और गाजीपुर 12.66 लाख मीट्रिक टन हैं। जुलाई 2022 से 3 जुलाई 2024 तक पुराना जैव-खनन, अपशिष्ट की कुल मात्रा 88.51 लाख मीट्रिक टन बताई है। जिसमें ओखला में 28.59, भलस्वा में 44.65 और गाजीपुर में 15.27 लाख मीट्रिक टन हैं। इस वर्ष 3 जुलाई तक के मिले आंकड़ों के अनुसार तीनों लैंडफिल साइटों पर कुल 160.39 लाख मीट्रिक टन कूड़ा है। जिसमें ओखला में 29.99, भलस्वा में 48.01 और गाजीपुर में 82.39 लाख मीट्रिक टन हैं।



इलेक्ट्रोप्लेटिंग प्लांट के आवेदकों का मामला निपटाने के निर्देश

# वित्त मंत्री दलाल ने परिवाद समिति की बैठक में 12 परिवादों का किया समाधान




हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

एचएसवीपी के कन्वेंशन हॉल में आयोजित जिला लोक संपर्क एवं परिवाद समिति की मासिक बैठक में हरियाणा के वित्त मंत्री जय प्रकाश दलाल ने 16 में से 12 शिकायतों का मौके पर ही समाधान किया। शेष शिकायतों को आगामी बैठक के लिए लंबित रखते हुए उन्होंने समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान उपायुक्त विक्रम सिंह ने प्राप्त दिशा-निर्देशों की पूर्ण अनुपालना का भरोसा देते हुए कहा कि शेष शिकायतों का समाधान भी समयबद्धता के साथ करवाया जाएगा। वित्त मंत्री की अध्यक्षता में जिला लोक संपर्क एवं परिवाद समिति की मासिक बैठक में सेक्टर-29 के रविंद्र कुमार ने इलेक्ट्रोप्लेटिंग जोन सेक्टर-58 में प्लाट के लिए आवेदन किया था, जिसकी सुनवाई करते हुए वित्त मंत्री ने कड़े निर्देश दिए कि आगामी बैठक तक समाधान करवायें अन्यथा संबंधित अधिकारियों के निलंबन की कार्रवाई की जाएगी।

### चोरी के मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग

गांव अनंगपुर भूड कॉलोनी के श्याम ने घर में हुई चोरी के मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की, जिस पर एसीपी क्राइम ने जानकारी दी कि इस मामले में दो आरोपियों की गिरफ्तारी की जा चुकी है जबकि एक अन्य आरोपी को भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इस मामले में वित्त मंत्री जय प्रकाश दलाल ने पुलिस को निर्देश दिए कि सभी आरोपियों को गिरफ्तार किया जाए और पीड़ित को न्याय दिलायें। सदर अपार्टमेंट्स मूयर विहार नई दिल्ली के नरेश कुमार जैन ने पीयूष हाइट्स सेक्टर .89 में फ्लैट तथा आवश्यक सुविधाओं संबंधी शिकायत प्रस्तुत की, जिस पर वित्त मंत्री ने कड़ा संज्ञान लेते हुए जिला नगर योजनाकार को निर्देश दिए कि संबंधित बिल्डर की सभी फाइलों को तुरंत रोकते हुए हर संभव कार्रवाई करें।

### निजी अस्पताल के खिलाफ शिकायत

पृथला के ईश्वर सिंह ने उनकी बच्ची का सही प्रकार से उपचार ने किए जाने का आरोप लगाते हुए निजी अस्पताल के खिलाफ शिकायत प्रस्तुत की, जिसकी सुनवाई करते हुए वित्त मंत्री ने पुलिस को कार्रवाई करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने सिविल सर्जन को निर्देश दिए कि वे अस्पताल द्वारा किये गये उपचार की जांच करेंगे कि सही था या नहीं। मादलपुर के राजेंद्र सिंह ने काम करते समय मशीन में हाथ आने से अंगुलियां कट जाने की दरखास्त देते हुए मुआवजे की मांग की, जिस पर वित्त मंत्री ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए औद्योगिक इकाइयों में मशीनों में सेंसर की जांच कर रिपोर्ट प्रेषित करें। जबकि इस मामले के शिकायतकर्ता बैठक में शामिल नहीं हो सके थे। उन्होंने किलोकरी के नरेंद्र की अवैध कब्जा हटवाने की शिकायत पर तुरंत कार्रवाई के निर्देश दिए। मादलपुर के नजबुद्दीन ने गांव में बगैर मान्यता के स्कूल चलाए जाने की शिकायत प्रस्तुत कीए जिस पर वित्त मंत्री जय प्रकाश दलाल ने जिला शिक्षा अधिकारी को जांच सौंपते हुए उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

# पर्चियां निकली और निगम कार्यकारिणी से बाहर हो गए उपाध्यक्ष समेत 6 सदस्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद



नगर निगम की 12 सदस्यीय कार्यकारिणी के छह सदस्यों का कार्यकाल पूरा होने पर छह सदस्य कार्यकारिणी से बाहर हो गए। इसके लिए निगम सभागार में हुई बैठक के दौरान 6 सदस्यों के नाम की पर्ची निकलने के लिए लॉटरी प्रक्रिया अपनाई गई। बाकायदा एक बाक्स में सभी 12 सदस्यों के नामों की पर्ची बाक्स में डाली गई। जो सदस्य कार्यकारिणी से बाहर हुए हैं उनमें उपाध्यक्ष राजीव शर्मा के अलावा राजकुमार सिंह, गौरव सौलंकी, धीरेंद्र यादव आदिल मलिक तथा रेखा गोस्वामी हैं। अब निगम सदन की बैठक के दौरान न केवल छह नए सदस्यों का निगम कार्यकारिणी के लिए चुनाव होगा बल्कि नए सिरे से निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष पद पर भी चुनाव होगा। निगमकार्यकारिणी के लिए सदस्यों का दो साल के लिए चयन होता है, लेकिन निगम में ऐसी परंपरा चली आ रही है कि शुरुआत में सदस्यों का एक साल का कार्यकाल होने पर चुनाव की व्यवस्था है।

# रग्बी, फुटबॉल मैच, सिंगर कंसर्ट की टिकट बुकिंग के नाम पर ठगी, काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम



साइबर क्राइम ईस्ट पुलिस ने टिकट बुकिंग के नाम पर विदेशियों से ठगी करने वाले कॉल सेंटर का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने कॉल सेंटर संचालक सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपी रग्बी, फुटबॉल मैच, सिंगर कंसर्ट की टिकट बुकिंग के नाम पर विदेशी लोगों से ठगी करने की वारदात को अंजाम देते थे। पुलिस ने कॉल सेंटर से जालसाजी में प्रयोग किए जाने वाले 4 लैपटॉप, 4 हेडफोन व 1 चार्जर बरामद कर केस दर्ज कर लिया और जांच शुरू कर दी।

साइबर क्राइम ईस्ट थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सवित कुमार को सूचना मिली कि सेक्टर-55 के एक मकान में अवैध, फर्जी तरीके से कॉल सेंटर चलाकर रग्बी मैच, फुटबॉल मैच, सिंगर कंसर्ट टिकट बुकिंग के नाम पर ठगी की जा रही है। एसीपी साइबर क्राइम प्रियांशु दीवान के निर्देशन में टीम गठित कर कॉल सेंटर पर रेड की गई।

### क्रिप्टो वॉलेट के जरिए विदेशियों से साथ धोखाधड़ी

आरोपियों से पूछताछ में सामने आया कि आरोपी सोनू अपने साथियों के साथ मिलकर इस कॉल सेंटर का संचालन करता है। जो गूगल पर विदेश में सिंगर कंसर्ट, फुटबॉल मैच, रग्बी मैच की टिकट बुक करने के नाम पर विज्ञापन डलवाकर अपने टोल फ्री नंबर पर कॉल करवाता है। टिकट बुकिंग के दौरान ये लोग कॉल करने वाले लोगों को उनके डेबिट, क्रेडिट कार्ड में समस्या व टिकट बुकिंग में समस्या होने की बात कहकर उनसे वॉलमार्ट के गिफ्ट कार्ड खरीदवाते हैं। फिर उन गिफ्ट कार्ड के नंबर पूछकर उन गिफ्ट कार्ड नंबर को टेलीग्राम के माध्यम से चाइनीज लोगों से रिडीम करवाते हैं। उस पैसे को अपने क्रिप्टो वॉलेट में डलवाकर विदेशी लोगों के साथ ठगी की वारदात को अंजाम देते हैं। आरोपी सोनू अपने साथी आकाश चौहान को प्रॉफिट के 50 प्रतिशत हिस्सेदारी के तौर पर देता है। इसके अलावा सोनू ने आरोपी सूरज कुमार भारती तथा सीमांत राघव को कॉलिंग के लिए रखा हुआ है जिनको यह ठगी में कमाई गई राशि से 30 प्रतिशत हिस्सा देता है। समय-समय पर इंसेंटिव भी देता है ताकि यह लोग लालच में आकर ज्यादा से ज्यादा लोगों के साथ ठगी की वारदात को अंजाम दे सकें।

## 10 साल का संघर्ष रंग लाया, हाईटेंशन लाइन शिफ्ट

**फरीदाबाद।** सेक्टर-तीन रेजिडेंट वेलफेयर फेडरेशन के नेतृत्व में नागरिकों द्वारा दस साल से किए जा रहा संघर्ष रंग लाया और सैकड़ों मकानों के ऊपर से गुजर रही 66 हजार केवी की हाईटेंशन बिजली लाइन शिफ्ट हो गई। लाइन शिफ्ट होने से गुरुग्राम कैनाल के साथ 60 वर्ग गज के करीब एक सौ मकान मालिकों ने राहत की सांस ली है और वर्षों बाद मकान मालिकों ने अपने घर की छत पर जाने के तालों को खोला है। एक्सीडेंट के डर से अक्सर ताले बंद करके रखते थे। पीड़ित नागरिकों ने इस 66 हजार केवी लाइन शिफ्टिंग का पूरा श्रेय रेजिडेंट वेलफेयर फेडरेशन के प्रधान व राष्ट्रीय ट्रेड यूनियन लीडर सुभाष लांबा व सचिव रतनलाल राणा व फेडरेशन के उन तमाम पदाधिकारियों को दिया है, जिन्होंने पिछले दस सालों से निरंतर संघर्ष किया। अंतिम प्रदर्शन 8 जून 2024 को एचवीपीएन के सेक्टर-18 स्थित एसई कार्यालय पर किया गया था। मौके पर मौजूद एक्सईएन दीपक गर्ग ने नागरिकों को आश्वस्त किया था कि एक सप्ताह के अंदर शिफ्टिंग करने के लिए सामान साइट पर पहुंचना शुरू हो जाएगा। ऐसा होने पर नागरिकों ने आभार जताया।

विधायक ने अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश

# विकास कार्यों में तेजी लाकर जनता को जल्द राहत दिलाएं



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

गांव भतोला स्थित अपने निवास पर मार्केट कमेटी के अधिकारियों संग विधायक राजेश नागर ने बैठक कर सख्त निर्देश दिए। विधायक राजेश नागर ने कहा कि विकास कार्यों को तेजी से पूरा करें अन्यथा कार्रवाई के लिए तैयार रहें। टालम टोल वाला रवैया बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने विकास कार्यों का जायजा लिया वहीं नए कार्यों पर टेंडर की प्रक्रिया को तेज करने की बात कही। नागर ने कहा कि विकास कार्यों में गति दिखाई देनी चाहिए। जिससे कि लोगों को सरकार पर विश्वास बना रह सके। नागर ने कहा कि सरकार की तरफ से बजट की कोई कमी नहीं है। किसी भी प्रोजेक्ट को मना नहीं किया जा रहा है तो काम में देरी क्यों हो रही है। कहा कि पुराने कामों को जल्दी से पूरा करें और नए कामों के टेंडर जल्दी लगाएं। विधानसभा चुनाव सर पर हैं। ऐसे में ठेकेदार कहीं भी किसी प्रकार की लापरवाही करता है तो मुझे बताएं। उनके टेंडर रद्द करें और उनकी फर्म को ब्लैक लिस्ट करें।

### भाजपा सरकार के लिए मिलकर काम करें

नागर ने कहा कि कोई भी प्रोजेक्ट जो जनता के हित में हो उसको जल्द पूरा किया जाए। सीएम साहब ने कहा है कि विकास कार्यों को तेज गति देकर हम हरियाणा के लोगों का विश्वास बनाए रखना चाहते हैं। हरियाणा में तीसरी बार भाजपा की पूर्ण बहुमत कि सरकार देने के लिए जनता तैयार है। लेकिन सभी को मिलकर काम करना होगा।


## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंडी डबवाली | तिलोकेवाला :- 350 मिमी आई/डी आरसीसी पाइप चैनल का प्रावधान व बिछाना, एस/एस टैंक 100'×100'×12', आरसीसी एचएलटी 18'×12' का निर्माण, सिविल स्ट्रक्चर्स, हैडवर्क्स पर पाइप लाइन, पम्पिंग मशीनरी, वितरण प्रणाली की मरम्मत और हाउस कनेक्शन इत्यादि, सभी प्रकार से पूर्ण आकलन के तौर पर + 1 कार्य। | 03.07.2024 10.07.2024 | 162.38 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8730000001 ee.mandidabwali@gmail.com |
| 2 | पंचायती राज मुरथल, सोनीपत | गांव पिपली खेड़ा, ब्लॉक मुरथल, जीपी में सुलेमान के मकान से रणधीर के मकान तक आईपीबी गली का निर्माण। | बंद होने की तिथि 09.07.2024 | 16.59 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9818043960 vpnaman2011@gmail.com |
| 3 | पंचायती राज पंचकूला | ब्लॉक बरवाला के (गांव मानक टाबरा और मोनक टाबरा रूड़की) के शिवधाम नवीनीकरण योजना कार्य + 6 कार्य। | 03.07.2024 10.07.2024 | 144.97 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467628236 prexeeng.pkl@hry.nic.in |
| 4 | लोनिवि भ व प हिसार | फतेहाबाद जिले में सेक्टर-9 में 200 बिस्तर वाले सिविल हॉस्पीटल का निर्माण (ईपीबीएएक्स सिस्टम और एलएएन सिस्टम का प्रावधान) + 3 कार्य। | 03.07.2024 10.07.2024 | 188.45 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 5 | पंचायती राज भिवानी | 648 – गांव बामला-I में प्रजापत चौपाल को पूरा करना, स्कीम एचजीवीवाई ब्लॉक भिवानी जिला भिवानी + 6 कार्य। | 03.07.2024 08.07.2024 | 148.78 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1664243927 prexeeng.bhw@hry.nic.in |
| 6 | स्वास्थ्य विभाग हरियाणा हिसार | आईईसी और मुद्रण सामग्री हेतु दर अनुबंध। | 05.07.2024 16.07.2024 | ईएमडी 1 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9215705859 dhs.cshsr@hry.nic.in |
| 7 | एसएचकेएम राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय नल्हार नूह | एसएचकेएमजीसी, नल्हार, नूह में स्थापित सभी कंज्यूमेबल और स्पेयर पार्ट्स समेत 12 लिफ्ट्स मेक-ओरबिस (ORBIS) हेतु प्रचालन और व्यापक वार्षिक रखरखाव अनुबंध। | 08.07.2024 15.07.2024 | 12.06 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01267-282007 tendergmcmewat@gmail.com |
| 8 | पंचायती राज अम्बाला | गांव गानौली में फिरनी का निर्माण और गांव हरबों ब्लॉक नारायणगढ़ में फिरनी का निर्माण + 6 कार्य। | 04.07.2024 10.07.2024 | 123.71 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2551368 prexeeng.amb@hry.nic.in |
| 9 | पंचायती राज अम्बाला | गांव खुड्डा कलां की फिरनी को पूरा करना और गांव रोल्लों ब्लॉक अम्बाला-II की फिरनी को पूरा करना + 1 कार्य। | 04.07.2024 10.07.2024 | 33.56 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2551368 prexeeng.amb@hry.nic.in |
| 10 | पंचायती राज अम्बाला | गांव रत्तनहेड़ी, ब्लॉक अम्बाला-II की फिरनी को पूरा करना + 7 कार्य। | 03.07.2024 09.07.2024 | 285.47 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2551368 prexeeng.amb@hry.nic.in |
| 11 | पंचायती राज अम्बाला | विवेकाधीन – गांव धनकौर, ब्लॉक अम्बाला-II में तालाब की रिटेनिंग वॉल का निर्माण + 1 कार्य। | 01.07.2024 08.07.2024 | 25.53 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2551368 prexeeng.amb@hry.nic.in |
| 12 | पंचायती राज अम्बाला | गांव पंजोखरा साहिब, ब्लॉक अम्बाला-II में तासम्बली रोड से गुरचरण सिंह के मकान के सामने वाया गुरमेल सिंह (रामदेव) के मकान तक आई/एल गली, जसवंत सिंह के मकान से डोगर सिंह के मकान तक गली और श्रीमती खुशविंदर कौर की गली, गडरियां वाली गली से बचना राम के मकान तक गली, मेन नारायणगढ़ रोड से बछित्तर सिंह के मकान तक गली, मुख्य गली से कृष्ण गोपाल के मकान तक गली, एसडब्ल्यूएम शेड से पंचायत भूमि तक गली, ए.जी. रिसॉर्ट के निकट कल्वर्ट और रैंप का निर्माण। | 02.07.2024 09.07.2024 | 28.35 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2551368 prexeeng.amb@hry.nic.in |
| 13 | पंचायती राज हिसार | अनीपुरा, हांसी11, सामान्य चौपाल की मरम्मत + 10 कार्य। | 04.07.2024 10.07.2024 | 114.28 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466629211 prexeeng.hsr@hry.nic.in |
| 14 | पंचायती राज झज्जर | गांव मालियावास, सासरौली, सेहलंगा, धालनवास, ब्लॉक मातनहेल में 4 अदद एसडब्ल्यूएम शैड का निर्माण + 19 कार्य। | 02.07.2024 10.07.2024 | 140.76 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416721433 prexeeng.jjr@hry.nic.in |
| 15 | पंचायती राज झज्जर | गांव आसौदा टोडरान, भापड़ौदा, कानौंदा, खरहर, लडरावन, ब्लॉक बहादुरगढ़ में फिरनी पर स्ट्रीट लाइट की स्थापना। | 03.07.2024 10.07.2024 | 74.99 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416721433 prexeeng.jjr@hry.nic.in |
| 16 | पंचायती राज सोनीपत | गांव खंदराई, ब्लॉक मुंडलाना में शमशान घाट में चारदिवारी और शैड का निर्माण। | बंद होने की तिथि 10.07.2024 | 12.47 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 prexeeng.snp@gmail.com |
| 17 | पंचायती राज सोनीपत | गांव पिनाना में जीवीएच की चारदिवारी का निर्माण। | बंद होने की तिथि 10.07.2024 | 5.73 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 prexeeng.snp@gmail.com |
| 18 | जिला परिषद पलवल | भुलवाना से यूपी बॉर्डर तक सम्पर्क सड़क की विशेष मरम्मत, आईडी-740, ब्लॉक-होडल + 8 कार्य। | 03.07.2024 15.07.2024 | 368.16 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 7015379500 prexeeng.pwl@gmail.com |
| 19 | पंचायती राज करनाल | गांव शेरपुर विरान राजगढ़ ब्लॉक नीलोखेड़ी, जिला करनाल में एससी अहरिया चौपाल को पूरा करने हेतु आकलन, स्कीम का नाम एच जी वी योजना। | 02.07.2024 20.07.2024 | 4.81 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813805200 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 20 | पंचायती राज करनाल | गांव अमुपुर, ब्लॉक निसिंग, जिला करनाल में रविदास मंदिर के निकट अम्बेडकर भवन को पूरा करना, एचजीवाई + 12 कार्य। | 02.07.2024 16.07.2024 | 65.06 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813805200 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 21 | पंचायती राज करनाल | गांव – दुपेडी स्कीम-एचजीवीवाई, ब्लॉक असंध, जिला करनाल में बाल्मिकी चौपाल में कार्य के निर्माण हेतु कच्चा लागत आकलन + 2 कार्य। | 02.07.2024 20.07.2024 | 28.07 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813805200 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 22 | लोनिवि भ व प नरवाना | जीन्द जिला एमडीआर-111 (रोड आईडी 6732) में कि.मी. 15.84 से 24.33 तक नरवाना से टोहाना रोड तक रोड की विशेष मरम्मत। | 03.07.2024 15.07.2024 | 153.41 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8398098075 pwd-eepd-narwana@hry.nic.in |
| 23 | लोनिवि भ व प करनाल | गांव फतेहपुर, पुण्डरी, जिला करनाल में तहसील भवन का निर्माण (ईएलवी सेवाओं का प्रावधान केवल)। | 05.07.2024 15.07.2024 | 90.41 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1842265696 pwd-eeed-karnal@hry.nic.in |
| 24 | लोनिवि भ व प सोनीपत | सोनीपत जिले में सोनीपत निर्वाचन क्षेत्र में सोनीपत नरेला रोड से राठधना आरडी 0 से 1000 (आईडी 9931) तक रोड का मजबूतीकरण। | 03.07.2024 10.07.2024 | 43.41 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1302200575 pwd-eepd2-sonepat@hry.nic.in |
| 25 | पंचायती राज मोरनी, पंचकूला | गांव धाबसु जीपी धाबसु में सतपाल के खेत के निकट आर वॉल और गली का निर्माण, गांव कुदाना, जी.पी. भोज कुदाना, ब्लॉक मोरनी, एसडीए में देवी दयाल खेतों में कृषि हेतु जल संग्रहण टैंक का निर्माण। | 06.06.2024 12.06.2024 | 4.06 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416055244 dharambirsai@gmail.com |
| 26 | पंचायती राज भिवानी | गांव धनाना एल में आंगनवाड़ी केन्द्र का निर्माण। | 05.07.2024 11.07.2024 | 10.52 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416087780 sdoprbhiwani@gmail.com |
| 27 | पंचायती राज झज्जर | 10.11- गांव रूडियावास, ब्लॉक बहादुरगढ़ में शमशान घाट की चारदिवारी का निर्माण + 11 कार्य। | 02.07.2024 10.07.2024 | 184.47 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416721433 prexeeng.jjr@hry.nic.in |
| 28 | पंचायती राज झज्जर | गांव सोभापुर, ब्लॉक नारनौल, शमशान घाट में बाउंड्री का निर्माण + 21 कार्य। | 04.07.2024 10.07.2024 | 175.65 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416882457 sdopr.nrl@gmail.com |
| 29 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, नारनौल | ग्राउंड वाटर टेबल की रिचार्जिंग हेतु नोलपुर डिस्टी. के कि.मी. 28.900/आर से गांव तालाब नागला सोडा को भरने के लिए आरसीसी पाइप लाइन 450 मिमी. आई/डाया एनपी-2 को बिछाना और सिंचाई सुविधाओं का प्रावधान (नांगल चौधरी निर्वाचन क्षेत्र) (अटल भू-जल योजना के तहत) + 2 कार्य। | बंद होने की तिथि 09.07.2024 | 94.91 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01282-251214 xen-wsnrl.irr@gov.in |
| 30 | पंचायती राज अम्बाला | गांव अंधेरी, ब्लॉक नारायणगढ़ में फिरनी का निर्माण + 5 कार्य। | 04.07.2024 11.07.2024 | 120.83 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2551368 prexeeng.amb@hry.nic.in |
| 31 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, रोहतक | कैनाल कॉलोनी, रोहतक में एफएच नं. 02 की व्हाइट वॉशिंग हेतु आकलन। | बंद होने की तिथि 10.07.2024 | 1.67 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8901388296 rohtakxenmech@yahoo.com |
| 32 | राज्य परिवहन निदेशालय हरियाणा, चण्डीगढ़ | सिटी बस सेवाओं हेतु रेवाड़ी, हरियाणा में बस डिपो के विकास के लिए ऑनलाइन निविदा। | 08.07.2024 22.07.2024 | 13.96 लाख | https://etenders.hry.nic.in http://www.hartrans.gov.i n | 1722710371 dtcpndhr@gmail.com |
| 33 | राज्य परिवहन निदेशालय हरियाणा, चण्डीगढ़ | सिटी बस सेवाओं हेतु रोहतक, हरियाणा में बस डिपो के विकास के लिए ऑनलाइन निविदा। | 08.07.2024 22.07.2024 | 14.88 लाख | https://etenders.hry.nic.in http://www.hartrans.gov.in | 1722710371 dtcpndhr@gmail.com |
| 34 | राज्य परिवहन निदेशालय हरियाणा | ऑटोमेटिक बस वॉशिंग मशीनों की आपूर्ति, स्थापना और प्रचालन हेतु। | 05.07.2024 29.07.2024 | 2 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in http://www.hartrans.gov.in | 1722710371 dtcpndhr@gmail.com |
| 35 | नागरिक उड्डयन विभाग हरियाणा | 18.07.2024 टीओवी 17.07.2024 – एक नये ट्विन इंजन स्टेट वीआईपी हैलीकॉप्टर, वीटी-एचवाईआर एमबीबी-बीके 117डी3 एचआई45-डी3 एस/एन-21262 वाईओएम 2024 की व्यापक बीमा के लिए मोहरबंद उद्धरण की आपूर्ति। | 06.07.2024 15.07.2024 | | www.haraviation.gov.in | 1722709386 cavation@hry.nic.in |
| 36 | पंचायती राज पंचकूला | ब्लॉक पिंजौर (फतेहपुर दीवानवाला और चिक्कान) का शिवधाम नवीनीकरण योजना कार्य + 5 कार्य। | 04.07.2024 10.07.2024 | 126.07 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467807024 prexeeng.pkl@hry.nic.in |
| 37 | लोनिवि भ व प हिसार | फतेहाबाद जिले में सेक्टर-9 में 200 बिस्तर वाले सिविल हॉस्पीटल का निर्माण (एडमिन ब्लॉक/ओपीडी ब्लॉक में फायर अलार्म सिस्टम और पीए सिस्टम का प्रावधान केवल)। | 04.07.2024 15.07.2024 | 67.23 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 38 | लोनिवि भ व प गुरुग्राम | गुरुग्राम जिले में मकान नं. 17, ऑफिसर कॉलोनी नं. 2, सिविल लाइंस, गुरुग्राम का पुनरोद्धार (आई/सी ई.आई. कार्य)। | बंद होने की तिथि 12.07.2024 | 11.38 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1242322424 pwd-eepd1-gurgaon@hry.nic.in |
| 39 | लोनिवि भ व प अम्बाला | कार्य कार्यक्रम 2024-25 के तहत अम्बाला सिटी निर्वाचन क्षेत्र में अम्बाला जिले में प्रांतीय मंडल सं. 1, लोनिवि भ व प शाखा, अम्बाला कैंट के तहत 7 अदद रोड को चौड़ा करना और मजबूतीकरण (रोड आईडी 106, 114, 4318, 121 जमा 73, 22, 12 और 3) (ग्रुप-4)। | 27.06.2024 11.07.2024 | 358.67 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1712977224 pwd-eepd1-ambala@hry.nic.in |
| 40 | लोनिवि भ व प अम्बाला | कार्य कार्यक्रम 2024-25 के तहत अम्बाला सिटी निर्वाचन क्षेत्र में अम्बाला जिले में प्रांतीय मंडल सं. 1, लोनिवि भ व प शाखा, अम्बाला कैंट के तहत 5 अदद रोड को चौड़ा करना और मजबूतीकरण (रोड आईडी 5087, 4562, 149, 75 और 215) (ग्रुप-3)। | 27.06.2024 11.07.2024 | 331.17 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1712977224 pwd-eepd1-ambala@hry.nic.in |
| 41 | लोनिवि भ व प अम्बाला | कार्य कार्यक्रम 2024-25 के तहत अम्बाला सिटी निर्वाचन क्षेत्र में अम्बाला जिले में प्रांतीय मंडल सं. 1, लोनिवि भ व प शाखा, अम्बाला कैंट के तहत 3 अदद रोड को चौड़ा करना और मजबूतीकरण (रोड आईडी 4295, 137 और 132) (ग्रुप-1)। | 26.06.2024 10.07.2024 | 364.10 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1712977224 pwd-eepd1-ambala@hry.nic.in |
| 42 | लोनिवि भ व प अम्बाला | कार्य कार्यक्रम 2024-25 के तहत अम्बाला सिटी निर्वाचन क्षेत्र में अम्बाला जिले में प्रांतीय मंडल सं. 1, लोनिवि भ व प शाखा, अम्बाला कैंट के तहत 3 अदद रोड को चौड़ा करना और मजबूतीकरण (रोड आईडी 118, 116 और 110) (ग्रुप-2)। | 26.06.2024 10.07.2024 | 399.21 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1712977224 pwd-eepd1-ambala@hry.nic.in |
| 43 | नागरिक उड्डयन विभाग हरियाणा | ग्राउंड पावर यूनिट नामतः "पावर वैम्प (मॉडल जीपीयू कूल्सपूल 29 ट्विन पैक) की अधिप्राप्ति।" | 05.07.2024 19.07.2024 | | https://etenders.hry.nic.in | 1722709386 cavation@hry.nic.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

पीआरडीएच-11/2025/860/27532/I/88/7 दि. 05.07.24

## कांवड़ यात्रा का ट्रैफिक प्लान पूरी तरह तैयार

# 21 जुलाई की आधी रात से दिल्ली-देहरादून हाईवे समेत सभी प्रमुख कांवड़ मार्गों पर नहीं चलेंगे भारी वाहन

एजेंसी ⏭ मेरठ

22 जुलाई से शुरू होने जा रही कांवड़ यात्रा को लेकर ट्रैफिक प्लान तैयार कर लिया गया है। यात्रा निर्विघ्न संपन्न हो, इसे लेकर सावन की शुरुआत होते ही दिल्ली-देहरादून हाईवे समेत सभी प्रमुख कांवड़ मार्गों पर भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाने का निर्णय लिया गया है। यूपी और उत्तराखंड के अफसरों की मौजूदगी में पूरे ट्रैफिक प्लान पर विस्तृत चर्चा हुई, जिसके बाद इसे अंतिम रूप दिया गया। इस पूरी योजना को चार राज्यों की संयुक्त बैठक में रखा जाएगा। इस बैठक में यूपी के प्रमुख सचिव और पुलिस महानिदेशक भी मौजूद रहेंगे। गुरुवार को पुलिस लाइन के बहुउद्देश्यीय सभागार में आयोजित बैठक में कांवड़ यात्रा ट्रैफिक प्लान पर चर्चा हुई। एडीजी जोन ध्रुवकांत ठाकुर, आईजी रेंज नचिकेता झा और एसएसपी डॉ. विपिन ताडा की मौजूदगी में एसपी ट्रैफिक राघवेंद्र कुमार मिश्र ने पीपीटी के जरिए पूरे प्लान को समझाया।

राघवेंद्र मिश्रा ने बताया कि रुड़की से कांवड़िये जब यूपी में प्रवेश करते हैं तो वह सात अलग-अलग कांवड़ मार्गों के जरिए अपने गंतव्य की ओर बढ़ते हैं। पिछले साल सावन की शुरुआत होते ही कांवड़ियों का हाईवे पर जमावड़ा दिखने लगा था। ऐसी स्थिति में इस बार समय रहते व्यवस्था को लागू करना बेहद जरूरी है। इस दौरान अन्य जनपदों से आए पुलिस अफसरों ने भी अपने प्रमुख रूटों पर चर्चा की और सुझाव भी प्रस्तुत किए। निर्णय लिया कि शिवरात्रि से 12 दिन पहले 21 जुलाई की आधी रात से ट्रैफिक डायवर्जन प्लान लागू कर दिया जाएगा। व्यवस्था प्रभावित न हो, इसके लिए ट्रैफिक पुलिस की ड्यूटी लगा दी जाएगी।

### यह व्यवस्था लागू होगी

- 21 जुलाई की आधी रात से हाईवे व सभी कांवड़ मार्ग पर भारी वाहन नहीं चलेंगे।
- 25 जुलाई की रात से कांवड़ मार्गों पर वनवे की व्यवस्था लागू हो जाएगी।
- 27 जुलाई की रात से नेशनल हाईवे 58 पर हरिद्वार से आने वाले हल्के वाहन भी बंद कर दिए जाएंगे।
- 29 जुलाई की रात से 4 अगस्त की रात तक एनएच-58, कांवड़ पटरी मार्ग और दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस वे केवल कांवड़ियों के लिए खुलेगा।




### छह जुलाई को होगी चार राज्यों की बैठक

कांवड़ यात्रा को लेकर प्रत्येक वर्ष यूपी, उत्तराखंड के अधिकारी दिल्ली, हरियाणा के अफसरों के साथ कांवड़ यात्रा के मुख्य प्लान पर चर्चा कर उन्हें व्यवस्था से रूबरू कराते हैं। 6 जुलाई को यह बैठक पुलिस लाइन में प्रस्तावित है, जिसमें यूपी के प्रमुख सचिव और डीजीपी भी मौजूद रहेंगे। पूरे प्लान पर चर्चा के बाद ही उस पर मुहर लगेगी। इसके बाद इसे लागू कर दिया जाएगा।

### कांवड़ यात्रा से जुड़े मार्ग दुरुस्त कराएं

सीएम योगी आदित्यनाथ ने कांवड़ यात्रा को लेकर निर्देश दिए हैं कि आगामी दिनों में कांवड़ यात्रा के दृष्टिगत जिलों में इनसे जुड़े मार्गों को शत-प्रतिशत गड्ढामुक्त किया जाए। 15 जुलाई तक यह कार्य पूरा करा लिया जाए। ऐसे मार्ग, जहां जलभराव होता है, उन स्थानों पर जल निकासी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। ब्लॉक मुख्यालयों को 2 लेन सड़क की कनेक्टिविटी देने का संकल्प समय से पूरा होना चाहिए। यह संतोषप्रद है कि कुल 165 में से 143 मार्गों का निर्माण पूरा हो गया है।

### यह सुझाव पेश किए

- रोहटा के कल्याणपुर से कोई वाहन बागपत न भेजा जाए।
- अमरोहा, संभल, बिजनौर की तरफ 5 अगस्त तक भारी वाहन पाबंद रहें।
- कांवड़ मार्ग के पेट्रोल व सीएनजी पंप पांच दिन का फ्यूल एडवांस रखें।
- पंचक के बाद एकाएक जल उठाने वालों की भीड़ बढ़ती है। इसे ध्यान में रखकर व्यवस्था तैयार हो।
- सात फुट से ऊंची कांवड़ को बिल्कुल अनुमति न दी

### इस दिन से शुरू होगी कांवड़ यात्रा

इस साल सावन माह की शुरुआत 22 जुलाई से होगी। यह 19 अगस्त 2024 तक रहेगा। वहीं सावन शुरू होते ही कांवड़ यात्रा शुरू हो जाएगी। यह शिवरात्रि पर समाप्त होगी। सावन माह के त्रयोदशी तिथि को कांवड़िये शिवलिंग पर जल अर्पित करेंगे। इस बार सावन की त्रयोदशी 2 अगस्त को है। इसी दिन शिवरात्रि है। ऐसे में कांवड़ लाकर भगवान शिव पर अर्पित करने से महादेव भक्त की हर मनोकामना को पूर्ण कर देते हैं। वैसे तो कांवड़ कंधे पर लाई जाती है। इसे जमीन पर नहीं रखा जाता, लेकिन अब समय बदलाव के साथ लोग कई तरह की कांवड़ ला रहे हैं। इनमें खड़ी कांवड़, डाक कांवड़, दांडी कांवड शामिल है।

---

### खबर संक्षेप

#### कार ने मारी टक्कर, पिता, बेटा-बेटी की मौत



**पटना।** पटना के पुनपुन-बिहटा-सरमेरा हाईवे पर डुमरी चौराहा के पास शुक्रवार को एक अनियंत्रित कार ने दो बाइक को टक्कर मार दी। एक बाइक पर तीन लोगों की मौत हो गई। वहीं दूसरे बाइक पर सवार एक युवक की हालत गंभीर है। आननफानन में सभी पटना के निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया। यहां इलाज के दौरान डॉक्टरों ने युवक और उसके बेटे व बेटी को मृत घोषित कर दिया।

#### एयरपोर्ट पर रोबोट ने संभाला सफाई का जिम्मा



**लखनऊ।** अमौसी एयरपोर्ट के नए टर्मिनल टी-थ्री पर सफाई की व्यवस्था को बेहतर बनाने के उद्देश्य से दो रोबोट ड्यूटी पर लगाए गए हैं, जो एआई पर काम कर रहे हैं। चौधरी चरण सिंह अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट के प्रवक्ता ने बताया कि इंटेलिजेंट क्लीनिंग रोबोट टर्मिनल टी थ्री के प्रस्थान और आगमन हॉल में साफ-सफाई करेंगे।

---

### सीएम योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर यूपी के 20 शहरों में नया मास्टर प्लान लागू

# भू-उपयोग के आधार पर दी जाएगी अनुमति मनमाना निर्माण करने पर होगी कड़ी कार्रवाई


नए मास्टर प्लान में आवासीय भूमि पर मकान ही बनाए जा सकेंगे और इस पर व्यवसायिक निर्माण पर पूरी तरह से रोक होगी। मनमाना निर्माण करने वालों को भवन विकास उपविधि के आधार पर कार्रवाई शुरू की जाएगी।

एजेंसी ⏭ लखनऊ

सीएम योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर यूपी में शहरों को सुनियोजित तरीके से बसाने के साथ खूबसूरत बनाने के लिए प्रदेश के 20 शहरों में नया मास्टर प्लान प्रभावी हो गया है। इसके अलावा शेष बचे 39 शहरों में भी इसी माह नया मास्टर प्लान लागू करने की तैयारी है। इसके प्रभावी होने के साथ ही शहरों में मनमाने तरीके से निर्माण पर रोक तो लगेगी ही साथ ही तय भू-उपयोग के आधार पर ही निर्माण की अनुमति विकास प्राधिकरणों द्वारा दी जाएगी। उदाहरण के लिए आवासीय भूमि पर मकान ही बनाए जा सकेंगे और इस पर व्यवसायिक निर्माण पर पूरी तरह से रोक होगी।

#### खास बातें

- मास्टर प्लान लागू होने से शहरों का बढ़ेगा दायरा
- विकास प्राधिकरण नई आवासीय व व्यवसायिक योजनाएं ला सकेंगे
- मनमाने तरीके से अवैध प्लाटिंग नहीं कर सकेंगे
- उद्योगों को तय स्थान पर ही



#### किसानों से समझौते के आधार पर भूमि ली जा सकेगी

आवास विभाग ने लखनऊ, अयोध्या, उरई, गोरखपुर, वाराणसी, मेरठ, मथुरा, आजमगढ़, अलीगढ़, हापुड़, रामनगर-मुगलसराय, सहारनपुर, फिरोजाबाद, शिकोहाबाद, अमरोहा, बरेली, मुरादाबाद, पीलीभीत, बस्ती व गजरौला विकास प्राधिकरण क्षेत्र का नया मास्टर प्लान लागू कर दिया है। मास्टर प्लान लागू होने के साथ ही इन शहरों का दायरा भी बढ़ गया है। इसका फायदा विकास प्राधिकरणों को नई आवासीय व व्यवसायिक योजनाएं लाने में होगा। विकास प्राधिकरणों को नए क्षेत्रों में भूमि अधिग्रहण का रास्ता खुलेगा। किसानों से समझौते के आधार पर भूमि ली जा सकेगी। इसके साथ ही शहरों में जरूरत के आधार पर पार्क, सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट, ग्रीन क्षेत्र के साथ ही सामुदायिक केंद्रों की सुविधाएं भी मिलेंगी।

#### रुकेगा मनमाना निर्माण

अपर मुख्य सचिव आवास नितिन रमेश गोकर्ण ने विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्षों को निर्देश दिया है कि शहरों में नए मास्टर प्लान में तय किए गए भू-उपयोग के आधार पर निर्माण की अनुमति दी जाएगी। नक्शा पास करते समय यह देखा जाएगा कि आरक्षित भू उपयोग के आधार पर ही निर्माण की अनुमति मांगी जा रही है या नहीं। भू-उपयोग से इतर निर्माण की अनुमति नहीं दी जाएगी। पार्क व ग्रीन बेल्ट के लिए आरक्षित भूमि पर किसी भी तरह के निर्माण की अनुमति नहीं दी जाएगी। इसके साथ ही यह भी देखा जाएगा कि मास्टर प्लान वाले क्षेत्र में मनमाने तरीके से अवैध प्लाटिंग तो नहीं की जा रही है।

#### 50 साल पूरे कर चुके सभी पुलों का करें निरीक्षण

सीएम योगी आदित्यनाथ ने यूपी में 50 साल पूरे कर चुके सभी पुलों के निरीक्षण कराने का आदेश दिया है। उन्होंने कहा है कि यूपी के सभी सेतुओं के सुपर स्ट्रक्चर, पियर की स्थिति, सेतुओं के वाटर-वे में ब्लाकेज, पियर के साइड में स्कावर होल, सेतु के एबटमेन्ट ढाल एवं बोल्डर का परीक्षण कराया जाए। निरीक्षण के समय कोई सेतु असुरक्षित नजर आता हो तो तत्काल उसे यातायात के लिए बंद किया जाए। स्थानीय जिला प्रशासन को इसकी सूचना दें। सीएम ने लोक निर्माण विभाग के कार्यों की समयबद्धता और गुणवत्ता सुनिश्चित करते हुए जरूरी दिशा-निर्देश दिए।

---

### हाथरस मामले में नया खुलासा

## हादसे के बाद 'भोले बाबा' ने तीन बार की आयोजकों से बात, आश्रम के पास स्विच ऑफ हुआ मोबाइल



एजेंसी ⏭ हाथरस

हाथरस जिले के फुलरई गांव में दो जुलाई को 'भोले बाबा' के सत्संग के बाद मची भगदड़ में कुल 121 लोगों की मौत हो गई थी, जिसमें अधिकतर महिलाएं थीं। इस हादसे के बाद रोज नए-नए खुलासे हो रहे हैं। हाथरस हादसे के बाद कथावाचक सूरज पाल उर्फ भोले बाबा ने तीन बार आयोजकों से बात की थी। इसके बाद उनके मैनपुरी वाले आश्रम के पास मोबाइल फोन स्विच ऑफ हो गया था। पुलिस की प्रारंभिक जांच में यह तथ्य सामने आए हैं। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि बाबा ने 2 जुलाई की दोपहर अपना मोबाइल बंद होने से पहले कुछ कार्यक्रम आयोजकों से कम से कम तीन बार बात की थी। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किए गए छह आरोपियों से धर्मसभा के आयोजन के विभिन्न सुरक्षा पहलुओं पर पूछताछ की जा रही है।

#### राजस्थान और हरियाणा में भी तलाश जारी

हाथरस मामले में शासन के निर्देश पर बनी एसआईटी ने बाबा के मैनपुरी आश्रम पहुंची और यहां खड़ी दो लग्जरी गाड़ियां पुलिस अपने साथ ले गई है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि तमाम एजेंसियां पूछताछ के लिए प्रवचनकर्ता सूरजपाल उर्फ नारायण साकार हरि उर्फ भोले बाबा की भी तलाश कर रही हैं। किसी को भी क्लीनचिट नहीं दी गई है। जांच जारी है।

---

## पेज एक का शेष

### ब्रिटेन के चुनाव में लेबर...

सही साबित हुआ। इस तरह से कंजर्वेटिव प्रधानमंत्री ऋषि सुनक का 18 महीने का कार्यकाल समाप्त हो जाएगा और ब्रिटेन के लोग 14 साल बाद कीर स्टार्मर (61) को नए प्रधानमंत्री के रुप में देखेंगे। कंजर्वेटिव पार्टी 14 साल बाद सत्ता से बाहर हो गई है। पीएम नरेंद्र मोदी ने नए प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर को प्रचंड जीत की बधाई दी है और सुनक के कार्यकाल को सराहा है।

### छोटे से कस्बे में पले...

थे और उनकी मां अस्पताल में एक नर्स थीं। कीर ने अपने बचपन का ज्यादातर समय अपनी मां को अस्पताल जाते हुए देखा, जहां उनके पिता हमेशा उनके साथ रहते थे। कीर स्टार्मर विश्वविद्यालय से स्नातक होने के बाद एक वेश्यालय के ऊपर बने एक गोलाकार बिस्तर पर रहते थे। कीर स्टार्मर पहली बार 2015 में 52 साल की उम्र में संसद के लिए चुने गए। इस चुनाव में स्टार्मर ने सुनक को कैसे टक्कर दी है?

### ब्रिटेन में लेबर पार्टी की...

रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने, आपसी विकास और समृद्धि को बढ़ावा देने के लिए हमारे सकारात्मक और रचनात्मक सहयोग की आशा करता हूं। मालूम हो कि चुनावों में मिली जीत के बाद ऋषि सुनक की जगह पर कीर स्टारमर ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं। ब्रिटेन में लगभग 14 वर्षों से कंजर्वेटिव पार्टी की सरकार थी। लेकिन आखिरकार लेबर पार्टी को चुनाव में मिली जीत के बाद ब्रिटेन में लेबर युग का आगाज हो गया है।

**ऋषि सुनक को भी दिया संदेश:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऋषि सुनक को भी संदेश दिया है। एक्स पर एक अन्य पोस्ट में उन्होंने कहा कि ब्रिटेन के आपके सराहनीय नेतृत्व और कार्यकाल के दौरान भारत और ब्रिटेन के बीच संबंधों को गहरा करने में आपके सक्रिय योगदान के लिए धन्यवाद। आपको और आपके परिवार को भविष्य के लिए शुभकामनाएं। यहां बता दें कि ब्रिटेन के चुनावों में करीब 14 साल से सत्ता से बाहर चल रही लेबर पार्टी को सरकार गठन का मौका मिला है। पार्टी ने चुनाव में 412 सीटें जीती हैं। जबकि हाउस ऑफ कॉमन्स में बहुमत के लिए 326 सीटों की आवश्यकता होती है।

### भारत को एक अग्रणी...

में आत्मनिर्भरता हासिल करने के लिए उठाए गए क्रांतिकारी सुधारात्मक कदमों की वजह से यह उपलब्धि हासिल की गई है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में मेक इन इंडिया कार्यक्रम साल दर साल नई उपलब्धियां हासिल कर रहा है। सरकार भारत को एक अग्रणी रक्षा उत्पादन केंद्र बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। रक्षा मंत्री ने रक्षा उत्पादन को सर्वकालिक उच्चतम स्तर पर पहुंचाने के लिए डीपीएसयू, अन्य सार्वजनिक उपक्रमों, निजी क्षेत्र सहित संपूर्ण रक्षा क्षेत्र को बधाई दी है।

पांच वर्षों का रक्षा उत्पादन का आंकड़ा: वर्ष 2019-20 में रक्षा उत्पादन 79 हजार 71 करोड़ रुपए था। इसके बाद 2020-21 में यह 84 हजार 643 हो गया। 2021-22 में 94 हजार 845 करोड़, 2022-23 में 1 लाख 86 हजार 84 करोड़ पर पहुंच गया था। वित्त वर्ष 2023-24 में यह आंकड़ा 1 लाख 26 हजार 887 करोड़ के रिकॉर्ड स्तर पर जा पहुंचा है।

### डीपीएसयू...

प्राप्त की है। हालांकि इसमें बढ़ते रक्षा निर्यात को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। 2023-24 में रक्षा निर्यात 21 हजार 83 करोड़ रुपए पर था। ये पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 32.5 फीसदी की वृद्धि को दर्शाता है। वर्ष 2023 में रक्षा निर्यात का आंकड़ा 15 हजार 920 करोड़ रुपए था। मंत्रालय का दावा है बीते पांच वर्षों (2019-20 से अब तक) रक्षा उत्पादन मूल्य लगातार बढ़ रहा है।

### मोदी और पुतिन ...

अच्छी खबर सामने आई है। इसमें यह जानकारी मिली है कि भारतीय सेना को 35 हजार एके-203 क्लाशनिकोव असॉल्ट राइफलों की डिलीवरी की गई है। क्वात्रा ने बताया कि रूस के बाद प्रधानमंत्री 9 से 10 जुलाई तक ऑस्ट्रिया की यात्रा पर रहेंगे। इसके लिए उन्हें ऑस्ट्रिया के चांसलर ने निमंत्रण दिया है। यह प्रधानमंत्री मोदी की पहली ऑस्ट्रिया यात्रा होगी। बीते करीब चार दशक बाद किसी भारतीय प्रधानमंत्री की ऑस्ट्रिया की ये यात्रा होगी। इसमें उनके कार्यक्रमों में औपचारिक स्वागत के अलावा ऑस्ट्रिया के राष्ट्रपति से मुलाकात, उच्च स्तरीय व्यापारिक भागीदारी के साथ-साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता में शिरकत करेंगे।

### संघ की अखिल भारतीय...

सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत, सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले, सभी सहसरकार्यवाह डॉ. कृष्णगोपाल, सीआर मुकुंद, अरुण कुमार, रामदत्त, आलोक कुमार, अतुल लिमये सहित कार्यकारिणी के सदस्य इस बैठक में भाग लेने वाले हैं। बैठक के लिए सरसंघचालक का 8 जुलाई को रांची में आगमन होगा।

### अब फिर से रिव्यू...

चाहिए। डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा था कि अभी तक इस मामले पर गौर नहीं किया है। पिछले साल अक्टूबर महीने में दिए गए फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि वह समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता नहीं दे सकता है। सीजेआई ने इस बात पर जोर दिया कि इस तरह का कानून बनाना संसद के अधिकार में आता है। मुख्य न्यायाधीश चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली संविधान पीठ में जस्टिस संजय किशन कौल, जस्टिस एस.रवींद्र भट, जस्टिस हिमा कोहली और जस्टिस पीएस नरसिम्हा शामिल थे। पीठ ने 3-2 के बहुमत के फैसले में कहा था कि इस तरह की इजाजत सिर्फ कानून के जरिए ही दी जा सकती है और कोर्ट विधायी मामलों में दखलअंदाजी नहीं कर सकता है। दुनिया में देखा जाए तो 33 ऐसे देश हैं, जहां समलैंगिक विवाह को मान्यता दी गई है। इनमें करीब 10 देशों की कोर्ट ने सेम सेक्स मैरिज को मान्यता दी है। इसके अलावा, 22 देश ऐसे हैं, जहां कानून बनाकर मंजूरी मिली है।

### बिहार में 15 इंजीनियर...

सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**ठेकेदार पर होगी कार्रवाई:** ग्रामीण कार्य विभाग के एडिशनल चीफ सेक्रेटरी दीपक सिंह ने कहा कि अब तीन पुलों के क्षतिग्रस्त होने की सूचना मिली है। 18 जून को अररिया में बखरा नदी पर सबसे पहले नुकसान की सूचना मिली. राज्य और केंद्र की टीमें जांच कर रही हैं। चार इंजीनियरों को निलंबित किया गया, दो अन्य को पहले ही निलंबित कर दिया गया है। अन्य कारणों से संबंधित ठेकेदारों को पेमेंट जांच पूरी होने तक रोक दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि निरीक्षण टीमों की ओर से अंतिम रिपोर्ट देने के बाद ठेकेदार और सलाहकार पर अंतिम कार्रवाई की जाएगी। एडिशनल चीफ सेक्रेटरी दीपक सिंह ने कहा कि पुल का निर्माण कार्य चल रहा था। ठेकेदार ने कथित तोड़फोड़ के लिए कुछ स्थानीय लोगों के खिलाफ पहले ही एफआईआर दर्ज करा दी थी. हमने उनसे स्पष्टीकरण मांगा है कि 15 जून के बाद निर्माण क्यों किया जा रहा था। दीपक सिंह ने कहा कि कुछ अन्य पुल हैं जिनके लिए एजेंसी का पता लगाया जाना बाकी है हम जिला प्रशासन से इनपुट मांग रहे हैं।

### केंद्र सरकार ने...

और परीक्षाओं को सही तरीके से कराने के सुझाव देने के संबंध गठित की गई है। इस कमेटी का नेतृत्व पूर्व इसरो चेयरमैन डॉक्टर के राधाकृष्णन कर रहे हैं, जो दो माह में मंत्रालय को रिपोर्ट सौंपेंगे। पेपर लीक करने के पीछे संगठित गिरोह और सरगना का पता लगाने के लिए जांच लगातार जारी है।

हरियाणा सरकार

## हरियाणा सरकार का बागवानी किसानों को प्रोत्साहन

सरकार द्वारा चौ० चरण सिंह ह.कृ.वि. हिसार द्वारा विकसित की गई सब्जी की किस्मों के बीजों की मिनी किट पर 50 प्रतिशत अनुदान दिया जा रहा है। इस खरीफ सीजन में किसानों को भिंडी व घीया के बीज की मिनी किट पर अनुदान का प्रावधान है।
बीज की किस्म, बिक्री दर व अनुदान राशि का विवरण निम्न अनुसार है

| फसल | किस्म | मिनी किट | | अनुदान राशि (50%) प्रति मिनी किट (रु.) | किसान का हिस्सा प्रति मिनी किट (रु.) | बीज (मिनी किट) बिक्री केंद्र |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | पैकिंग साइज | बिक्री दर प्रति मिनी किट (रु.) | | | |
| भिंडी | वर्षा उपहार | 1.5 कि.ग्रा. | 255.00 | 127.50 | 127.50 | हरियाणा बीज निगम (एच.एस. डी.सी.) बीज बिक्री केंद्र |
| | हिसार उन्नत | 4 कि.ग्रा. | 680.00 | 340.00 | 340.00 | |
| | हाईब्रिड एच.बी.एच.-142 | 750 कि. ग्रा. | 555.00 | 277.50 | 277.50 | |
| घीया | हाईब्रिड एच.बी.जी.एच.-35 | 400 कि. ग्रा. | 820.00 | 410.00 | 410.00 | |

अधिक जानकारी के लिए

क्यू.आर. कोड स्कैन करें अथवा अपने जिले के जिला उद्यान अधिकारी से सम्पर्क करें अथवा कॉल करें (टोल फ्री नं.) 1800-180-2021

उद्यान विभाग, हरियाणा
सेक्टर-21, पंचकूला -134112
वेबसाइट :- Website : www.hortharyana.gov.in ई-मेल :-horticulture@hry.nic.in
बागवानी मिशन Horticulture Mission

सूचना, जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग, हरियाणा www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana



# 'तौबा तौबा' में विक्की के डांस मूव्स के कायल हुए ऋतिक

**मुंबई।** 'बैड न्यूज' का पहला गाना 'तौबा तौबा' रिलीज होने के बाद से ही ट्रेंड कर रहा है और इसकी तारीफ भी हो रही है। हाल ही में, विक्की कौशल के कातिलाना मूव्स ने अभिनेता ऋतिक रोशन का ध्यान अपनी ओर खींचा। 'तौबा तौबा' नाम का यह गाना हाल ही में, रिलीज किया गया। 'तौबा तौबा' शीर्षक वाले इस पार्टी नंबर के वीडियो में गायक करण औजला के अलावा फिल्म की मुख्य जोड़ी, विक्की कौशल और तृप्ति डिमरी शामिल हैं। अब इस गाने के लिए ऋतिक रोशन ने विक्की कौशल के डांस की तारीफ की है, जिसपर अभिनेता ने प्रतिक्रिया दी है। गाना रिलीज होने के बाद, विक्की ने बुधवार को गाने का एक छोटा सा क्लिप शेयर किया है।

## लाइफ Style

# आलिया

## 'अल्फा' की शूटिंग शुरू

आलिया भट्ट, यशराज फिल्म्स (वाईआरएफ) के स्पाई यूनिवर्स पर आधारित अपनी आगामी फिल्म को लेकर चर्चा में हैं। हाल ही में खबर आई थी कि वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स में आलिया भट्ट जबरदस्त एक्शन करती नजर आएंगी।


एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

आलिया और शारवरी वाघ ने बहुप्रतीक्षित फिल्म के लिए अपनी तैयारी शुरू की थी। वहीं सोशल मीडिया पर फिल्म की शूटिंग को लेकर भी कई तरह की जानकारियां सामने आई थीं। फिल्म के नाम का खुलासा खुद आलिया भट्ट ने अभिनेत्री शरवरी वाघ के साथ मिलकर इंस्टाग्राम पर किया। आलिया भट्ट ने आखिरकार घोषणा कर दी है कि उनकी आने वाली स्पाई यूनिवर्स फिल्म का नाम 'अल्फा' है। बहुप्रतीक्षित फिल्म की शूटिंग आखिरकार शुरू हो गई है। उन्होंने सेट से शूटिंग का पहला वीडियो भी साझा किया।साझा किए गए वीडियो में 'अल्फा' लिखा हुआ था और आलिया की आवाज में कहा गया था, 'ग्रीक वर्णमाला का सबसे पहला अक्षर और हमारे कार्यक्रम का आदर्श वाक्य। सबसे पहले, सबसे तेज, सबसे वीर।

ध्यान से देखो तो हर शहर में एक जंगल है और हर जंगल में राज करेगा एक अल्फा।' आलिया भट्ट के घोषणा वीडियो ने नेटिजन्स को फिल्म के लिए काफी उत्साहित कर दिया है। पोस्ट शेयर होने के तुरंत बाद प्रशंसक कमेंट सेक्शन में अपने उत्साह के बारे में बताने लगे। दर्शकों ने कहा कि अब वे फिल्म की रिलीज का इंतजार नहीं कर सकते।



## हॉलीवुड मसाला



# भारतीय क्रिकेट टीम के हैं प्रशंसक

**लॉस एंजिलिस।** हॉलीवुड स्टार ह्यू जैकमैन ने हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान भारतीय क्रिकेट टीम की प्रशंसा की। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि उनका सबसे ज्यादा पसंदीदा भारतीय क्रिकेटर रोहित शर्मा है। उनके साथ इंटरव्यू में मौजूद उनके सह-कलाकार और मित्र रयान रेनॉल्ड्स को भी आश्चर्यचकित कर दिया। ह्यू ने फिर कहा, 'तुमने कप ले लिया।' हॉलीवुड अभिनेता ह्यू जैकमैन प्रशंसकों के बीच बेहद प्रसिद्ध हैं। हॉलीवुड अभिनेता ह्यू जैकमैन इन दिनों अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'डेडपूल एंड वूल्वरिन' को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं।



# अंबानी की शादी का सबसे महंगा स्टार

**मुंबई।** हॉलीवुड के फेमस सिंगर जस्टिन बीबर अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की शादी में परफॉर्म करने के लिए भारत पहुंचे। उनकी फीस अब तक की सबसे ज्यादा बताई जा रही है। देश में उनके कॉन्सर्ट में हमेशा जबरदस्त भीड़ देखी गई है, फैंस अपने पसंदीदा स्टार की एक झलक पाने के लिए घंटों इंतजार करते हैं। जस्टिन बीबर की लाइफस्टाइल उतनी ही भव्य है जितनी उनकी नेटवर्थ है। पूरे अमेरिका में उनके पास कई शानदार संपत्तियां हैं। सेंसेशनल पॉप सिंगर जस्टिन बीबर एक बार फिर दुनिया भर में सुर्खियां बटोर रहे हैं। अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट के भव्य संगीत में परफॉर्म करने के 83 करोड़ रुपए लेने की बात सामने आई है। सेलिब्रिटी मानकों के हिसाब से भी यह एक बहुत बड़ी रकम है, जो जस्टिन बीबर के फेम को दिखाती है।



# बिकास की फिल्म को मिला हुमा का साथ

**मुंबई।** अपनी पहली ही फिल्म 'चौरंगा' से समीक्षकों और दर्शकों की नजरों में छाए लेखक-निर्देशक बिकास मिश्रा की मेहनत रंग ला रही है। उनकी अगली फिल्म 'बयान' को अमेरिका में लॉस एंजेलिस की एक कंपनी का साथ मिल गया है। फिल्म के लिए हुमा कुरैशी पहले ही हां कर चुकी हैं। उनके अलावा फिल्म में दो दिग्गज कलाकार और होंगे। जानकारी के मुताबिक बिकास मिश्रा की अगली फिल्म 'बयान' नाम से बनने जा रही है। इस फिल्म को लेकर बिकास काफी दिनों से मेहनत करते रहे हैं और अब तक जिन लोगों ने भी फिल्म की कहानी सुनी है, सबने इसे एक बेहतरीन पटकथा बताया है। बिकास की इस कहानी को फिल्म निर्माता शिलादित्य बोरा का साथ मिला है। इस फिल्म को विकसित करने में हॉलीवुड की फिल्म इंडिपेंटेड का खासा साथ रहा है।



# 'चंदू चैंपियन' के सेट पर बाल-बाल बचे थे

**नई दिल्ली।** कार्तिक आर्यन को हाल ही रिलीज हुई कबीर खान निर्देशित फिल्म 'चंदू चैंपियन' में देखा गया। अभिनेता ने भारत के पहले पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता मुरलीकांत पेटकर की भूमिका को शानदार तरीके से निभाया। इस किरदार को निभाने के लिए कार्तिक ने 18 किलो वजन कम किया और अपने शरीर में जबरदस्त परिवर्तन लेकर आएं। हाल ही में कार्तिक आर्यन ने 'चंदू चैंपियन'के सेट पर हुई एक घटना को जिक्र किया, जिसमें उनकी आंखों में चोट लग सकती थी। एक साक्षात्कार में कार्तिक आर्यन ने शूटिंग के दौरान के एक किस्से को याद किया जब वह एक युद्ध के दृश्य का रिहर्सल कर रहे थे। कार्तिक ने साझा किया कि उन्हें सेट पर एक विस्फोट का अनुभव हुआ जिससे वह डर गए थे। वह धमाका ठीक उनकी दाहिनी आंख के पास हो गया था।

## टीवी मसाला



# 'बिग बॉस' में ही नहीं, इन सीरियल्स में भी देखने को मिला दो पत्नियों का ड्रामा

**नई दिल्ली।** अनिल कपूर के विवादित रियलिटी शो 'बिग बॉस ओटीटी 3' के कंटेस्टेंट और यूट्यूबर अरमान मलिक लोगों के बीच अपनी दो शादी के कारण जबरदस्त लाइमलाइट में बने हुए हैं। जब से उन्होंने अपनी दोनों बीवियों पायल और कृतिका के साथ इस शो में एंट्री की है, तबसे ही उन्हें खूब ट्रोल किया जा रहा है। फिल्म इंडस्ट्री में अरमान मलिक की रियल लाइफ जैसी कई मूवी बन चुकी है, लेकिन क्या आप जानते हैं कि कुछ टीआरपी में हमेशा टॉप 5 में रहने वाले इन टीवी सीरियल में भी दो पत्नियों का ड्रामा देखने को मिला है और कुछ में अभी भी ये ड्रामा देखने को मिल रहा है। असल जिंदगी ही नहीं, एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री की दुनिया यानी टीवी जगत में भी इस तरह की हैरान कर देने वाली कहानियां दिखाई गई हैं। किसी सीरियल में लीड एक्टर को दो शादी कर पछताते देखा गया तो वहीं कुछ मजबूरी में दो पत्नियों के साथ रहता है।

**'गुम है किसी के प्यार में' :** निर्माता राजेश राम सिंह के इस टीवी सीरियल के दोनों सीजन में दो पत्नियों का ड्रामा देखने को मिल चुका है। 'गुम है किसी के प्यार में' के पहले सीजन में आपको विराट, सई और पाखी के बीच नाटक देखने को मिलता है। वहीं दूसरे सीजन में ईशान को सवी और सीवा के साथ रोमांस करते हुए देखा जाता है।



**ये रिश्ता क्या कहलाता है :** राजन शाही के मोस्ट पॉपुलर सीरियल में से एक और टीआरपी लिस्ट में हमेशा टॉप 5 में रहने वाले 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' में दूसरे, तीसरे और चौथे सीजन में दो पत्नियों वाला जबरदस्त ड्रामा देखने को मिला है। 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' के दूसरे में कार्तिक की दो पत्नीयां नायरा और टीना होती हैं। तीसरे में अभिमन्यु की भी दो पत्नीयां अक्षरा और आरोही होती है। वहीं चौथे सीजन में अरमान को अभिरा और रूही के साथ देखा जा रहा है।

**इमली :** इस सीरियल में आदित्य की एक्स पत्नी इमली (सोमबुल तौकीर खान) होती है जिसे वह तलाक नहीं देता है। वहीं उसकी दूसरी पत्नी मालिनी (मयूरी देशमुख) उसके साथ सौतन के घर में रहती है। हैरान करने वाली बात ये थी कि दूसरी पत्नी को पता नहीं था कि उसका पति पहले से शादीशुदा है। सीरियल 'इमली' के पहले सीजन में दो पत्नीयों वाला शानदार नाटक दिखाया जा चुका है।

# राम पोथिनेनी-संजय दत्त की 'डबल इस्मार्ट' की शूटिंग पूरी

**मुंबई।** साउथ अभिनेता राम पोथिनेनी और संजय दत्त की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'डबल इस्मार्ट' इस साल सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। फिल्म की शूटिंग से जुड़ी कुछ जानकारियां देने के साथ निर्माताओं ने फिल्म के ट्रेलर को लेकर भी बड़ा अपडेट दिया था। वहीं, अभिनेता राम पोथिनेनी के जन्मदिन पर फैंस को बड़ा तोहफा मिला था, क्योंकि निर्माताओं ने फिल्म का टीजर जारी किया था। फिल्म की शूटिंग पर भी निर्माता समय-समय पर दर्शकों को अपडेट दे रहे हैं। वहीं आज भी उन्होंने दिलचस्प जानकारी साझा की। हाल ही में फिल्म का गाना रिलीज किया गया था, जिसे दर्शकों ने खूब पसंद किया। वहीं अब निर्माता ने शूटिंग के बारे में बड़ा अपडेट साझा किया है। पहला सिंगल रिलीज करने के बाद निर्माताओं ने सोशल मीडिया पर घोषणा की कि फिल्म की पूरी शूटिंग समाप्त हो गई है।



इसके साथ ही फिल्म का एक आकर्षक पोस्टर भी जारी किया। फिल्म की शूटिंग अब पूरी हो चुकी है। अब फिल्म का पोस्ट प्रोडक्शन शुरू होगा। इससे पहले फिल्म का दमदार टीजर जारी किया गया था। टीजर वीडियो में राम पोथिनेनी और संजय दत्त की दमदार झलक देखने को मिली थी। शंकर के अवतार में दिखे राम पोथिनेनी के कुछ फाइट सीक्वेंस भी थे।

# साई पल्लवी ने अवॉर्ड मिलने पर बरसो रे मेघा गाने पर किया डांस



नई दिल्ली। वायरल वीडियो में रणबीर कपूर स्टारर नितेश तिवारी की रामायण एक्ट्रेस साई पल्लवी ने अवॉर्ड जीतने के बाद ऐश्वर्या राय बच्चन के बरसो रे मेघा गाने पर स्टेज पर डांस करती नजर आ रही हैं। वायरल वीडियो में साई स्टेज पर बरसो से मेघा गाने पर डांस करती नजर आ रही हैं। उन्हें स्पेशल ज्यूरी अवॉर्ड मिला है। जिसके बाद वो स्टेज पर आती हैं और वो डांस करना शुरू करती हैं। साई महरुन कलर की साड़ी पहनकर डांस करती नजर आ रही हैं। उनके मूव्स देखकर फैंस हूटिंग करना शुरू कर देते हैं। वो उनको इस तरह से डांस करता देख दीवाने हो रहे हैं। वहीं सोशल मीडिया पर भी फैंस डांस देखने के बाद तारीफ करते नहीं रुक रहे हैं। रणबीर कपूर स्टारर और नितेश तिवारी द्वारा निर्देशित रामायण में सीता के रोल में नजर आने वाली एक्ट्रेस साई पल्लवी साउथ की सुपरस्टार हैं। उन्हें शानदार एक्टिंग के साथ सादगी के लिए जानी जाती हैं। फिल्में हो या रियल लाइफ हर जगह उनका सिंपल सादगी से भरा रूप फैंस को देखने को मिलता है।

# 'एनकेआर 22' में देखने को मिलेगी महापुरुष की गाथा



**मुंबई।** नंदमुरी कल्याण राम ने 5 जुलाई को अपना जन्मदिन मनाया। इस खास मौके पर उनकी नई फिल्म का ऐलान कर दिया गया है। 'एनकेआर 22' नंदमुरी की अगली फिल्म होगी। फिलहाल यह फिल्म का अस्थाई नाम है। 'एनकेआर 22' का ऐलान एक पोस्टर के जरिए किया गया है। फिल्म का निर्माण एनटीआर आर्ट्स द्वारा किया जा रहा है। निर्माताओं ने सोशल मीडिया पर पोस्टर जारी करते हुए कैप्शन में लिखा, 'बिम्बिसार से पहले त्रिगर्थला पर शासन करने वाले एक महापुरुष की महिमा को देखने के लिए तैयार हो जाइए।' 'एनकेआर 22' नंदमुरी कल्याण राम अभिनीत 'बिम्बिसार' का ही दूसरा भाग है। फिल्म के पहले भाग को दर्शकों ने खूब पसंद किया था और यह फिल्म ब्लॉकबस्टर साबित हुई थी। यही वजह है कि अब 'एनकेआर 22' को लेकर कल्याण राम के फैंस का उत्साह चरम पर पहुंच गया है।

# कई कलाओं में उस्ताद हैं ये अभिनेता

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारतीय सिनेमा में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। हर साल भारतीय सिनेमा में हजार से भी ज्यादा फिल्में बनती हैं। इन फिल्मों में लाखों लोग काम करते हैं। इन में से कुछ कलाकार ऐसे भी होते हैं, जिनमें कई सारी प्रतिभाएं होती है। कई ऐसे कलाकार हैं, जिन्होंने अपनी बहुमुखी प्रतिभा का परिचय दिया है। कभी अभिनय कर, तो कभी निर्देशन, तो कभी गायकी। आज इस लेख में हम उन अभिनेताओं की बात करने वाले हैं, जो बहुमुखी प्रतिभा के धनी हैं। ये अभिनय में तो शानदार हैं ही, साथ में गायकी पर भी इन अभिनेताओं की अच्छी पकड़ है।

## अभिनय के साथ-साथ गायकी में भी हैं माहिर

### दिलजीत दोसांझ



दिलजीत दोसांझ भारतीय मनोरंजन जगत के जाने माने चेहरा हैं। वह पंजाबी फिल्मों के सुपरस्टार अभिनेता हैं। उन्होंने कई हिंदी फिल्में भी की हैं। हाल में ही वह जट्ट एंड जूलियट में नीरू बाजवा के साथ नजर आए हैं। इससे पहले वह निर्देशक इम्तियाज अली की फिल्म 'चमकीला' में नजर आए थे। इसके अलावा वह हाल में ही जिमी फॉलन के 'द टुनाइट शो' पर भी शिरकत करते नजर आए थे। उनकी लोकप्रियता लगातार बढ़ती जा रही है। शानदार अभिनेता होने के साथ-साथ वह एक बेहतरीन गायक भी हैं। उन्होंने देश-विदेश में कई म्यूजिक कॉन्सर्ट किया है। इसके अलावा नियमित रूप से भी वह अपना गाना रिलीज करते रहते हैं।

### अमिताभ बच्चन




अमिताभ बच्चन बॉलीवुड के महानायक कहे जाते हैं, ऐसे में फिर वह इस लिस्ट में भी कहां पीछे रहने वाले थे। अमिताभ अपनी हालिया रिलीज फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' में अश्वत्थामा के किरदार में नजर आए हैं। उन्होंने 81 साल की उम्र में भी काफी शानदार एक्शन किया है। अदाकारी में तो उन्होने अपना लोहा मनवाया है ही, उन्होंने गायकी में भी काफी प्रसिद्धि पाई है। अमिताभ ने कई मौके पर गाने गाए हैं और उनके सारे गाने लोगों द्वारा काफी पंसद किए गए हैं। इनमें 'रंग बरसे', 'मैं यहां तू वहां' आदि शामिल हैं। उनकी हालिया रिलीज फिल्म में भी उन्होंने एक गाने को आवाज दी है।

### एमी विर्क



एमी विर्क पंजाबी फिल्मों के बड़े स्टार हैं। उन्होंने पंजाबी के अलावा कुछ हिंदी फिल्में भी की हैं। उनकी एक और आगामी हिंदी फिल्म 'बैड न्यूज' जल्द ही रिलीज होने वाली है। इस फिल्म में वह विक्की कौशल और तृप्ति दिमरी के साथ नजर आने वाले हैं। उनकी फिल्म किस्मत पंजाबी फिल्मों में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्मों में से एक है। अभिनय के साथ-साथ वह काफी अच्छे गायक हैं। उन्होंने कई सारे गाने गाए हैं।



### आयुष्मान खुराना

आयुष्मान खुराना हिंदी फिल्मों के जाने माने अभिनेता हैं। उनकी हर फिल्मों को दर्शकों का भरपूर प्यार मिलता है। एक के बाद एक सफल फिल्में दे कर उन्होंने अपने लिए एक खास मुकाम हासिल कर लिया है। उनकी फिल्मों की एक खास शैली है। इसके साथ ही उनकी हर फिल्मों में समाज के लिए कोई ना कोई संदेश छिपा होता है। साल 2012 में रिलीज हुई फिल्म 'विक्की डोनर' से डेब्यू करने के बाद उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा है। इस फिल्म में आयुष्मान ने एक गाना भी गया था, जो काफी पसंद किया गया था। ये गाना था पानी दा रंग। इसके अलावा भी कई मौके पर वह अपनी गायिकी का जलवा दिखाते रहते हैं। आयुष्मान एक बेहतरीन अभिनेता के साथ-साथ बेहतरीन गायक भी हैं।




## कांग्रेस विधायक राजेंद्र सिंह ने सुनाई ऋषि चार्वाक द्वारा कही बात

# बजट पर चर्चा... सत्ता पक्ष ने बताई खूबियां विपक्ष बोला- कर्ज लेकर घी पी रही सरकार



विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा प्रस्तुत बजट पर गुरुवार को विधानसभा में चर्चा शुरू हुई। भाजपा ने जहां बजट की खूबियां बताई तो विपक्ष ने कहा कि सरकार कर्ज लेकर घी पी रही है। भाजपा के सीतासरण शर्मा ने चर्चा में राजधानी के प्रमुख दैनिक हरिभूमि का उल्लेख करते हुए कहा कि उसने भी बजट की तारीफ की है, जबकि विपक्ष सिर्फ खामियां निकालने का काम कर रहा है। विपक्ष की ओर से चर्चा की शुरुआत करते हुए कांग्रेस के वरिष्ठ विधायक राजेंद्र कुमार सिंह ने ऋषि चार्वाक का जिक्र करते हुए कहा कि सत्ता पक्ष उनका अनुयायी दिखता है और कर्ज लेकर घी पी रहा है। सरकार यह कहावत चरितार्थ कर रही है कि खाओ, पियो और मस्त रहो। सिंह ने सलाह दी कि सरकार को ऋषि चार्वाक के कहे पर नहीं चलना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार ने पिछले वर्ष 45 हजार करोड़ कर्ज लिया था और इस वर्ष 55 हजार करोड़ लेने जा रही है। उन्होंने कहा कि बजट में जिन योजनाओं का जिक्र किया है, उन्हें संचालित करने के लिए बजट में किए गए प्रावधान के अलावा 95 हजार करोड़ रुपए की और जरूरत है। सरकार यह कहां से जुटाएगी जबकि केंद्र सरकार और कर्ज लेने की अनुमति नहीं दे रहा है।

### सीतासरन ने तारीफ में हरिभूमि का भी किया जिक्र




### बजट में एक भी टैक्स नहीं लगाया

पूर्व विधानसभा अध्यक्ष और होशंगाबाद से भाजपा विधायक डॉ. सीताशरण शर्मा ने विधानसभा में बजट पर चर्चा के दौरान कहा कि बजट को बड़ा सोच-समझकर तैयार किया गया है। सबसे बड़ी बात तो यह कि एक रुपए भी टैक्स नहीं लगाया गया है। वहीं 16 प्रतिशत बजट का आकार बढ़ गया। पत्रकारों और अर्थ शास्त्रियों ने बजट की तारीफ की है। एक विधानसभा में 3 से 4 सीएम राइज स्कूल खोले जाने का प्रावधान है। पीएम श्री एक्सीलेंस कालेज खोले जा रहे है। उन्होंने कांग्रेस की ओर इशारा करते हुए कहा कि तीर्थदर्शन योजना जो इनकी सरकार ने बंद कर दी थी, उसे हम लोग 6 महीने में 2 बाद हरी झंडी दिखा चुके है। प्लेन से भी तीर्थ यात्रियों को ले जा रहे हैं।

### मप्र का बजट विकसित भारत के प्रधानमंत्री के संकल्प के अनुरूपः विधायक अभिलाष



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व 2024-25 का बजट सर्व-स्पर्शी, सर्व समावेशी एवं प्रदेश के जन-जन और हर क्षेत्र के कल्याण के प्रति समर्पित बजट है। यह बात गुरूवार को सदन में जबलपुर विधायक डॉ. अभिलाष पांडेय ने आय-व्ययक पर सामान्य चर्चा के दौरान कही। उन्होंने सदन में कहा कि मोहन सरकार का बजट विकसित भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संकल्प के अनुरूप है। यह बजट मप्र की अग्रणी भूमिका एवं समाज के चार अमृत स्तंभ जिसमें नारी शक्ति, युवा, किसान और गरीब इन्हीं के उत्थान पर केंद्रित है। इस साल का मप्र शासन का कुल बजट 365067 करोड़ है, जो पिछले साल के बजट की तुलना में 50000 करोड़ से भी अधिक है। इसके लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को बहुत-बुहत धन्यवाद।

### अब 2003-04 का रोना बंद करना चाहिएः राजेंद्र

कांग्रेस के राजेंद्र सिंह ने कहा कि सरकार आज भी अपने काम की तुलना 2003-04 से करती है, जबकि अब यह रोना बंद करना चाहिए। भाजपा को सत्ता में लगभग 20 साल हो चुके हैं। सिंह ने सुझाव दिया कि सरकार को व्यापार और रोजगार पर ध्यान देने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अब इन्वेस्टर्स समिट का नाम बदला है, जबकि पहले ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का अनुभव अच्छा नहीं है। जो आंकड़ दिए जाते थे वे अविश्वसनी दिखते थे इसीलिए नतीजे भी अच्छे नही रहे। सिंह ने अन्य कई मुद्दों पर भी बजट की खामियां गिनाईं।

### बजट में आय बढ़ाने पर ध्यान नहींः मिश्रा

इधर, कांग्रेस के विधायक अभय मिश्रा ने बजट का निराशजनक करार देते हुए कहा कि बजट में आय बढ़ाने पर फोकस नहीं किया गया। उद्योग में निवेश इस बार मात्र 38 लाख बढ़ाया गया है। उन्होंने बजट के अलावा रीवा में अपराधिक गतिविधियों का मुद्दा उठाते हुए कहा कि रीवा में इस साल 25 हजार अपराध घटित हुए हैं और 5 हजार से ज्यादा अपहरण के केस दर्ज हुए हैं। इधर, कैग की रिपोर्ट का हवाला देकर कहा कि रीवा में निर्मित हुए पुलों में बड़ा खेल हुआ है। उन्होंने उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला की ओर इशारा करते हुए कहा कि एक मंत्री के संरक्षण में यह हो रहा है। इधर, कांग्रेस विधायक सचिन यादव ने बजट पर चर्चा के दौरान सदन में कहा कि सुनने में तो बहुत अच्छा लगा है, लेकिन बजट के अंदर आंकड़े की हकीकत का पता चलता है कि बजट की 80 प्रतिशत राशि सरकार ने अपने व्यय के लिए रखी है, उसका जनता से कोई लेना-देना नहीं है।

### बजट अमीरों को अमीर और गरीबों को गरीब बनाने वाला

मनावर से कांग्रेस विधायक हीरालाल अलावा ने बजट पर चर्चा के दौरान कहा कि यह बजट अमीरों को अमीर और गरीबों को और गरीब बनाने वाला है। एक लाख से ज्यादा इंजीनियर बेरोजगार हैं। बेरोजगारी के कारण लोग गुजरात और महाराष्ट्र पलायन कर रहे हैं। बजट में इनके पलायन रोकने की कोइ योजना नहीं है। कोई परीक्षा देने जाता है तो पीएससी और पटवारी भर्ती में हुए फर्जीवाड़े का पता चलता है। पटवारी घोटाले की जांच सार्वजनिक होनी चाहिए।

### बजट को असंवैधानिक घोषित करता हूं

कांग्रेस के विधायक फूल सिंह बरैया ने कहा कि मैं इस बजट को असंवैधानिक घोषित करता हूं। यह 7 करोड़ का बजट बता रहे हैं, लेकिन 6 करोड़ 30 लाख के लिए इसमें कुछ नहीं है। उन्होने मध्यप्रदेश में छात्रवृत्ति के घोटाले होने की बात कही। साथ ही कहा कि छात्रावृत्ति के नाम पर बंदरबांट हो रही है। इसके अलावा खुरई में एक बच्ची से हुई छेड़छाड़ उसके भाई और चाचा की हत्या का मामला उठाया।

---

नवा रायपुर के राखी थाना क्षेत्र की घटना सीसीटीवी में कैद

## तनाव के चलते चौथी मंजिल से कूदा सीनियर क्लर्क, दर्दनाक मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ के नवा रायपुर में एक सीनियर क्लर्क ने अपने ऑफिस की चौथी मंजिल से कूद कर खुदकुशी कर ली। जमीन पर टकराकर उसका सिर फट गया और मौके पर ही मौत हो गई। इस मामले में युवक के कूदने का 7 सेकेंड का लाइव वीडियो भी आया है। जिसमें वह रेलिंग को पार करते और कूदते हुए दिखाई दे रहा है। मामला राखी थाना क्षेत्र का है।

युवक की पहचान 35 साल के नरेश साहू के तौर पर हुई है। वह नवा रायपुर के पर्यावास भवन में वरिष्ठ सहायक लेखा के पद पर काम करता था। शुक्रवार को वह रोज की तरह ड्यूटी पर पहुंचा फिर 10 बजकर 40 मिनट पर बाहर निकला। इसके बाद इमारत की चौथी मंजिल के रेलिंग के पास पहुंच गया। गिरने पर चीखने की आई आवाज



### सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हुई घटना

चौथे माले पर लगे सीसीटीवी कैमरे पर साफ दिख रहा है कि नरेश चल कर रेलिंग के पास पहुंचता है और उसे पार करता है। इसके बाद वह छलांग लगा देता है। सिर फटने से नरेश की मौके पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि नरेश गिरने के दौरान जोरदार चीखा भी था। उसके नीचे गिरते ही ग्राउंड फ्लोर में मौजूद लोग हड़बड़ा गए।

### पुलिस कर रही मामले की जांच

जमीन पर गिरने और खून बहता देख लोगों ने पुलिस को इसकी जानकारी दी। मौके पर पहुंची ने पंचनामा कर लाश को पोस्टमॉर्टम के लिए मॉर्चुरी भेजा है। हालांकि पुलिस को युवक की जेब से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। पुलिस युवक के ऑफिस स्टाफ और परिवार से पूछताछ कर रही है। इस हादसे के बाद परिवार का रो-रो कर बुरा हाल है।

### कुछ वर्ष पहले हुआ था विवाद

राखी थाना प्रभारी अजीत सिंह राजपूत से मिली जानकारी के मुताबिक, युवक नवा रायपुर में नौकरी करता था और पचपेड़ी नाका में अपने परिवार के साथ रहता था। 3-4 साल पहले उसकी शादी हुई थी और एक बच्ची भी है। मृतक मूल रूप से सुपेला भिलाई का रहने वाला था। पुलिस को आशंका है कि युवक घरेलू विवाद की वजह से परेशान था।

---

### जहरीली गैस का रिसाव हो सकता है कारण

## अलग-अलग घटनाओं में कुए में उतरे नौ लोग, मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ में कुआं काल बना हुआ है। आज शुक्रवार को प्रदेश के अलग-अलग दो जिलों में कुएं में उतरने से नौ लोगों की मौत हो गई है। जांजगीर-चांपा में पिता और दो बेटे समेत पांच, तो कोरबा जिले में पिता-पुत्री समेत चार लोगों की मौत हुई है। छत्तीसगढ़ में कुआं काल बना हुआ है। आज शुक्रवार को प्रदेश के अलग-अलग दो जिलों में कुएं में उतरने से नौ लोगों की मौत हो गई है। जांजगीर-चांपा में पिता और दो बेटे समेत पांच, तो कोरबा जिले में पिता-पुत्री समेत चार लोगों की मौत हुई है। इस हादसे के बाद परिवार में मातम छाया हुआ है। दरअसल, बरसात के दिन आने पर कुएं की साफ-सफाई करने के लिए उतरे हुए थे। कुएं में गैस रिसाव के चलते उनकी मौत हो गई, इन्हें बचाने के लिए एक-एक कर उतरे नौ लोगों की मौत हो गई है। जहरीली गैस की वजह से सभी का दम घुटने लगा, जिससे उनकी मौके पर मौत हो गई।

---

## सामाजिक और धार्मिक आयोजनों के प्रबंधन में समुचित सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करेंः सीएम

▶ गृह विभाग द्वारा दिशा-निर्देश जारी

▶ कलेक्टर और एसपी बनाएंगे व्यवस्थाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशों के परिपालन में प्रदेश में सामाजिक व धार्मिक आयोजनों के प्रबंधन में समुचित सुरक्षा व्यवस्था के लिये गृह विभाग ने दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इन आयोजनों में अव्यवस्था या भगदड़ अथवा अन्य दुर्घटनाओं जैसी अप्रिय स्थितियों से निपटने के लिये प्रदेश के सभी कलेक्टरों, पुलिस अधीक्षकों और भोपाल-इंदौर के पुलिस आयुक्तों को आवश्यक इंतजाम करने के निर्देश दिए गए हैं। इससे प्रदेश में समय-समय पर होने वाले विभिन्न प्रकार के सामाजिक एवं वृहद स्तर पर होने वाले धार्मिक आयोजनों में बेहतर व्यवस्थाएं हो सकेंगी। साथ ही बेहतर प्रबंधन से सम्भावित दुर्घटनाओं को रोकने में मदद मिल सकेगी। गृह विभाग ने निर्देशित किया है कि आयोजकों को स्पष्ट व लिखित निर्देश जारी करें। प्रशासन वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी आयोजन स्थल का भ्रमण करें, परिस्थितियों का आंकलन कर संभावित अव्यवस्थाओं को नियंत्रित करने के लिये सभी प्रबंधन किया जाना सुनिश्चित कराएं। संभावित भगदड़ को रोकने की समुचित व्यवस्था के लिए आगमन और निर्गम के रास्तों की सुव्यवस्थित बैरिकेडिंग कर एवं सुचारू रूप से भीड़ पर समुचित नियंत्रण किया जाए। विपरीत दिशा में लोगों के अचानक बढ़ती भीड़ को रोकने एवं विपरीत दिशाओं में जाती अत्यधिक भीड़ के बीच होने वाले टकराव को रोकने की भी व्यवस्था की जाए। कार्यक्रम स्थल के सभी सकरे प्रवेश एवं निर्गम द्वारों को चिन्हित कर इनसे प्रवेश एवं निर्गम करने वाले श्रद्धालुओं की संख्या नियत की जाए। आयोजन स्थल के पास नदी, नाला आदि हो तो वहां सेवादार अथवा पुलिस बल की तैनाती के साथ नाव तथा गोताखोर की व्यवस्था रखी जाए।

### अग्निशमन वाहनों और एम्बुलेंस की व्यस्था

सीएम ने निर्देश दिए कि भक्तों के आने-जाने के लिए पृथक-पृथक मार्ग निर्धारित किए जाएं एवं यथा-संभव महिला-पुरुष के लिए पृथक-पृथक व्यवस्थाएं की जाए। यदि प्रवेश एवं निर्गम के लिए एक ही द्वार हो, तो कार्यक्रम के लिए अस्थाई द्वार बनाने अथवा किसी अन्य व्यवस्था द्वारा संभावित खतरे को कम करने के लिए आवश्यक प्रबंध किए जाए। आपात स्थिति में भगदड़ रोकने के लिए आपातकालीन द्वार एवं प्रेशर रिलीज प्वाईन्ट पूर्व से ही चिन्हित कर, उसे आपात स्थिति के दौरान खोलने के लिए प्रक्रिया निर्धारित की जाए। लोगों की सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे, लाउडस्पीकर की व्यवस्था, वॉच टावर की व्यवस्था रखी जाए। यातायात प्लान एवं जगह-जगह पर पर्याप्त पार्किंग की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। कार्यक्रम स्थल पर अग्निशमन यंत्रों को आयोजकों द्वारा लगाया जाना सुनिश्चित किया जाये। आयोजन के दौरान अग्निशमन वाहनों, एम्बुलेंस आदि आपातकालीन वाहनों को व्यवस्थित रूप से रखने के लिए स्थल निर्धारित किया जाए। कार्यक्रम स्थल पर समुचित बिजली, शुद्ध पेय जल एवं सुलभ शौचालय आदि की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। विद्युत एवं पानी की व्यवस्था का अचानक तथा लंबे समय तक ठप होने की स्थिति में वैकल्पिक साधनों जैसे कि जनरेटर, पानी के टेंकर आदि की व्यवस्था की जाए। आयोजन स्थल पर चिकित्सा सुविधा व्यवस्था रखी जाए साथ ही चिकित्सक, पैरा मेडिकल स्टाफ की ड्यूटी लगाई जाए।

---

### मुख्यमंत्री ने अमरवाड़ा में की सामाजिक एवं व्यापारिक संगठनों के साथ बैठक

# कांग्रेस सरकार में सीमाओं पर जवान और खेतों में किसान थे परेशानः सीएम डॉ. यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार को छिंदवाड़ा जिले के अमरवाड़ा विधानसभा उपचुनाव के तहत आयोजित विभिन्न सामाजिक एवं व्यापारिक संगठनों की बैठकों को संबोधित किया। इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने समाज के सभी वर्गों को सम्मान देने का कार्य किया है। भाजपा सरकारों ने सभी समाज के जननायकों, स्वतंत्रता संग्राम सैनानियों, शूरवीरों, महापुरूषों को सम्मान देने का कार्य किया गया है।

समाज के सभी वर्गों के युवाओं, महिलाओं, प्रबुद्धजनों ने भाजपा के प्रति विश्वास जताया है। मध्यप्रदेश के छिंदवाड़ा लोकसभा सीट पर मिली विजय सबसे बड़ी विजय है। समाज के सभी वर्गों, बुद्धिजीवियों के आशीर्वाद से भाजपा अमरवाड़ा उपचुनाव में भी ऐतिहासित विजय प्राप्त करेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि देश और मध्यप्रदेश में कांग्रेस पार्टी ने वर्षों शासन किया है, लेकिन किसानों, युवाओं, बेरोजगारों और महिलाओं के सम्मान में कोई कार्य नहीं किया। कांग्रेस के शासन में सीमाओं पर जवान और खेतों में किसान दोनों परेशान थे, आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सेना के जवानों और किसानों दोनों का सम्मान बढ़ाया है।



### आदिवासी समाज का कांग्रेस ने हमेशा अपमान किया

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि कांग्रेस पार्टी और उसकी सरकार ने आदिवासी समाज का हमेशा अपमान किया है, उन्हें सिर्फ वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल किया है। वहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर आदिवासी दिवस घोषित करने के साथ ही पीएम जन-मन योजना के माध्यम से समाज के लोगों के उत्थान के लिए कार्यक्रम किया है। सागर जिले में 100 करोड़ की लागत से संत रविदास मंदिर का स्मारक बनाया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भगवान बिरसा मुंडा की स्मृति में 15 नवंबर को प्रति वर्ष आदिवासी गौरव दिवस मनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि समाज के सभी वर्गों एवं उनके महापुरुषों को सम्मान देने का कार्य भारतीय जानता पार्टी की सरकार ने किया है।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने श्री विरागसागर महाराज की समाधि पर अर्पित किए श्रद्धा सुमन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गणाचार्य 108 श्री विराग सागर महाराज की महाराष्ट्र के जालना में बुधवार को हुई समाधि पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पूज्य गणाचार्य श्री विराग सागर महाराज का जन्म मध्यप्रदेश के दमोह जिले में पथरिया में हुआ था। गणाचार्य विराग सागर जी की समाधि देश के संपूर्ण जैन समाज के साथ ही मध्यप्रदेश वासियों के लिए भी गहरा आघात है। संतों, मुनियों की शिक्षाएं सदैव समाज के लिए उपयोगी होती हैं।

भारतीय रेल
भारत सरकार
रेल मंत्रालय
(रेलवे बोर्ड)
सं. 2024/आरएस (ई)/टीएमएस/2 नई दिल्ली, दिनांक 05.07.2024
भारतीय रेलवे के लिए ट्रैक मशीन हेतु हाइड्रोलिक स्पेयर खरीद के लिए दिनांक 29.07.2024 को बंद होने वाली ई–ओपन स्वदेशी निविदा सं. 2024–टीएमएस–2
भारत के राष्ट्रपति की ओर से भारतीय रेलवे के लिए ट्रैक मशीन हेतु हाइड्रोलिक स्पेयर खरीद के लिए इलेक्ट्रॉनिक बोलयां आमंत्रित की जाती हैं। इच्छुक बोलीदाताओं सूचित किया जाता है कि वे आगे के ब्योरों के लिए, निविदा दस्तावेजों को डाउनलोड करने और अपनी ई–बोलियां जमा करने के लिए वेबसाइट https://ireps.gov.in पर जाएं।
निदेशक, रेल भंडार (एफ)
(रेलवे बोर्ड)
2055/24
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

हरियाणा सरकार निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचएसएएमबी रोहतक | गांव देसुजोधा जिला सिरसा में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में वैद्युत स्थापना और स्ट्रीट लाइट्स का प्रावधान + 1 कार्य। | 04.07.2024 12.07.2024 | 78.59 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9812100311 [illegible] |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2025/40/27539/I/88/7 दि. 05.07.24

हरियाणा सरकार निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिका बावल | नायचाना रोड कॉलोनी, नगर पालिका बावल में नई अनुमोदित कॉलोनी में विकास कार्य। | 25.06.2024 11.07.2024 | 61.40 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8901202433 secy.mc.bawal@gmail.com |
| 2 | नगर पालिका बावल | संत कबीर कॉलोनी, नगर पालिका बावल में नई अनुमोदित कॉलोनियों में विकास कार्य। | 25.06.2024 11.07.2024 | 83.96 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8901202433 secy.mc.bawal@gmail.com |
| 3 | नगर पालिका बावल | नगर पालिका बावल में ब्लॉक पब्लिक हैल्थ यूनिट (बीपीएचयू) का निर्माण। | 04.07.2024 15.07.2024 | 59.84 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8901202433 secy.mc.bawal@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2025/60/27538/I/88/7 दि. 05.07.24

## चिंतन

# कीर के सामने होगी भारत से रिश्ते सुधारने की चुनौती

ब्रिटेन में सत्ता परिवर्तित हो गई है। पिछले 14 वर्ष से अधिक समय से सत्तासीन कंजर्वेटिव पार्टी को करारी हार मिली है, जबकि प्रमुख विरोधी दल लेबर पार्टी को प्रचंड जीत मिली है। भारतीय मूल के ऋषि सुनक के प्रधानमंत्रित्व में यूनाइटेड किंगडम में कंजर्वेटिव पार्टी की सरकार थी। सुनक ऐसे समय में पीएम बने थे, जब यूके की अर्थव्यवस्था नाजुक दौर से गुजर रही थी, महंगाई चरम पर थी। इस हालात के कारण ही उनके पूर्ववर्ती लिज ट्रस महज 40 दिन ब्रिटेन की पीएम रह पाई थीं, उससे पहले बोरिस जॉनसन सत्ता संभाल रहे थे, पार्टीगेट कांड के चलते बोरिश को पद छोड़ना पड़ा था। सुनक कठिन समय में आकर ब्रिटेन को संभाला। वे अर्थव्यवस्था को पटरी पर लेकर आए, महंगाई पर अंकुश लगाया, लेकिन तब तक देर हो चुकी थी। कंजर्वेटिव या टोरी सरकार पर भ्रष्टाचार, अनियमितताओं के आरोप लगने लगे थे। ये आरोप बढ़ते ही जा रहे थे। ब्रिटेन की राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा (एनएचएस) की समस्या और प्रवासी समस्या से सुनक सरकार ठीक से नहीं निपट पा रही थी। इसके साथ ही 14 वर्ष की एंटीइन्कम्बेन्सी का भी सुनक को सामना करना पड़ा। एक यह भी कारण लगता है कि हिंदुत्व के प्रति मुखर होकर अपनी बात रखने के चलते बहुसंख्यक मतदाता के बीच सुनक ने अपनी चमक खोई हो। इस तरह अनेक कारण थे कि कंजर्वेटिव पार्टी को 200 वर्ष की सबसे बड़ी शिकस्त मिली। लेबर पार्टी के कलेवर व तेवर बदलने वाले कीर स्टॉर्मर को प्रचंड जनादेश का मतलब साफ है कि ब्रिटिश जनता कंजर्वेटिव सत्ता से उब चुकी थी और बदलाव चाहती थी। अब यूके की कमान 61 वर्षीय कीर स्टॉर्मर के हाथ में होगी, लेकिन उनके लिए यह कांटों भरा ताज होगा। ब्रिटेन की आर्थिक हालत ठीक नहीं है, सिस्टम में भ्रष्टाचार व्याप्त है, अवैध प्रवासियों की समस्या है, महंगाई उच्च स्तर पर है, बेरोजगारी बढ़ी है, एनएचएस अस्पतालों में कम सम कम 44 दिनों की प्रतीक्षा है, टैक्स के मुद्दे हैं, ब्रेग्जिट (यूरोपीय यूनियन से अलग होने) के बाद के प्रभाव उबरना है। इन सबसे स्टॉर्मर सरकार को निपटना होगा। यूके पर अमेरिका का पिछलग्गू होने का ठप्पा लगा हुआ है। ब्रिटेन के नए पीएम कीर स्टॉर्मर को नए सिरे से ब्रिटेन को संभालना होगा और जनता के लिए राहत की जमीन तैयार करनी होगी। बड़ा सवाल है कि नए ब्रिटिश पीएम कीर स्टॉर्मर की सरकार की भारत के साथ किस तरह के संबंध होंगे? पूर्व में लेबर पार्टी के मुखिया रहे जर्मी कॉर्बिन के कश्मीर के खिलाफ विवादास्पद बयानों के चलते उनकी पार्टी के भारत से संबंध तल्ख रहे हैं। हालांकि कीर स्टॉर्मर की राय जर्मी के समय भी अलग थी, वे भारत के महत्व को अधिक समझते थे। इसलिए जब वे लेबर पार्टी के मुखिया बने, तब से उनकी पार्टी ने कोई भी भारत विरोधी बयान नहीं दिया। स्टार्मर ने अपनी पार्टी को जनादेश मिलने पर भारत संग मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) समेत नई रणनीतिक साझेदारी का संकल्प जताया था। एफटीए अंतिम चरण में है। उम्मीद है जुलाई में इस पर हस्ताक्षर हो जाएंगे। कीर के लिए यह भारत से संबंध सुधारने का मौका भी होगा। लेबर पार्टी ने अपने घोषणापत्र में भारत के साथ सुरक्षा, शिक्षा, प्रौद्योगिकी और जलवायु परिवर्तन जैसे क्षेत्रों में सहयोग को गहरा करने का वादा किया है। इस चुनाव में दो दर्जन से अधिक भारतीय मूल के लोगों को जीत मिली है, स्टॉर्मर को ब्रिटिश भारतीयों के साथ अपनी पार्टी के रिश्ते को नए सिरे से आकार देने की कोशिश करनी होगी। कीर काल में भारत-ब्रिटेन के रिश्ते बेहतर होने की उम्मीद कर सकते हैं।

## सारा संसार



भारत के मध्यप्रदेश राज्य में कटनी से करीबन 34 किलोमीटर की दूरी पर मुहास गांव में स्थित हनुमान का मंदिर भारत के प्रसिद्ध चमत्कारी मंदिर में से एक है।

## उपलब्धि

योगेश कुमार गोयल



# अहम खोजें कर रहा चंद्रयान-3

इसरो ने चंद्रयान-3 मिशन के जरिये 23 अगस्त 2023 को अंतरिक्ष क्षेत्र में एक अविस्मरणीय अध्याय लिखते हुए ऐसा स्वर्णिम इतिहास रचा था। चंद्रयान-3 के लैंडर विक्रम ने चांद के दक्षिणी ध्रुव के मैन्जिनस सी और सिम्पेलियस एन क्रेटर के बीच 70.8 डिग्री दक्षिण अक्षांश पर लैंडिंग की थी, जो दक्षिणी ध्रुव से करीब 600 किलोमीटर दूर स्थित है। भारत को छोड़कर अभी तक दुनिया का कोई भी देश ऐसा नहीं है, जो चांद के दक्षिणी ध्रुव को छू सका हो। चंद्रयान-3 ने चांद से जुड़ी कई अहम जानकारियां इसरो के वैज्ञानिकों तक पहुंचाई हैं, जिसने चांद को समझने में अहम योगदान दिया है। हाल ही में इसरो ने चंद्रयान-3 के रोवर को लेकर खुशखबरी देते हुए बताया है कि प्रज्ञान रोवर ने बहुत महत्वपूर्ण जानकारी भेजी है, जिससे प्राप्त निष्कर्षों के अनुसार विक्रम लैंडर के जरिये चंद्रमा पर पहुंचे प्रज्ञान रोवर ने चंद्रमा के शिवशक्ति बिंदु के पास कई अहम खोजें की हैं, जो उस इलाके में मौजूद चंद्रमा की चट्टानों के टुकड़ों और उनकी उत्पत्ति से जुड़ी हुई हैं। इसरो के मुताबिक प्रज्ञान रोवर ने लैंडिंग स्थल पर छोटे गड्ढों के रिम, दीवार, ढलानों और फर्श के आसपास फैले छोटे चट्टान के टुकड़े देखे। इसरो के वैज्ञानिकों का मानना है कि प्रज्ञान रोवर द्वारा की गई इस खोज के ये परिणाम चंद्र अन्वेषण में बेहद महत्वपूर्ण कदम साबित हो सकते हैं क्योंकि ये उन पिछले अध्ययनों का समर्थन करते हैं, जो चंद्र रेगोलिथ के अंदरूनी हिस्से में चट्टान के टुकड़ों के धीरे-धीरे मोटे होने का अनुमान लगाते हैं। वैज्ञानिकों ने अब यह खुलासा किया है कि चंद्रयान-3 की नई खोज में पता चला है कि जब प्रज्ञान रोवर शिवशक्ति बिंदु के पश्चिम की ओर करीब 39 मीटर आगे बढ़ा था तो वहां पर जो चट्टानें उसे मिली, उनकी संख्या और आकार में काफी बढ़ोतरी थी। चंद्रमा पर चलने के दौरान, प्रज्ञान को चट्टान के छोटे-छोटे टुकड़े मिले थे, जिनकी लंबाई एक सेंटीमीटर से लेकर 11.5 सेंटीमीटर तक है। खोज में यह भी पता चला है कि इन चट्टानों में से किसी का भी व्यास दो मीटर से ज्यादा नहीं था। अध्ययन के अनुसार शिवशक्ति बिंदु के पश्चिम में मौजूद करीब दस मीटर व्यास का गड्ढा इन चट्टानों का स्रोत हो सकता है। इसी ने चट्टानों को आसपास के इलाकों में फिर से विभाजित कर दिया, जो समय के साथ वहीं दब गई, लेकिन प्रज्ञान ने इन्हें ढूंढ निकाला। वैज्ञानिकों के मुताबिक प्रज्ञान द्वारा की गई इस महत्वपूर्ण खोज के बाद अब उस इलाके में मौजूद चांद की चट्टानों के बारे में पूरी जानकारी हासिल हो सकती है और ऐसे में दुनियाभर के वैज्ञानिकों के लिए चांद को समझना अब और आसान हो जाएगा। चंद्रयान-3 मिशन का उद्देश्य चांद से चट्टानों के टुकड़े या अन्य नमूने धरती पर लाना नहीं था, बल्कि इसे निर्धारित अवधि तक चांद पर रहकर ही अनुसंधान करने के लिए डिजाइन किया गया था और इस मिशन की सफलता भारत के लिए बड़े गर्व का विषय है। हालांकि हाल ही में चीन चंद्रमा से मिट्टी और चट्टानों के कुछ टुकड़ों सहित कुछ नमूने धरती पर लाने में सफल हुआ है। अब इसरो जोर-शोर से चंद्रयान-4 मिशन को अंजाम देने के कार्य में जुट गया है। हाल ही में इसरो चीफ एस सोमनाथ ने कहा भी है कि 'चंद्रयान-4' 'शिव शक्ति' बिंदु से पृथ्वी पर चंद्र नमूने वापस लाएगा। बहरहाल, यदि इसरो चंद्रयान-4 मिशन के जरिये चांद के दक्षिणी ध्रुव से चट्टानों, मिट्टी सहित अन्य तत्वों के नमूने धरती पर लाने में सफल रहता है तो इसरो के इतिहास में यह बहुत बड़ी उपलब्धि होगी और इसरो का यह मिशन उसकी अंतरक्षि उड़ान में मील का पत्थर साबित होगा।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



## ब्रिटिश चुनाव

भावना सिंह

# 14 वर्ष बाद लेबर युग की वापसी

> ब्रिटेन के आम चुनाव में नि:संदेह लेबर पार्टी के लिए ये जीत करिश्माई है। उम्मीदों को सच करने वाली, अभिलाषाओं को जीवित करने वाली और नए इतिहास और संविधान को स्थापित करने वाली है। नई सरकार पर उम्मीदों का पहाड़ है। चरमराई अर्थव्यवस्था को फिर से पटरी पर लाने की चुनौती के अलावा विभिन्न देशों के साथ संबंध सुधारने की परीक्षा। पनपते नए किस्म के आतंकवाद से निपटना, अमेरिका की बिलावजह दखलदांजी को रोकना, ऊर्जा स्रोतों को स्थानीय स्तर पर खोजना, गैस और प्राकृतिक संसाधनों का उत्सर्जन करना। भारत के साथ मधुर हुए संबंधों को यथावत रखना किसी चुनौती से कम नहीं होगा।

ब्रिटेन में बेशक कड़ाके की ठंड पड़ रही हो, लेकिन आम चुनावों के परिणामों ने अचानक मौसम को गर्मा दिया है। वहां की राजनीति के इतिहास में एक नया पन्ना लिखा जाएगा, क्योंकि वहां पर सियासत की नई सुबह का आगाज हुआ है। चुनाव का ऐसा रिजल्ट, जिसकी कल्पना तक किसी ने नहीं की थी। सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों ने भी नहीं सोचा होगा। ब्रिटेन वासियों ने तकरीबन एक तरफा फैसला विपक्ष के हक में सुना डाला है। चुनाव में विजय हासिल करने वाली 'लेबर पार्टी' ने ब्रिटेन के सियासी इतिहास में पूर्व में जीत के सभी रिकॉर्ड तोड़ डाले हैं। रिजल्ट देखकर पार्टी प्रमुख कीर स्टार्मर फूले नहीं समा रहे और समाना चाहिए भी नहीं? आखिर उनका सपना जो सच हो रहा है। प्रधानमंत्री का ताज उनके सिर पर सजेगा। ब्रिटेन की नेशनल असेंबली में अभी तक वह नेता प्रतिपक्ष की भूमिका में थे। विपक्ष के तौर पर उन्होंने जो जनकल्याणी मुद्दे कुरेदे। उनको देशवासियों ने पसंद किया और वे उन मुद्दों से काफी प्रभावित और आकर्षित भी हुए। चुनावी समर में उन्होंने जनता से जो जमीनी वादे किए, उन्हें लंदन के मतदाताओं ने सिर आंखों पर उठाया। जनता ने आंख मूंदकर विश्वास किया। फिलहाल उन सभी वादों को पूरा करने की जिम्मेदारी अब नए सरताज के कंधों पर है। चुनौतियां हजार हैं, लेकिन उन्हें खुद पर विश्वास है कि वे इस सफर पर आने वाली तमाम चुनौतियों का बखूबी सामना कर लेंगे।

भारत के लिहाज से ऋषि सुनक की हार अच्छी नहीं है, क्योंकि प्रधानमंत्री रहते उनका मंदिरों में जाना, पूजा-अर्चना करना, हिंदू-हिंदुत्व की बातें करना, ये सब सनातनी प्रचार का हिस्सा माना जाता था। शायद ऐसा करना उनके लिए नुकसानदायक साबित हुआ हो। ब्रिटेन में बड़ी संख्या में भारतीय मूल के लोग रहते हैं। अफसोस इस बात का है कि उन्होंने भी ऋषि सुनक से किनारा कर लेबर पार्टी को वोट दिया। भारतीयों ने ऋषि सुनक को क्यों नकारा इसकी समीक्षा लंदन से लेकर भारत में खूब हो रही है। प्रधानमंत्री ऋषि सुनक बेशक अपनी संसदीय 'नॉर्थलेरटन' सीट से जीते हों, पर बहुत कम अंतर से? इस चुनाव में उनकी समूची पार्टी बुरी तरह से हारी है। विपक्ष की ऐसी सुनामी जिसमें मानो सत्तापक्ष असहाय होकर बह गया हो। ऋषि सुनक भी मात्र 23,059 वोटों से ही जीते हैं। वरना, शुरुआती रुझानों में उनकी भी हालत और भी खराब रही थी। वे शुरूआत के दो राउंड तक तो पीछे ही रहे थे। ताज्जुब वाली बात ये है कि 'नॉर्थलेरटन' वह क्षेत्र है, जहां सुनक स्वयं रहते हैं और भारतीयों की संख्या भी अच्छी-खासी है। बाकायदा उनके घर मंगलवार को हनुमान चालीसा का पाठ होता है, लोग शामिल होते हैं। इसके अलावा भारतीय तीज-त्योहारों पर लोगों को जुटना होता है। ऐसे मौकों पर तरह-तरह के भारतीय व्यंजन पकते हैं, पर वो लोग-समर्थक भी उनसे छिटक गए। ऋषि के ज्यादातर मंत्री और पार्टी के वरिष्ठ प्रमुख नेता भी चुनाव में चित हो गए। कई उम्मीदवारों की तो जमानतें भी जब्त हुई हैं। लंदन और भारत के मौजूदा चुनावों ने एक बात ये बता दी है कि मतदाताओं के



मिजाज को पढ़ना अब आसान नहीं? कोई नेता या दल इस मुगालते में न रहे हैं कि फलां समुदाय या मतदाता उनका है?

बहरहाल, ब्रिटेन में आए चुनाव नतीजे एग्जिट पोल के मुताबिक ही रहे। कुल सीटें 650 हैं जिनमें एग्जिट पोल में लेबर पार्टी को 410 सीट मिलने का अनुमान था। कमोबेश, फाइनल नतीजे उसके आसपास ही रहे हैं। आए नतीजों को देखकर लेबर पार्टी चमत्कार मान रही है। जैसे, दिल्ली विधानसभा चुनाव नतीजों को देखकर खुद अरविंद केजरीवाल हक्के-बक्के रह गए थे। ब्रिटेन चुनावों की सूनामी में ऋषि सुनक की कंजर्वेटिव पार्टी की एकदम उड़ गई। लेबर पार्टी ने 650 सीटों में से 400 पार के साथ 14 साल बाद प्रचंड वापसी की है। ब्रिटेन में चार जुलाई को आम चुनाव हुए थे। चुनावी मुद्दे कुछ ऐसे थे, जिनमें ऋषि सुनक घिर गए थे। दो प्रमुख मसले जिसमें पहला कोरोना में व्यवस्थाओं का चरमराना, वहीं दूसरा देश की अर्थव्यवस्था का ग्राफ नीचे खिसक जाना? इन दोनों मुद्दों को लेबर पार्टी ने अपना चुनावी कैंपेन बनाया था। भारत के साथ मित्रता और देशवासियों के हितों की अनदेखी करने का मुद्दा भी लंदन के चुनाव में खूब उछला। बहरहाल, ब्रिटेन की नई हुकूमत के साथ हमारे संबंध कैसे होंगे? इस सवाल के अलावा बड़ा सवाल यह खड़ा हो चुका है कि आखिर भारतीयों का सुनक के प्रति मोहभंग हुआ क्यों? ऋषि के भारतीय मूल के होने पर प्रवासी भारतीयों को उन पर गर्व होता था, पर जब वोटिंग का समय आया, तो ऐसा प्रतीत हुआ कि भारतीयों ने इमोशनल एंगल की जगह बदलने के लिए मतदान किया।


दरअसल इसे कंजर्वेटिव पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार के 14 साल के शासन से उपजी निराशा मानी जा रही है। वैसे, दिल पर लेने की जरूरत इसलिए भी नहीं है, राजनीति में हार-जीत कोई बड़ी बात नहीं? बदलाव होते रहते हैं और होने भी चाहिए? किसी एक व्यक्ति या दल के पास सत्ता की चाबी ज्यादा समय तक जनता रखना भी नहीं चाहती। हमारे यहां हाल ही में संपन्न हुए लोकसभा चुनाव में भी दुनिया ने चमत्कारी बदलाव देखे हैं। हालांकि, ब्रिटेन में आम चुनावों के परिणामों के बाद वहां के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने हार स्वीकार करते हुए और लंदनवासियों से माफी मांगते हुए लेबर पार्टी के नेता कीर स्टार्मर ब्रिटेन के अगले शासक बनने के लिए दिल खोलकर बधाई दी है। राजनीतिक लोगों में ऐसे नैतिकता हमेशा रहनी चाहिए।

निःसंदेह लेबर पार्टी के लिए ये जीत करिश्माई है। उम्मीदों को सच करने वाली, अभिलाषाओं को जीवित करने वाली और नए इतिहास और संविधान को स्थापित करने वाली है। नई सरकार पर उम्मीदों का पहाड़ है। चरमराई अर्थव्यवस्था को फिर से पटरी पर लाने की चुनौती के अलावा विभिन्न देशों के साथ संबंध सुधारने की परीक्षा। पनपते नए किस्म के आतंकवाद से निपटना, अमेरिका की बिलावजह दखलदांजी को रोकना, उर्जा स्त्रोतों को स्थानीय स्तर पर खोजना, गैस और प्राकृतिक संसाधनों का उत्सर्जन करना, यूक्रेन-रूस युद्ध के बाद बिगड़े कई मुल्कों से संबंधों को फिर से नई धार देना। भारत के साथ मधुर हुए संबंधों को यथावत रखना किसी चुनौती से कम नहीं होगा। हालांकि स्टॉर्मर ने अपने पहले विजयी भाषण में सिर्फ अपने मुल्कवासियों को संदेश दिया है जिसमें उन्होंने कहा है कि 'मैं आपकी आवाज बनूंगा, आपका साथ दूंगा, हर दिन आपके लिए लड़ूंगा। उनके कहे उन शब्दों पर जनता ने खूब तालियां बजाई हैं। लंदन का एक तिहाई समर्थन उनके पक्ष में है। इस जनादेश और जनसमर्थन को सहेजना भी कठिन परीक्षा जैसा रहेगा।

(लेखिका स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

# जीवन का मात्र अनुभव करें



संकलित

**दर्शन**

अकसर हम यह सोचते हैं कि जिसने जीवन में अधिक कठिनाइयों का सामना किया है, वह जल्दी समझदार बन जाता है। कितना सही है यह सोच। वस्तुतः जीवन में कठिन कुछ नहीं होता है। जीवन में सिर्फ परिस्थितियां होती हैं। फिर चाहे आप उसका अनुभव एक कठिनाई के रूप में करें या आनंद के रूप में। यह चुनने का अधिकार आपका अपना है। अगर आप समझदार हैं तो आप हर परिस्थिति को एक आनंदमय प्रक्रिया में बदल देंगे। अगर आप समझदार नहीं हैं, तो आप अपने लिए हर परिस्थिति को कठिनाई बना लेंगे। अगर आप जानते हैं कि अपने दिमाग में चल रही बेतुकी बातों को कैसे महत्व ना दें, अगर आप अपने दिमाग में चल रहे मनोवैज्ञानिक बकवास में उलझे नहीं, तो आप निश्चित रूप से जल्दी समझदार बन जाएंगे।जीवन सिर्फ परिस्थिति है। 'दुखद' परिस्थिति या 'सुखद' परिस्थिति जैसी कोई चीज नहीं होती। अगर आप आसान परिस्थिति चाहते हैं, तो यह बहुत आसान है। हम आपको एक पिंजरे में बंद कर सकते हैं और जितना आप खा सकते हैं, उससे अधिक भोजन आपको दे सकते हैं। आप बस पिंजरे में रहिए। हम इसका खयाल रखेंगे कि आप सभी चीजों से पूरी तरह सुरक्षित हों। कोई खतरा नहीं, कोई मुश्किल नहीं। आपको परिवार, बीवी-बच्चों का खयाल नहीं रखना है, रोजी-रोटी नहीं कमानी, कुछ नहीं करना है। कोई भी परेशानी नहीं। सारी बातों का खयाल रखा जाएगा। आप बस उस पिंजरे में रहिए। क्या आप ऐसा चाहते हैं? क्या इससे आपको सुख मिलेगा? नहीं।

# अहंकार ही व्यक्ति के समस्याओं का कारण है



संकलित

**प्रेरणा**

एक बार नारद मुनि ने कामदेव को पराजित कर दिया तो इस बात का घमंड हो गया। इसके बाद नारद जी जहां जाते, वहां अपनी तारीफ करने लगते। ऐसे ही एक दिन वे शिव जी के पास पहुंच गए। नारद जी ने शिव जी के सामने अपनी प्रशंसा करना शुरू कर दी। शिव जी नारद मुनि की बातें सुनकर समझ गए कि इन्हें अहंकार हो गया है। शिव जी से विदा लेकर नारद मुनि विष्णु जी के पास पहुंच गए और विष्णु जी के सामने अपनी तारीफ करनी शुरू कर दी। विष्णु जी के सामने नारद मुनि ने अहंकार दिखाया तो विष्णु जी ने तय किया कि नारद जी भक्त हैं और इनका घमंड करना सही नहीं है। इसके बाद विष्णु जी ने अपनी माया रची। नारद मुनि विष्णु जी के यहां लौट रहे थे तो उन्हें रास्ते में एक सुंदर राज्य दिखा। वे उस राज्य में पहुंचे तो वहां देखा कि एक राजकुमारी का स्वयंवर हो रहा है। राजकुमारी बहुत सुंदर थी। उसे देखकर नारद ही मोहित हो गए और तुरंत ही विष्णु जी के पास पहुंच गए। नारद मुनि ने विष्णु जी से कहा कि आप मुझे सुंदर रूप दे दीजिए। ताकि मैं उस स्वयंवर राजकुमारी से विवाह कर सकूं। इसके बाद नारद मुनि उस स्वयंवर में पहुंच गए। विष्णु जी ने नारद मुनि को बंदर का मुख दे दिया था। स्वयंवर में नारद पहुंचे तो वहां बंदर जैसे मुख की वजह से उनका बहुत अपमान हुआ। गुस्से में नारद मुनि ने विष्णु जी को शाप दे दिया, लेकिन जब उनका मन शांत हुआ तो उन्हें पूरी बात समझ आ गई। जब नारद का घमंड टूटा तो उन्होंने भगवान से क्षमा मांगी।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### स्वामी विवेकानंद जी को आदर्श बनाएं युवा

चार जुलाई को स्वामी विवेकानंद जी की पुण्यतिथि थी। उनका बचपन का नाम नरेंद्र दत्त था। रामकृष्ण परमहंस ने इन्हें प्रभु पूजा और मानवता की सेवा करने की शिक्षा दी और स्वामी जी ने इस शिक्षा का पालन करते हुए, अपना जीवन मानवता की सेवा में लगाया। रवींद्रनाथ टैगोर ने स्वामी विवेकानंद के बारे में कहा था, 'यदि आप भारत को जानना चाहते हैं, तो स्वामी विवेकानंद को पढ़िए। उनमें आप सब कुछ सकारात्मक ही पाएंगे, नकारात्मक कुछ भी नहीं।' स्वामी विवेकानंद जी के विचार आज भी युवा पीढ़ी के लिए प्रेरक हैं। स्वामीजी ने एक बार अपने भाषण में युवाओं से कहा था कि यदि सफल होना चाहते हो तो सबसे पहले अपने अहम् का नाश कर डालो।

- विकास वर्मा, महासमुंद

## ट्रेंड

### सुनक का धन्यवाद



ऋषि सुनक यूके के आपके सराहनीय नेतृत्व और आपके कार्यकाल के दौरान भारत और यूके के बीच संबंधों को गहरा करने में आपके सक्रिय योगदान के लिए धन्यवाद। आपको और आपके परिवार को भविष्य के लिए शुभकामनाएं।

नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### धन को केंद्रित कर रहा एआई



आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विनियमन से आगे निकल रहा है, शक्ति असंतुलन को बढ़ा रहा है, धन को और अधिक केंद्रित कर रहा है और मानवाधिकारों को कमजोर कर रहा है।

-एंटोनियो गुतरेस, यूएन महासचिव

### घोषणा करते हुए खुशी



यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि पुरी की तरह, हम पश्चिम बंगाल में भी दीघा में भगवान जगन्नाथ के लिए एक गौरव-प्रेरक मंदिर परिसर का निर्माण कर रहे हैं। यहां भगवान, बलभद्र और सुभद्रा की पूजा भी होगी, रथयात्रा भी मनाई जाएगी।

-ममता बनर्जी, सीएम बंगाल

### सेल फोन यूज़र्स पर भार




बिहार में डबल इंजन का अद्भुत खेल है, एक इंजन भ्रष्टाचार में लगा हुआ है और एक इंजन अपराध में लगा हुआ है। 15 दिन में 12 पुलों का गिरना कोई सामान्य घटना नहीं है। यह भ्रष्टाचार की पराकाष्ठा है।

-तेजस्वी यादव, राजद नेता

## करंट अफेयर


# इजराइल ने जेनिन शहर में सैन्य अभियान चलाया



इजराइली सेना ने शुक्रवार को कहा कि उसकी ओर से की जा रही आतंकवाद रोधी कार्रवाई में पश्चिमी तट के शहर जेनिन के इलाके में किया गया हवाई हमला भी शामिल है। फलस्तीन अधिकारियों ने बताया कि चार लोग मारे गए हैं। सेना ने कहा कि इजराइली सैनिकों ने उस इमारत को घेर लिया जहां आतंकवादी छिपे थे और इसके बाद सैनिकों ने जवाबी गोलीबारी की, जबकि एक हवाई हमले में क्षेत्र के "कई सशस्त्र आतंकवादियों को निशाना' बनाया गया। फलस्तीन के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि चार लोगों की मौत हुई है, लेकिन उनकी पहचान के संबंध में कोई जनकारी नहीं दी गई। जेनिन में यह झड़प इजराइल बस्ती विरोधी निगरानी समूह के एक दिन पहले दिये गये उस बयान के बाद हुई है जिसमें कहा गया था कि सरकार के कब्जे वाले पश्चिमी तट की बस्तियों में करीब 5300 नए घर बनाने की योजना है। जेनिन को उग्रवादियों के गढ़ के रूप में जाना जाता है जहां सेना अक्सर अभियान चलाती है।

## ऑफ बीट

# हृदय रोगियों को स्वास्थ्य प्रबंधन की जानकारी कम



एक नया अध्ययन हृदय रोगों के प्रबंधन में रोगी शिक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालता है। हृदय संबंधी समस्याओं से जूझ रहे व्यक्तियों के सामने आने वाली चुनौतियों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी मिली। हृदय संबंधी बीमारियाँ दुनिया भर में लाखों लोगों को प्रभावित कर रही हैं। जो मरीज़ हृदय संबंधी किसी घटना (जैसे कि दिल का दौरा) से गुज़रे हैं, वे अक्सर खुद को लक्षणों, दवाओं और जीवनशैली समायोजन के जटिल चक्रव्यूह से गुजरते हुए पाते हैं। इस यात्रा में रोगी शिक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका को समझते हुए, शोधकर्ताओं की हमारी अंतरराष्ट्रीय टीम ने विश्व स्तर पर हृदय रोगियों की विशिष्ट सूचना आवश्यकताओं की पहचान करने की कोशिश की। हमारे अध्ययन में हृदय रोगियों की शीर्ष सूचना आवश्यकताओं का आकलन करने के लिए एक मान्य पैमाने, कार्डियक रिहैबिलिटेशन (आईएनसीआर-एस) में सूचना आवश्यकताओं का उपयोग किया गया। विश्व स्वास्थ्य संगठन के सभी छह क्षेत्रों में फैले विभिन्न देशों में प्रशासित और विभिन्न आय वर्गों को शामिल करते हुए, पैमाने ने मरीजों की सूचना आवश्यकताओं का एक व्यापक दृष्टिकोण प्रदान किया।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।

# बजट सत्र से पहले हो जाएगा संसद में सिटिंग अरेंजमेंट अवधेश प्रसाद के बहाने विपक्ष ने 'खेल' कर दिया शुरू

विपक्षी दल अवधेश को तुरुप के पत्ते की तरह इस्तेमाल करने की रणनीति बना रहा

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

उत्तरप्रदेश विधानसभा में लगातार नौ बार चुनकर पहुंचे विधायक अवधेश प्रसाद इस बार फैजाबाद से जीतकर लोकसभा पहुंचे तो उनको भी उम्मीद नहीं होगी कि उन्हें सपा प्रमुख अखिलेश यादव अपने साथ पहली पंक्ति में बिठाएंगे।

उन्हें ये भी उम्मीद नहीं होगी कि उनके नाम की प्रस्तावना लोकसभा के उपसभापति के पद लिए भी कोई दल कर सकता है। दलित नेता अवधेश प्रसाद फैजाबाद जैसी सामान्य सीट सीट से जीतकर लोकसभा पहुंचे। वो फैजाबाद जिसके अंतर्गत अयोध्या विस सीट भी शामिल है। विपक्षी दल अवधेश प्रसाद को तुरूप के पत्ते की तरह इस्तेमाल करने की रणनीति पर काम कर





रहे हैं। लोकसभा के उपसभापति पद के लिए तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी ने अवधेश प्रसाद का नाम आगे बढ़ाया है। अभी संयुक्त विपक्षी दल की ओर से उनका नाम औपचारिक रूप से प्रस्तावित किया जाना है। उससे पहले लोकसभा में सांसदों के बैठने की जगह निर्धारित होने की प्रक्रिया में सपा संसदीय दल के नेता अखिलेश यादव की ओर से अवधेश प्रसाद के लिए पहली बेंच पर ही डिवीजन नंबर देने की अनुशंसा की गई है।

सदन के पहले बेंच पर विपक्ष और पक्ष के बराबर आठ-आठ सांसदों के लिए बैठने की जगह निर्धारित करने की व्यवस्था बन रही है। आगामी बजट सत्र से पहले सभी सांसदों को डिवीजन नंबर दे दिये जाएंगे। डिवीजन नंबर सांसदों के बैठने की व्यवस्था है जिसके तहत अगर किसी संसदीय मामले में वोटिंग की नौबत आती है तो अपने डिवीजन नंबर के मार्फत ही संबंधित सांसद वोटिंग में भाग लेते हैं।

भाजपा के 240 सांसद चुनकर लोकसभा पहुंचे हैं जब कि कांग्रेस के 99, सपा के 37 और तृणमूल के 29 सांसद हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, परिवहन मंत्री नितिन गडकरी जैसे नेताओं का अग्रिम पंक्ति में ही डिवीजन नंबर तय है। इनके साथ गठबंधन की ओर से तेलुगूदेश पार्टी के नेता और नागरिक उड्डयन मंत्री के. राममोहन राव नायडू और जदयू के कोटे से पंचायती राज मंत्री ललन सिंह को भी ट्रेजरी बेंच की ओर से पहली पंक्ति में जगह दिया जाना तय माना जा रहा है। कांग्रेस पार्टी की ओर से विपक्ष के नेता राहुल गांधी, अनुभवी सांसद सभापति के उम्मीदवार रहे के. सुरेश का स्थान फर्स्ट बेंच पर तय है।

सुरेश पार्टी के मुख्य सचेतक भी हैं। सपा संसदीय दल के नेता अखिलेश यादव, डीएमके नेता कानीमोझी और पूर्व केंद्रीय मंत्री टीआर बालू भी विपक्षी दलों की तरफ से पहली बेंच पर जगह पा सकते हैं। विपक्षी गठबंधन की ओर से राजद की मीसा भारती और शिव सेना उद्धव ठाकरे गुट के अरविंद सावंत को भी आगे की सीट के लिए अनुशंसा की जा सकती है।

## खबर संक्षेप

### राव का इस्तीफा, रास की एक और सीट हुई खाली

**नई दिल्ली।** राज्यसभा में एक नई रिक्ति पैदा हो गई जब सदन के सभापति जगदीप धनखड़ ने के



केशव राव का इस्तीफा स्वीकार कर लिया। राव ने कांग्रेस में शामिल होने के बाद बीआरएस के राज्यसभा सदस्य के रूप में अपनी सदस्यता छोड़ दी थी। राव के इस्तीफे के बाद सदन में 16 सीटें खाली हो गई हैं। राव 2020 से तेलंगाना से बीआरएस के राज्यसभा सदस्य थे।

### टॉयलेट साफ करो नहीं तो फेल कर दूंगी: प्रोफेसर

**लातूर।** महाराष्ट्र के लातूर में एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां सरकारी औद्योगिक



प्रशिक्षण संस्थान की एक महिला प्रोफेसर छात्रों को कम नंबर देने की धमकी देकर उनसे अपना घरेलू काम कराती थी। यहां तक कि प्रोफेसर छात्रों से टॉयलेट भी साफ कराती थी। इसका एक वीडियो भी सामने आया था। अब महिला प्रोफेसर को निलंबित कर दिया गया है।

### कांग्रेस में शामिल हो गए बीआरएस के 6 एमएलसी

**हैदराबाद।** तेलंगाना में भारत राष्ट्र समिति को बड़ा झटका देते हुए उसके 6 विधानपरिषद सदस्य



मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी की मौजूदगी में कांग्रेस में शामिल हो गए। तेलंगाना विधानपरिषद की वेबसाइट के अनुसार, वर्तमान में बीआरएस के पास 25 सदस्य हैं। कांग्रेस के 4 सदस्य हैं। तेलंगाना विधानपरिषद में कांग्रेस सदस्यों की संख्या बढ़कर अब 10 हो गई है।

### रेप के आरोप में वाईएसआर के पूर्व विधायक गिरफ्तार

**कुरनूल।** आंध्र प्रदेश पुलिस ने वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के पूर्व विधायक जे सुधाकर को एक



नाबालिग लड़की के साथ चार साल से अधिक समय तक बार-बार बलात्कार के आरोप में गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि लड़की वहां काम करती थी। कोडुमुरु के पूर्व विधायक सुधाकर को गिरफ्तार किया गया। लड़की ने पुलिस को 'वीडियो साक्ष्य' भी दिए।

### कुए में शख्स को निकालने उतरे 4 लोगों की भी मौत

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा जिले के एक गांव में उस वक्त मातम छह गया, जब गांव के



ही कुएं में 5 लोगों की मौत हो गई। कुए में गिरी लकड़ी को निकालने के लिए एक व्यक्ति कुएं में उतर गया। कुए से निकल रही जहरीली गैस से उसकी मौत हो गई। उसे बचाने के लिए पड़ोस में रह रहे 4 लोग उतरे। वहां जहरीली गैस की वजह से उनकी भी मौत हो गई।

## नेता प्रतिपक्ष ने अलीगढ़ व हाथरस में मृतकों के परिजनों को दी सांत्वना

# हाथरस के मुद्दे को संसद में उठाएंगे राहुल, सांत्वना दी

राहुल के गले लगकर रोए परिजन, दिया न्याय दिलाने का भरोसा

*यह भी बोले- हम परिजनों को दिलाएंगे पूरा न्याय*

सीपी सिंह ⏭ लखनऊ

कांग्रेस नेता एवं लोकसभा में नेता पऱतिपक्ष राहुल गांधी सत्संग के दौरान भगदड़ मचने से मृतकों के घर पहुंचे तो माहौल खासा भावुक हो गया। परिजन राहुल गांधी के गले लगकर जमकर रोए। इस दौरान राहुल गांधी ने कहा कि वह मामले को संसद में उठाएंगे।

साथ ही मृतकों के परिजनों को पूरा न्याय दिलाया जाएगा। हाथरस के गांव फुलरई में दो जुलाई को नारायण साकार विश्व हरि (सूरजपाल) द्वारा किए जा रहे सत्संग में भगदड़ मचने के दौरान 121 लोगों की मृत्यु हो गई थी। शुक्रवार को मृतकों को सांत्वना देने के लिए राहुल गांधी सुबह करीब साढ़े सात बजे अलीगढ़ के कस्बा पिलखना पहुंचे। वहां पर उन्होंने हादसे में मृत मंजू देवी, पंकज, प्रेमवती व शांति देवी के परिजनों को सांत्वना दी। इसके बाद वह हाथरस को रवाना गए।

वहां पर भी उन्होंने हादसे में मृतकों के परिजनों को ढांढस बंधाया। इस दौरान राहुल गांधी ने कहा कि घटना काफी दुखद है। वह इस मामले को संसद में उठाएंगे। हम राज्य सरकार से मांग करेंगे कि मृतकों के परिजनों को उचित मुआवजा और न्याय मिले। इस मामले में जो भी दोषी हो, उसे हर हाल में सजा मिलनी चाहिए। इस अवसर पर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, प्रदेश प्रभारी अश्वनी पांडेय, सहारनपुर के सांसद इमरान मसूद, पूर्व विधायक विवेक बंसल समेत अन्य नेता भी साथ रहे।



### एसआईटी की रिपोर्ट सौंपी गई सीएम को

हादसे के बाद ही शासन द्वारा गठित एसआईटी का गठन किया गया था। इसमें आगरा जोन की एडीजी अनुपमा कुलश्रेष्ठ एवं कमिश्नर अलीगढ़ चैत्रा वी. को शामिल किया गया गया था। एसआईटी ने हाथरस के डीएम, एसपी के साथ ही करीब 100 लोगों के बयान दर्ज कर रिपोर्ट तैयार की। मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह व डीजीपी प्रशांत किशोर ने शुक्रवार को एसआईटी की जांच रिपोर्ट को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सौंप दिया। जांच रिपोर्ट के बाद करीब आधा दर्जन अफसरों पर गाज गिरना तय माना जा रहा है।

### न्यायिक आयोग ने शुरू की जांच

हादसे की जांच के लिए गठित न्यायिक आयोग के अध्यक्ष बृजेश कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में गठित जांच आयोग जांच शुरू कर दी है। लखनऊ के डाली बाग स्थित नैमिषारण्यम गेस्ट हाउस में आयोग की बैठक हुई। इसमें आयोग के सदस्य पूर्व आईपीएस भावेश कुमार सिंह व पूर्व आईएएस हेमंत कुमार राव ने बैठक कर सूबे के आला पुलिस-प्रशासनिक अधिकारियों से हादसे से संबंधित दस्तावेज मांगे। संभावना व्यक्त की जा रही है शनिवार को आयोग हाथरस जाकर घटनास्थल के मुआयना कर सकता है।

### छापेमारी के बाद एक लाख का इनामी मधुकर गिरफ्तार

नारायण साकार विश्व हरि वाला की तलाश में पुलिस मैनपुरी आश्रम पहुंची। वहां बाबा तो नहीं मिले, लेकिन पुलिस आश्रम के बाहर खड़ीं दो गाड़ियां लेकर आ गई। एक लाख के इनामी मुख्य सेवादार देव प्रकाश मधुकर की तलाश में पुलिस ने यूपी के साथ ही हरियाणा, राजस्थान व दिल्ली में भी छापेमारी की। देव प्रकाश मधुकर को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। भगदड़ के बाद जांच कमेटी ने भोले बाबा उर्फ नारायण साकार हरि के खास देव प्रकाश मधुकर को मुख्य आरोपी बनाया गया था। पुलिस ने मधुकर के ऊपर एक लाख रुपए का इनाम भी घोषित किया था। हादसे के दिन से ही भोले बाबा और उनका साथी मधुकर दोनों गायब चल रहे थे। उनकी तलाश की जा रही थी।

## लुधियाना में हमला, गिरफ्तार

# संदीप जान की भीख मांगते रहे और 'निहंग' काटते रहे





एजेंसी ⏭ लुधियाना

पंजाब के लुधियाना में एक हैरान कर देने वाली घटना सामने आई है। लुधियाना शिवसेना पंजाब के नेता संदीप थापर गोरा पर सिविल अस्पताल के बाहर कातिलाना हमला किया गया। उन पर हमला करने वाले निहंग बताए जा रहे हैं।

दरअसल, हमलावर निहंगों के वेश में आए 4 लोगों ने तेज धार वाले हथियारों से गोरा पर जानलेवा हमला कर दिया। गंभीर हालत में उनको अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। घटना के वक्त संदीप थापर गोरा गनमैन के साथ सिविल अस्पताल में चलने वाले संवेदना ट्रस्ट के प्रधान रविंदर अरोड़ा की पुण्यतिथि समागम में शामिल होने गए थे। उसी दौरान उन पर यह हमला किया गया।

### समागम में माथा टेकने के बाद किया 'गंभीर'

हादसे से कुछ ही समय पहले शिवसेना नेता समागम में माथा टेकने के बाद बाहर निकले थे। इतने में निहंग के वेश में आए चार युवकों ने उन पर तेजधार हथियार से वार कर दिया। गोरा को लहुलुहान हालत में सिविल अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां से उन्हें रेफर कर दिया गया। उनकी हालत फिलहाल गंभीर बनी हुई है. पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### तलवार से जमीन पर गिरने तक किया वार

जब एक का मन भर गया तो दूसरे ने उन पर तलवार से तब तक वार किया, जब तक उनका स्कूटर जमीन पर नहीं गिर गया। इतने से भी आरोपियों का मन नहीं भरा। वे लगातार शिवसेना नेता पर हमला करते रहे और फिर उनकी स्कूटी पर बैठकर दो आरोपी फरार हो गए। हैरानी की बात ये है कि सड़क पर मौजूद लोग तमाशबीन बने देखते रहे।

### मामले में दो गिरफ्तार

संदीप थापर उर्फ गोरा थापर पर आज लुधियाना में जानलेवा हमला हुआ। थापर पर निहंगों ने तलवार से एक के बाद एक कई वार किए। जिसके बाद वह उसे घायलावस्था में छोड़कर घायल की स्कूटी लेकर फरार हो गए। अब उन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## अमृतपाल, राशिद ने ली लोकसभा सदस्यता

# कड़े सुरक्षा घेरे में अमृतपाल और राशिद को लाया गया संसद भवन

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

जेल में बंद रहते हुए लोकसभा चुनाव में जीत हासिल करने वाले वारिश पंजाब दे प्रमुख अमृतपाल सिंह और कश्मीरी नेता शेख अब्दुल राशिद ने शुक्रवार को लोकसभा सदस्य के रूप में पर शपथ ली। सिंह असम के डिब्रूगढ़ की जेल में राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के तहत बंद हैं। इंजीनियर राशिद के नाम से पहचाने जाने वाले शेख अब्दुल राशिद गैर कानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम के तहत दर्ज आतंकवाद के वित्तपोषण के मामले में तिहाड़



जेल में बंद हैं। शुक्रवार की सुबह कड़े सुरक्षा के घेरे में दोनों को संसद भवन लाया गया। लोकसभा अध्यक्ष के चैंबर में अमृतपाल और राशिद ने शपथ ली। सिंह ने लोकसभा चुनाव में खडूर साहिब से जीत हासिल की थी। राशिद ने बारामुला लोकसभा सीट से जीत हासिल की है।

## प्रभु की रथ यात्रा कल निकलेगी

# भगवान जगन्नाथ 15 दिन के एकांत के बाद आज आएंगे बाहर

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भगवान जगन्नाथ भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ 15 दिन के एकांतवास के बाद शनिवार को बाहर आएंगे।

शनिवार को वैदिक मंत्रोच्चार के साथ नेत्रदान होगा। फिर भगवान दर्शन देंगे। दर्शन के लिए दोपहर 2 बजे से भक्तों की भीड़ जुटने लगेगी। शाम 4 बजे नेत्रदान अनुष्ठान शुरू होगा। फिर 108 दीपों से मंगलआरती, जगन्नाथ अष्टकम, गीता के द्वादश अध्याय का पाठ और भगवान की स्तुति की जाएगी।



भगवान को मालपुआ सहित अन्य मिष्ठानों का भोग लगेगा। शनिवार को भगवान रात 9 बजे तक दर्शन मंडप में दर्शन देंगे और यहीं रात्रि विश्राम करेंगे। 7 जुलाई को प्रभु की रथ यात्रा निकाली जाएगी। दोपहर 2 बजे सभी विग्रहों को बारी-बारी से रथारूढ़ किया जाएगा।

# शराब पीड़ित स्वतंत्रता सेनानी नहीं, 10 लाख मुआवजा न दें


सीएम स्टालिन के आदेश के खिलाफ हाईकोर्ट में दलील

एजेंसी ⏭ कल्लाकुरिची

तमिलनाडु के कल्लाकुरिची जिले में पिछले महीने जहरीली शराब पीने से करीब 56 लोगों की मौत हो गई थी। पूरे राज्य में इस त्रासदी को लेकर हाहाकार मच गया था। इस पर भाजपा ने हंगामा भी किया था।

बिगड़ते हालात को देखते हुए सीएम एमके स्टालिन ने मृतकों के परिजनों को 10 लाख रऔर अस्पताल में भर्ती लोगों को 50 हजार का मुआवजा देने का ऐलान किया था। अब इस मुआवजे के आदेश को रद्द कराने के लिए मद्रास उच्च न्यायालय में एक जनहित याचिका दायर की गई है।

कल्लाकुरिची में अवैध शराब से 56 लोगों की मौत



### अवैध शराब पीना गलत

*गौस ने याचिका में कहा कि पीड़ित स्वतंत्रता सेनानी या सामाजिक कार्यकर्ता नहीं थे, जिन्होंने आम जनता या समाज के लिए अपनी जान गंवाई हो और जिन्होंने जहरीली शराब पीकर एक तरीके से गलत काम ही किया है। अवैध शराब पीना गलत ही था। जहरीली शराब के शिकार लोगों को सिर्फ सांत्वना देनी जानी चाहिए। जिन्होंने अपनी खुशी के लिए गैरकानूनी काम किया है, उन्हें कोई मुआवजा नहीं दिया जाना चाहिए।*

## नड्डा से मिले किरोड़ी लाल, क्या बातचीत हुई नहीं किया खुलासा

# मंत्री पद से इस्तीफा देकर चर्चा में आए मीणा

***इस मुलाकात के बाद माना जा रहा कि भाजपा अध्यक्ष नड्डा ने उन्हें इस्तीफा वापस लेने पर बातचीत की होगी***

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

मंत्री पद से इस्तीफा देकर चर्चा में आए राजस्थान भाजपा के दिग्गज नेता किरोड़ी लाल मीणा ने शुक्रवार को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात की।

पार्टी हाईकमान मीणा के इस्तीफे से अचंभित है और उनको राजस्थान सरकार में मंत्री बने रहने के लिए मना रहा है। बताया जा रहा है कि नड्डा ने किरोड़ी लाल मीणा से कहा



है कि वे इस्तीफा वापस ले लें। हालांकि जेपी नड्डा से मुलाकात के बाद बाहर निकले मीणा ने मीडिया से बातचीत में ऐसा कोई संकेत नहीं दिया कि वे इस्तीफा वापस ले रहे हैं। उन्होंने



कहा है कि मीटिंग में 'ऐसी बातें हुई हैं जिनको बता नहीं सकता'। मीणा ने यह भी कहा है कि उन्हें न संगठन से शिकायत है न मुख्यमंत्री से, चूंकि जनता के बीच चुनाव हारने पर इस्तीफा देने की बात कही थी, इसलिए ऐसा किया है। दरअसल, राज्य सरकार में मंत्री पद से इस्तीफा देने वाले किरोड़ीलाल मीणा को दिल्ली तलब किया गया था।

मीणा को अपनी बात पर अड़े रहने के लिए जाना जाता है। देखना ये है कि नड्डा से मुलाकात के बाद वे इस्तीफा वापस लेते हैं या नहीं। ज्ञात हो कि मीणा ने लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान कहा था कि अगर भाजपा दौसा और आसपास की सीटें हारी तो वे राजस्थान सरकार में मंत्री बने रहने की बजाए इस्तीफा दे देंगे। भाजपा चुनाव हार गई, इसी के चलते अपनी बात का मान रखने के लिए मीणा ने मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया है। फिलहाल पार्टी उन्हें इस्तीफा वापस लेने के लिए मनाने में जुटी है।

## हाईकोर्ट ने की अहम टिप्पणी

# सरोगेसी के जरिए मां बनने वाली महिलाओं को मिले लीव

एजेंसी ⏭ भुवनेश्वर

उड़ीसा हाई कोर्ट ने हाल में व्यवस्था दी है कि किराए की कोख (सरोगेसी) के जरिए मां बनने वाली महिला कर्मचारियों को वैसे ही मैटरनिटी लीव एवं अन्य लाभ पाने का अधिकार है जो प्राकृतिक रूप से बच्चे को जन्म देने वाली या बच्चा गोद लेकर मां बनने वाली महिलाओं को मिला है।

जस्टिस एस के पाणिग्रही की सिंगल बेंच ने 25 जून को ओडिशा फाइमेंस सर्विस की महिला अधिकारी सुप्रिया जेना की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह



व्यवस्था दी है।याचिकाकर्ता ने 2020 में इसे लेकर याचिका दायर की थी। जेना सरोगेसी के जरिए मां बनीं लेकिन उन्हें ओडिशा सरकार में उनके बड़े अफसरों ने 180 दिन की मैटरनिटी लीव देने से मना कर दिया। इसलिए उन्होंने सरकार के विरुद्ध हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया।

## रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एक्स पर दी जानकारी

# रक्षा उत्पादन 2023-24 में करीब 1.27 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंचा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को कहा कि भारत का वार्षिक रक्षा उत्पादन 2023-24 में करीब 1.27 लाख करोड़ रुपए के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया तथा यह 'मेक इन इंडिया' कार्यक्रम में एक और उपलब्धि है। वित्त वर्ष 2022-23 में रक्षा उत्पादन का मूल्य 1,08,684 करोड़ रुपए था।

सिंह ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा कि भारत को एक अग्रणी वैश्विक रक्षा विनिर्माण केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए सरकार अधिक अनुकूल व्यवस्था बनाने को प्रतिबद्ध है।

### नीतियों का सफल कार्यान्वयन

रक्षा मंत्रालय की ओर से शुक्रवार को जारी बयान के अनुसार, " रक्षा मंत्रालय ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नीत सरकार की नीतियों और पहलों के सफल कार्यान्वयन के आधार पर, 'आत्मनिर्भरता' प्राप्त करने पर ध्यान केंद्रित करते हुए वित्त वर्ष 2023-24 में मूल्य के संदर्भ में स्वदेशी रक्षा उत्पादन में अभी तक की सर्वाधिक

### देश ने स्वदेशी रक्षा उत्पादन में सर्वाधिक वृद्धि हासिल की

### डीपीएसयू का योगदान बढ़ा

इसमें कहा गया कि 2023-24 में वार्षिक रक्षा उत्पादन करीब 1.27 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। बयान में कहा गया, सभी रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों (डीपीएसयू), रक्षा सामग्री बनाने वाले अन्य सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों और निजी कंपनियों से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार देश में रक्षा उत्पादन का मूल्य रिकॉर्ड स्तर अर्थात 1,26,887 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है।




- मेक इन इंडिया कार्यक्रम में एक और उपलब्धि दर्ज
- वैश्विक रक्षा विनिर्माण केंद्र के रूप में विकसित होगा भारत

### हर साल नया कीर्तिमान स्थापित

सिंह ने इस उपलब्धि के लिए रक्षा क्षेत्र के सार्वजनिक उपक्रमों तथा रक्षा सामग्री बनाने वाले अन्य सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों सहित भारतीय उद्योग व निजी उद्योग को बधाई दी। उन्होंने कहा, " प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 'मेक इन इंडिया' कार्यक्रम हर साल नये कीर्तिमान स्थापित कर रहा है।"

### आत्मनिर्भरता प्राप्त करने पर ध्यान

मंत्रालय ने कहा यह उपलब्धि पिछले 10 वर्षों में सरकार द्वारा आत्मनिर्भरता प्राप्त करने पर ध्यान केंद्रित करते हुए लाए गए नीतिगत सुधारों और पहलों तथा व्यापार सुगमता की वजह से हासिल हुई है। स्वदेशीकरण के प्रयासों को निरंतर आधार पर आक्रामक तरीके से आगे बढ़ाया गया है, जिसके परिणामस्वरूप अब तक का सबसे अधिक वीओपी हासिल हुआ है।

### रक्षा निर्यात 32 फीसदी से अधिक बढ़ा

इसके अलावा बढ़ते रक्षा निर्यात ने स्वदेशी रक्षा उत्पादन में समग्र वृद्धि में जबरदस्त योगदान दिया है। इसमें कहा गया है कि वित्त वर्ष 2023-24 में रक्षा निर्यात 32.5 प्रतिशत बढ़कर 21,083 करोड़ रुपये के रिकॉर्ड उच्च स्तर को छू गया। यह गत वित्त वर्ष में 15,920 करोड़ रुपये था।

### 20.8 फीसदी योगदान निजी क्षेत्र का रहा

रक्षा मंत्रालय ने कहा, " 2023-24 में उत्पादन के कुल मूल्य (वीओपी) में से करीब 79.2 प्रतिशत योगदान डीपीएसयू/अन्य पीएसयू का और 20.8 प्रतिशत का योगदान निजी क्षेत्र का रहा।आंकड़े दर्शाते हैं कि निरपेक्ष मूल्य के संदर्भ में डीपीएसयू/पीएसयू तथा निजी क्षेत्र दोनों ने रक्षा उत्पादन में स्थिर वृद्धि दर्ज की है।

## सेल 6,500 करोड़ रुपए का करेगी पूंजीगत व्यय

एजेंसी ▶▶| हैदराबाद

- सेल के चेयरमैन अमरेंदु ने दी जानकारी
- कुछ वर्षों में एक लाख करोड़ रुपए निवेश की योजना

स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक अमरेंदु प्रकाश ने शुक्रवार को कहा कि कंपनी चालू वित्त वर्ष में 6,500 करोड़ रुपये का पूंजीगत व्यय करेगी। उन्होंने कहा कि यह अगले कुछ वर्षों में एक लाख करोड़ रुपये के निवेश की योजना का हिस्सा है। भारतीय इस्पात संघ द्वारा यहां आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान प्रकाश ने कहा कि इस्पात उद्योग ने सरकार से चीन द्वारा भारत में सस्ती धातु की 'डंपिंग' को नियंत्रित करने के लिए कदम उठाने की मांग की है और उम्मीद जतायी कि इस समस्या से निपटने के लिए उपाए किए जाएंगे। चेयरमैन ने कहा, 'इस वर्ष पूंजीगत व्यय का लक्ष्य 6,500 करोड़ रुपये है। हम अपनी सुविधाओं के रखरखाव के साथ-साथ बाधाओं को दूर करने के लिए नियमित पूंजीगत व्यय भी करते हैं। अधिकतर हिस्सा (2030 तक एक लाख करोड़ रुपये) वित्त वर्ष 2025-26 से शुरू होगा।' अगले तीन से चार वर्षों में नई परियोजनाओं तथा पुरानी परियोजनाओं के विस्तार के लिए अपने संयंत्रों में एक लाख करोड़ रुपये के निवेश की योजना के बारे में पहले ही सूचित किया था। इस निवेश में ऋण-इक्विटी अनुपात 1:1 बनाए रखने का लक्ष्य है। इस्पात परिदृश्य पर उन्होंने कहा कि विश्व 0.5 प्रतिशत की दर से बढ़ रहा है, जबकि भारत पिछले वर्ष 13 प्रतिशत की दर से बढ़ा और अगले 10 वर्षों में संचयी वृद्धि दर आठ प्रतिशत रहने की उम्मीद है। चीन से सस्ते इस्पात के आयात पर उन्होंने कहा कि दुनिया भर के देशों ने आयात कर बढ़ाने जैसे विभिन्न कदम उठाए हैं।

सेल SAIL

*डंपिंग रोधी शुल्क अगले पांच साल के लिए बढ़ा*

*खबरों के अनुसार, पिछले वर्ष भारत ने कुछ चीनी इस्पात पर 'डंपिंग' रोधी शुल्क को अगले पांच वर्षों के लिए बढ़ा दिया है। किसी देश के सस्ते आयात से घरेलू उद्योगों को नुकसान पहुंचने पर 'डंपिंग' रोधी शुल्क लगाया जाता है।*

### जियो 25,331 करोड़ रुपए के एजीआर के साथ शीर्ष पर

**नई दिल्ली।** दूरसंचार कंपनी रिलायंस जियो ने मार्च, 2024 तिमाही में सबसे अधिक समायोजित सकल राजस्व (एजीआर) 25,330.97 करोड़ रुपये दर्ज किया है। एजीआर के आधार पर सरकार स्पेक्ट्रम और लाइसेंस शुल्क की गणना करती है। भारती एयरटेल ने मार्च, 2024 तिमाही में अपने एजीआर में सबसे तेज वृद्धि देखी। रिलायंस जियो का एजीआर मार्च तिमाही के दौरान 10.21 प्रतिशत बढ़ा, जो एक साल पहले इसी अवधि में 22,985 करोड़ रुपये था।

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**भारतीय रेल**

**भारत सरकार**
**रेल मंत्रालय**
**(रेलवे बोर्ड)**

सं. 2018/ट्रैक–I(पी)/आरएसपी–ईयूआर/वॉल्.। दिनांक : 05.07.2024

**शुद्धिपत्र सं. 6**

**विषय : लॉन्ग रेल एक्सचेंज (अनलोडिंग एवं लोडिंग) सिस्टम और 05 (पांच) वर्ष के लिए इसकी वार्षिक अनुरक्षण संविदा (भारतीय रेल द्वारा मौजूदा ईयूआर उपलब्ध कराए जाने हैं) की आपूर्ति हेतु ई–निविदा सं. टीकेपी–1–2024.**

इच्छुक बोलीदाताओं को सूचित किया जाता है कि वे शुद्धिपत्र के ब्यौरों के लिए **http://ireps.gov.in** वेबसाइट देखें।

इसके अलावा, निविदा समापन तिथि और ई–बोली खोलने की तिथि बदलकर **30.07.2024** कर दी गई है।

(आलोक कुमार)
कार्यपालक निदेशक/रेलपथ (पीएंडपी)
कमरा नं. 256–डी, रेल भवन,
नई दिल्ली – 110001
फोन : 011–23304852
ई मेल: alokkumar.g@gov.in

2049/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

वरिष्ठ मंडल वि. अभि./क. वि., डी. आर. एम. ऑफिस, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्य हेतु खुली निविदायें आमंत्रित करते हैं।

| | |
|---|---|
| 1 | **कार्य का नाम व स्थान :** मौजूदा वाशिंग लाइन नंबर 1, 2, 3, 4 और 5, के विद्युतीकरण के संबंध में 25 केवी एसी ओएचई का डिजाइन, आपूर्ति, निर्माण, परीक्षण और कमीशनिंग दिल्ली सराय रोहिल्ला स्टेशन पर। |
| 2 | **अनुमानित लागत :** रु. 1,19,43,820.64/- |
| 3 | **बयाना राशि :** रु. 2,09,700/- |
| 4 | **ई-निविदा ऑनलाइन जमा करने की अवधि :** 16.07.2024 (10.30 बजे) से 30.07.2024 (15.00 बजे तक) |
| 5 | **ई-निविदा समापन की अंतिम तथा ई-निविदा खुलने की तारीख और समय :** 30.07.2024 (15.00 बजे) |
| 6 | **निविदा छपाई की लागत :** Capital (20427103) |
| 7 | **वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है :** www.ireps.gov.in |

सं.: 14A-क.वि.-नई दिल्ली-2024-25 दिनांक: 05.07.2024 2053/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

### पेरिस के गैलरीज लाफायेट में यूपीआई भुगतान शुरू

**लंदन/पेरिस।** भारत ने प्रतिष्ठित एफिल टावर में एकीकृत भुगतान इंटरफेस (यूपीआई) की सफल शुरुआत के बाद पेरिस के ऐतिहासिक डिपार्टमेंटल स्टोर गैलरीज लाफायेट में भी इसे शुरू किया है। यह महत्वपूर्ण कदम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के यूपीआई का वैश्वीकरण करने के दृष्टिकोण को साकार करने की दिशा में है।

**जॉब**

☛ FRAUD कॉल से सावधान AIRTEL 5G कंपनी मे घर बैठे पार्ट/ फुलटाईम (SMS जॉब )करके लड़के लड़कियों गृहणियां कमाए (15000-45000)/- महीना लैपटॉप +मोबाइल मुफ्त CALL/ WHATSAPP/ SMS करें- 7003467406 , 7645886307

**सूचना**

**सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।**

# निफ्टी का नया रिकॉर्ड पर सेंसेक्स फिसला

एजेंसी ▶▶| मुंबई

उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में एनएसई का मानक सूचकांक निफ्टी शुक्रवार को लगातार तीसरे सत्र में नए शिखर पर बंद हुआ लेकिन रिकॉर्डतोड़ प्रदर्शन कर रहा बीएसई सेंसेक्स हल्की गिरावट के साथ 80,000 के स्तर से नीचे आ गया।

बाजार में कारोबार उतार-चढ़ाव से भरा रहा। सत्र के अधिकांश हिस्से में बाजार खासे नुकसान में था लेकिन अंतिम घंटे की लिवाली आने से स्थिति थोड़ी बेहतर हो गई। कारोबार के अंत में बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 53.07 अंक गिरकर 79,996.60 पर बंद हुआ। हालांकि निफ्टी 21.70 अंक की मामूली बढ़त के साथ 24,323.85 के अपने नए सर्वकालिक उच्च स्तर पर बंद हुआ। साप्ताहिक आधार पर सेंसेक्स ने इस सप्ताह कुल 963.87 अंक यानी 1.21 प्रतिशत की उछाल दर्ज की। निफ्टी भी कुल 313.25 अंकों की तेजी हासिल करने में सफल रहा। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज के खुदरा शोध प्रमुख सिद्धार्थ खेमका ने कहा, 'निफ्टी दिन भर नकारात्मक दायरे में रहा। लेकिन सत्र के आखिरी आधे घंटे में आई तेजी से यह हल्की बढ़त के साथ बंद हुआ।'



- बीएसई सूचकांक 80 हजार के स्तर से नीचे आया
- कारोबार के अंतिम घंटों में बाजार में तेजी आई

### इन शेयरों में रही घट-बढ़

सेंसेक्स के समूह में शामिल शेयरों में से भारतीय स्टेट बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, हिंदुस्तान यूनिलीवर, एनटीपीसी, लार्सन एंड टुब्रो, नेस्ले इंडिया, पावर ग्रिड, आईटीसी, जेएसडब्ल्यू स्टील और सन फार्मास्यूटिकल्स के शेयरों में तेजी दर्ज की गई। दूसरी तरफ एचडीएफसी बैंक, टाइटन, महिंद्रा एंड महिंद्रा, इंडसइंड बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, टाटा मोटर्स, एचसीएल टेक्नोलॉजीज और एशियन पेंट्स के शेयरों में गिरावट का रुख रहा।

### सोना 200 रुपये मजबूत, चांदी में 350 रुपये की तेजी



**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजारों में मजबूत रुख के अनुरूप राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में शुक्रवार को सोना 200 रुपये की तेजी के साथ 73,310 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 73,110 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। इसके अलावा चांदी की कीमत भी 350 रुपये बढ़कर 93,400 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। पिछले सत्र में यह 93,050 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के शोध विश्लेषक दिलीप परमार ने कहा, "दिल्ली के बाजारों में हाजिर सोने की कीमतें (24 कैरेट) 73,310 रुपये प्रति 10 ग्राम पर रहीं, जो पिछले बंद भाव से 200 रुपये अधिक है।" वैश्विक बाजारों में कॉमेक्स में हाजिर सोना 2,363 डॉलर प्रति औंस पर रहा, जो पिछले बंद भाव से सात डॉलर अधिक है। इसके अलावा चांदी भी बढ़त के साथ 30.55 डॉलर प्रति औंस पर रही।



**नई दिल्ली।** एलआईसी एजेंटों के उच्चतर सशक्तिकरण के लिए एजेंसी परिवर्तन पहल ''जीवन समर्थ'' शुरू की है।

### पावरग्रिड ने सीएसआर के तहत कारगिल के सरकारी डिग्री कॉलेज के लिए 9 किलोलीटर क्षमता वाला ट्रक माउंटेड वाटर टैंकर जिला विकास आयुक्त कारगिल को सौंप दिया



पावर ग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (पावरग्रिड) ने सीएसआर के तहत कारगिल के सरकारी डिग्री कॉलेज के लिए 9 किलोलीटर क्षमता वाला ट्रक माउंटेड वाटर टैंकर जिला विकास आयुक्त, कारगिल को 05 जुलाई, 2024 को सौंप दिया। पावरग्रिड की कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) पहल के तहत, टैंकर को पावरग्रिड की ओर से श्री राजेश कुमार, कार्यपालक निदेशक (उत्तरी क्षेत्र-II) द्वारा मुख्य कार्यकारी पार्षद एलएएचडीसी, कारगिल श्री मोहम्मद जाफर अखनून की उपस्थिति में श्री श्रीकांतबालासाहेबसुसे, आईएएस, जिला विकास आयुक्त, कारगिल को सौंपा गया।श्रीअरशद इकबाल शाह, Sr.GM (लद्दाख), श्रीविनोद पी. बखला महाप्रबंधक (मानव संसाधन) और पावरग्रिड और कारगिल जिला प्रशासन के कई वरिष्ठ अधिकारियों के साथ-साथ गवर्नमेंट डिग्री कॉलेज, कारगिल के कर्मचारी और छात्र इस अवसर पर उपस्थित थे। सौंपे गए टैंकर की लागत लगभग ₹29.59 लाख है। लद्दाखयूटी के सबसे बड़े कॉलेज, कारगिल के सरकारी डिग्री कॉलेज में विभिन्न स्नातक डिग्री पाठ्यक्रमों में 3000 से अधिक छात्र नामांकित हैं।

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा **82 Cr.P.C.** देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सरफराज, पुत्रः** मोहम्मद सलाम, **पताः** गली नंबर 1, हंसराज डेयरी के पास, सुभाष मोहल्ला, भजनपुरा, दिल्ली; अन्य पताः डी–221, गली नंबर 14, भजनपुरा, दिल्ली ने मुकदमा **FIR No. 56/20, U/s 379/411 IPC, थानाः पटेल नगर, नई दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सरफराज** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सरफराज** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि मुकदमा **FIR No. 56/20, U/s 379/411 IPC, थानाः पटेल नगर, नई दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **सरफराज** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **07.08.2024** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**सुश्री उपासना सतीजा**
**अति. मुख्य महानगर दण्डाधिकारी**
**कमरा सं. 145, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली**

**DP/8689/CD/2024**
**(Court Matter)**

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा **82 Cr.P.C.** देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **शिवराज**, पुत्रः मोती, पताः घुमक्कड मायापुरी, दिल्ली ने **FIR No. 154/2021, U/s 380/454/411/34 IPC**, थानाः राजौरी गार्डन, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **शिवराज** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **शिवराज** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 154/2021, U/s 380/454/411/34 IPC**, थानाः राजौरी गार्डन, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **शिवराज** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **06.08.2024** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**श्री शशांक नंदन भट्ट**
**महानगर दंडाधिकारी**
**पश्चिम कमरा नं. 356**
**तीस हज़ारी कोर्ट, दिल्ली**

**DP/8650/WD/2024**
**(Court Matter)**

## राशिफल

**मेष** – धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाइयों का साथ मिलेगा।

**वृष** – वाणी में मधुरता तो रहेगी, परन्तु मन परेशान रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**मिथुन** – शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा, परन्तु लाभ में कुछ कमी आ सकती है। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**कर्क** – आत्मविश्वास में कमी आएगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कुटुम्ब के बुजुर्ग के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।

**सिंह** – सम्पत्ति में वृद्धि के योग बन रहे हैं। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। किसी नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।

**कन्या** – किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। संबंधों में निकटता आएगी।

**तुला** – मन में उतार–चढ़ाव रहेंगे। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

**वृश्चिक** – शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।

**धनु** – आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। घर–परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें।

**मकर** – व्यर्थ के क्रोध से बचें। लाभ में वृद्धि होगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन–सहन कष्टमय हो सकता है। सुखद समाचार मिलेगा।


**कुंभ** – मन अशान्त हो सकता है। संयत रहें। आलस्य भी बढ़ सकता है। सन्तान सुख में वृद्धि होगी। कारोबार में कुछ सुधार होगा।

**मीन** – परिवार की समस्या परेशान कर सकती है। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। नौकरी में कोई नई जिम्मेदारी मिल सकती है।

### रम्मी खिलाड़ियों के सहज रूप से आईटीआर फाइल करने और राष्ट्र निर्माण के लिए सशक्त बनाने वास्ते रम्मीटाइम और क्लियरटैक्स ने हाथ मिलाया


**भारत।** भारत के पहले अग्रणी कौशल-आधारित बहुभाषी गेम विकल्पों की पेशकश करने वाले रम्मी प्लेटफार्मों में से एक, रम्मीटाइम ने हाल ही में भारत के प्रमुख कर और वित्त मंच क्लियरटैक्स के साथ अपनी रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की है। इस सहयोग का उद्देश्य सभी रम्मी खिलाड़ियों को उनके आयकर रिटर्न (आईटीआर) को सहज रूप से और लागत प्रभावी ढंग से दाखिल करने में सहायता करना है।सभी रम्मी खिलाड़ी, चाहे वे रम्मीटाइम या अन्य रम्मी ऐप्स के उपयोगकर्ता हों, इस प्लेटफार्म पर पंजीकरण करा कर इस पेशकश का लाभ उठा सकते हैं। इस सहयोग के फलस्वरूप रम्मीटाइम के साथ पंजीकृत सभी रम्मी खिलाड़ी, जो स्वयं या चार्टर्ड अकाउंटेंट की सहायता से क्लियरटैक्स के माध्यम से अपना कर दाखिल करते हैं, उनको अपने द्वारा क्लियरटैक्स को भुगतान की गई राशि रमीटाइम एप्लिकेशन पर बनाए गए उनके गेम वॉलेट में 'डिस्काउंट क्रेडिट' के रूप में प्राप्त होगी।

### सेमिनार में "डिजिटल भारत में फिनटेक के प्रसार में भारतीय भाषाओं की भूमिका" विषय पर आलेख प्रस्तुत किए गए



**गुरूग्राम।** केनरा बैंक द्वारा हिंदी प्रशिक्षण समन्वय समिति, कृषि बैंकिंग महाविद्यालय, भारतीय रिज़र्व बैंक के तत्वावधान में दिनांक 04.07.2024 को केनरा बैंक उत्कृष्टता केंद्र, गुरुग्राम में "अखिल भारतीय सेमिनार" का आयोजन किया गया। सेमिनार में "डिजिटल भारत में फिनटेक के प्रसार में भारतीय भाषाओं की भूमिका" विषय पर आलेख प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार की सचिव सुश्री अंशुली आर्या रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता केनरा बैंक के कार्यपालक निदेशक, श्री अशोक चंद्र द्वारा की गई। इस अवसर पर श्री जयकिश, प्रधानाचार्य, कृषि बैंकिंग महाविद्यालय, भारतीय रिज़र्व बैंक, श्री अरविंद कुमार चतुर्वेदी, महा प्रबंधक, केंद्रीय कार्यालय, भारतीय रिज़र्व बैंक, श्री धर्मबीर, उप निदेशक, वित्तीय सेवाएं विभाग, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार, श्री राजेश कुमार सिंह, मुख्य महा प्रबंधक, केनरा बैंक, अंचल कार्यालय, दिल्ली, श्री श्रीनाथ जोशी, मुख्य शिक्षण अधिकारी, केनरा बैंक प्रबंधन संस्थान, मणिपाल व बैंक के मुख्य राजभाषा अधिकारी श्री ई रमेश उपस्थित रहे। सुश्री अंशुली आर्या, सचिव ने अपने संबोधन में कहा कि यह बहुत खुशी की बात है कि आज हम अपना तकनीकी कार्य हिंदी व अन्य क्षेत्रीय भाषाओं में करने में सक्षम हैं।

### शब्द पहेली - 5563



**बाएँ से दाए-**
1. हाईकमान-5
4. बुशर्ट, शर्ट-3
6. लाख, गोंद-2
7. प्रतिज्ञा-3
8. मां का भाई-2
10. धनवान, रईस-3
11. मरने के बाद शरीर को परीक्षण के लिये दान करना-4
14. जिज्ञासा, उत्साह-3
16. अनगिनत-4
17. वर्ष, बरस-2
18. लय, स्वर-2
19. गदर, बलवा-4
21. ईर्ष्या-3
22. गरुर, घमंड-4
24. राजा, सम्राट-3
25. पानी से सराबोर-2
27. व्यर्थ, फिजूल-3
28. चतुर्थ, चौथा-2
29. बहने का भाव-3
30. मन मोहने वाला-5

**ऊपर से नीचे**
1. आरामदायी-5
2. एक अनमोल रत्न, दुलारा-2
3. सेवा शुल्क-4
4. अभिव्यक्ति-3
5. बचत, जोड़-2
7. वहम-2
9. स्वामी-3
12. प्रवेश-3
13. धरोहर, थाती-4
15. तरंग, हिलोर-3
16. निरंकुश, मुंहजोर-4
17. किनारा, तट
18. कामधेनू, सुगंध-3
20. नुकसानदेह-5
21. दुनिया, जग-3
22. कहासुनी-4
23. चयन-3
24. चट्टान, शिला (अंग्रेजी-2)
26. ईश्वर, भगवान-2
28. प्रेम, लगन-2

### शब्द पहेली -5562 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | बं | दा | न | वा | ज | ■ | आ | स | मा | न |
| न | दी | ■ | र | ■ | ल | बा | दा | ■ | र | जा |
| व | ■ | ज | म | ज | म | ■ | ब | री | ■ | क |
| जी | म | ना | ■ | ■ | ह | ठ | ■ | ता | क | त |
| व | ■ | चा | ■ | जे | ल | ■ | पे | ■ | ता | ■ |
| न | ग | र | से | ठ | ■ | फ | ट | का | र | ना |
| ■ | री | ■ | ना | ■ | स | ना | ■ | रो | ■ | म |
| सु | ब | ह | ■ | दा | म | ■ | ■ | बा | री | क |
| र | ■ | क | श | ■ | झ | न | का | र | ■ | र |
| ता | प | ■ | प | र | दा | ■ | म | ■ | क | ण |
| ल | थ | प | थ | ■ | र | च | ना | का | र | ■ |



# विराट-रोहित के बिना जिम्बाब्वे के खिलाफ नई शुरुआत करेगी भारत की युवा टीम

## पांच मैचों की टी-20 श्रृंखला का पहला मैच आज शाम 4.30 बजे

एजेंसी ▶▶| हरारे

रोहित शर्मा और विराट कोहली के बिना की युवा ब्रिगेड जिम्बाब्वे के खिलाफ शनिवार से शुरू हो रही पांच मैचों की टी20 श्रृंखला में उतरेगी। इस प्रारूप में यह भारतीय क्रिकेट के नए दौर का सूत्रपात भी होगा। भारत में टी20 विश्व कप की जीत के सतत जारी जश्न के बीच शुभमन गिल की कप्तानी वाली आईपीएल सितारों से सजी यह युवा टीम जीत का अपना सिलसिला शुरू करना चाहेगी। आईपीएल में सनराइजर्स हैदराबाद के लिए शानदार प्रदर्शन करने वाले पंजाब के अभिषेक शर्मा और राजस्थान रॉयल्स के लिए खेलने वाले असम के रियान पराग इस श्रृंखला के जरिए पदार्पण करेंगे।

### रोहित-कोहली रिटायर

पिछले कुछ साल में रोहित और कोहली टी20 क्रिकेट में कई द्विपक्षीय श्रृंखलाओं से बाहर रहे हैं। अब टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से दोनों के संन्यास के बाद उनकी कमी जरूर खलेगी। इसकी भरपाई करना तो मुश्किल है लेकिन फिर परिवर्तन संसार का नियम है।





### 2026 तक खेलना है 34 मैच

शिवम दुबे, संजू सैमसन और यशस्वी जायसवाल तीसरे मैच से ही उपलब्ध होंगे। भारत के भावी टी20 कप्तान हार्दिक पंड्या, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत, अक्षर पटेल, अर्शदीप सिंह और कुलदीप यादव भी भविष्य में इस प्रारूप में लौटेंगे लिहाजा अंतिम एकादश में ज्यादा जगह खाली नहीं है। अब से 2026 टी20 विश्व कप तक भारतीय टीम इस प्रारूप में 34 मैच खेलेगी।

### भारतीय खिलाड़ियों की लाइनअप


कप्तान गिल पारी का आगाज करेंगे और देखना होगा कि उनके अजीज दोस्त अभिषेक शर्मा को पदार्पण का मौका मिलता है या चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ खेलते हैं। अभिषेक पारी की शुरुआत करते हैं तो गायकवाड़ तीसरे नंबर पर उतर सकते हैं। पराग चौथे नंबर पर बल्लेबाजी कर सकते हैं लिहाजा उनके चयन की संभावना अधिक है। टी20 क्रिकेट के आक्रामक फिनिशर रिंकू सिंह पांचवें नंबर पर उतर सकते हैं जबकि छठे नंबर पर जितेश शर्मा या ध्रुव जुरेल को उतारा जा सकता है। गेंदबाजी में आवेश खान और खलील अहमद का खेलना तय है जबकि डैथ ओवरों के खतरनाक गेंदबाज मुकेश कुमार तीसरे तेज गेंदबाज होंगे। दुबे के आने तक वॉशिंगटन सुंदर को मौका मिल सकता है।

### संभावित टीमें

**भारत (पहले दो मैच) :** शुभमन गिल (कप्तान), ऋतुराज गायकवाड़, अभिषेक शर्मा, रिंकू सिंह, ध्रुव जुरेल, रियान पराग, वॉशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, आवेश खान, खलील अहमद, मुकेश कुमार, तुषार देशपांडे, साइ सुदर्शन, जितेश शर्मा, हर्षित राणा।

**जिम्बाब्वे :** सिकंदर रजा (कप्तान), फराज अकरम, ब्रायन बेनेट, जोनाथन कैंपबेल, टेंडाइ चतारा, ल्यूक जोंगवे, इनोसेंट केइया , क्लाइव एम, वेसली मेदेवेरे, टी मारूमानी, वेलिंगटन मसाकाजा, ब्रेंडन मावुता, ब्लेसिंग मुजाराबानी, डियोन मायर्स , एंटम नकवी, रिचर्ड एंगारावा, मिल्टन शुम्बा।

## खबर संक्षेप



### खिताब की हैट्रिक से एक जीत दूर आडवाणी

**रियाद।** भारत के क्यू खिलाड़ी पंकज आडवाणी एशियाई बिलियडर्स में हैट्रिक बनाने के करीब हैं जिन्होंने हमवतन सौरव कोठारी को 5-0 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। आडवाणी ने हर फ्रेम में 100 का स्कोर किया। उन्होंने 100-29, 100-33, 101-38, 100-21, 100-0 से जीत दर्ज की। इससे पहले क्वार्टर फाइनल में उन्होंने भारत के ही श्रीकृष्णा सूर्यनारायणन को 5-0 से हराया था।

### प्रागी ने कारुआना को ड्रॉ पर रोका

**बुकारेस्ट।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने सुपरबेट क्लासिक शतरंज टूर्नामेंट के आठवें दौर में अमेरिका के फेबियानो कारुआना से ड्रॉ खेला जबकि विश्व चैंपियनशिप चैलेंजर डी गुकेश ने नीदरलैंड के अनीश गिरि से बाजी बराबरी पर खत्म की। चौथी बार एक भी मुकाबले का नतीजा नहीं निकला और सभी बाजियां ड्रॉ रही। कारुआना ने दस खिलाड़ियों के राउंड रॉबिन टूर्नामेंट में आधा अंक की बढ़त बना रखी है। आठ मुकाबलों में पांच अंक लेकर कारुआना शीर्ष पर हैं जबकि प्रज्ञानानंदा, गुकेश और फ्रांस के फिरोजा अलीरजा उनसे आधा अंक पीछे हैं।



### एशियाई युगल स्क्वाश के पहले दिन जीते अभय

**नई दिल्ली।** अभय सिंह ने मलेशिया के जोहोर में चल रही एशियाई युगल स्क्वाश चैंपियनशिप के पहले दिन भारतीय चुनौती की अगुवाई करते हुए अपने दोनों वर्गों में जीत दर्ज की। भारतीय दल ने पांच में से चार मुकाबले जीते। अभय और वेलावन सेंथिलकुमार ने फिलीपीन के डेविड पेलिनो और रेमार्क बेगोर्निया को पुरुष युगल में 2-0 से हराया। वहीं अभय और जोशना चिनप्पा ने मिश्रित युगल में फिलीपीन के वोन्ने डालिडा और बेगोर्निया को 11-4, 11-3 से मात दी। इसके बाद सिंगापुर की नैशा सिंह और एंडर्स ओंग वी जुन को 11-3, 11-6 से हराया।



### पाक करेगा इंग्लैंड, वेस्टइंडीज और बांग्लादेश की मेजबानी

**कराची।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने अंतिम समय में अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला घोषित करने की परंपरा से हटते हुए शुक्रवार को पुष्टि की कि पुरुष टीम 2024-25 सत्र में इंग्लैंड के खिलाफ 'हाई प्रोफाइल' श्रृंखला सहित नौ टेस्ट, 14 वनडे और नौ टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलेगी। पाकिस्तान इस साल अक्टूबर में तीन मैच की टेस्ट श्रृंखला के लिए इंग्लैंड की मेजबानी करेगा जबकि बांग्लादेश और वेस्टइंडीज के दौरे भी कैलेंडर में शामिल हैं। पीसीबी चेयरमैन मोहसिन नकवी ने कहा, 'ये श्रृंखलाएं अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पाकिस्तान का स्थान मजबूत करने के लिए हमारी रणनीति का अहम हिस्सा है।'

**फुटबॉल : क्वार्टर फाइनल में इक्वाडोर को 4-2 से हराया**

# मेसी शूटऑउट में गोल से चूके, अर्जेंटीना ने कोपा अमेरिका के अंतिम-4 में बनाई जगह

एजेंसी ▶▶| टेक्सास

गत चैंपियन अर्जेंटीना ने एक रोमांचक मुकाबले में इक्वाडोर को हराकर कोपा अमेरिका 2024 के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। हालांकि, टेक्सास के एनआरजी स्टेडियम में क्वार्टर फाइनल में लियोनेल मेसी की पेनल्टी तब बुरी तरह से गलत साबित हुई जब मैच शूटआउट तक पहुंच गया, जिसके बाद खेल 1-1 से बराबरी पर आ गया। अर्जेंटीना ने शूटआउट में 4-2 से जीत हासिल की।

अर्जेंटीना की ओर से पहला पेनल्टी शूट मेसी ने किया और अपनी टीम को शुरुआती बढ़त दिलाने का लक्ष्य बनाया। मौजूदा टूर्नामेंट में चोटों से जूझ रहे अर्जेंटीना के कप्तान ने गेंद को नेट में डालने का साहसिक प्रयास किया। हालांकि, मेसी का प्रयास विफल हो गया क्योंकि उनका शॉट क्रॉसबार के ऊपर से टकराकर इक्वाडोर के गोलकीपर के पास चला गया। अंत में, मेसी की चूक का असर उनकी टीम पर नहीं पड़ा क्योंकि गोलकीपर एमिलियानो मार्टिनेज ने गोल बचा लिया। मार्टिनेज ने मेना के इक्वाडोर के पहले पेनल्टी प्रयास को बचाया और एलन मिंडा के गोल को भी रोका जिससे अर्जेंटीना ने बढ़त बनाई और शूटआउट में 4-2 से जीत हासिल की।



### मेसी ने दागा पहला गोल

रेगुलेशन टाइम की बात करें तो मेसी ने मुकाबले का पहला गोल किया, जिसके बाद लिसेंड्रो मार्टिनेज ने फिनिशिंग टच दिया। हालांकि, इक्वाडोर ने वापसी की और दूसरे हाफ में जोशपूर्ण संघर्ष दिखाया, जिसके परिणामस्वरूप स्टॉपेज टाइम में केविन रोड्रिगेज ने गोल किया। इस साल के कोपा अमेरिका में कोई अतिरिक्त समय नहीं होने के कारण मैच शूटआउट में चला गया, जहां मार्टिनेज अर्जेंटीना के लिए हीरो रहे। अब सेमीफाइनल में अर्जेंटीना का सामना वेनेजुएला या कनाडा से होगा।

### कोच जीत से खुश नहीं

अर्जेंटीना के कोच लियोनेल स्कालोनी ने कहा, 'पेनल्टी में टीम को अपने गोलकीपर पर पूरा भरोसा होता है और यही सबसे बड़ी बात है।' 'लियो के चूकने के बाद और टीम के लिए इसका मतलब यह है कि हमारे गोलकीपर ने अच्छा प्रदर्शन किया। 'मुझे लगता है कि जब आप इस तरह से जीतते हैं तो यह आनंददायक नहीं होता। बेशक, हम खुश हैं, लेकिन मुझे इस जीत का आनंद नहीं आया।'

**पेरिस ओलंपिक : मोदी बोले**

# चकाचौंध में खोना नहीं दबाव बिना खेलना



■ प्रधानमंत्री मोदी ने ओलंपिक जा रहे खिलाड़ियों से की बात

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पेरिस ओलंपिक जा रहे भारतीय खिलाड़ियों को जीत हार का दबाव नहीं लेते हुए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की सलाह देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि उन्हें ओलंपिक की चकाचौंध में खोए बगैर अपना फोकस बनाए रखना है।

प्रधानमंत्री मोदी ने पेरिस ओलंपिक जा रहे खिलाड़ियों से शुक्रवार को व्यक्तिगत और आनलाइन बातचीत में कहा, 'मेरी कोशिश रहती है कि खेल जगत से जुड़े देश के सितारों से मिलता रहूं, नई चीजें जानता रहूं और उनके प्रयासों को समझता रहूं। मेरी कोशिश सभी से सीधे बात करने की होती है।' प्रधानमंत्री के साथ बातचीत में हॉकी कप्तान हरमनप्रीत सिंह, गोलकीपर पी आर श्रीजेश , तीरंदाज दीपिका कुमारी, पहलवान अंतिम पंघाल, निशानेबाज मनु भाकर, रमिता जिंदल, चौदह वर्ष की तैराक धिनिधि देसिंघु के अलावा आनलाइन जुड़ने वालों में ओलंपिक और विश्व चैंपियन भालाफेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा, दो बार की ओलंपिक पदक विजेता बैडमिंटन खिलाड़ी पी वी सिंधू और मुक्केबाज निकहत जरीन समेत लगभग 90 खिलाड़ी शामिल थे।

### 2036 का दावा मजबूत करेंगे आपके अनुभव

प्रधानमंत्री ने कहा, 'भारत की कोशिश है कि हम 2036 में ओलंपिक की मेजबानी करें। इससे भी बड़ा माहौल बनता है और हम प्रयास कर रहे हैं। बुनियादी ढांचा तैयार करने पर विशेषज्ञ काम कर रहे हैं। मैं ओलंपिक से पहले नहीं लेकिन बाद में वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लेने का आपसे आग्रह करूंगा। आप लोग भी खेल के बाद वहां व्यवस्थाएं क्या हैं, उसे देखें। खिलाड़ियों से जो इनपुट मिलेगा, वह 2036 के लिए काम आएगा। आप यह देखकर आएंगे तो हमें बहुत सुविधा होगी।'

**जापान के ताकुमा ओबायाशी को सीधे गेम में हराया**

# राजावत क्वार्टर फाइनल में, त्रिसा-गायत्री भी जीते

एजेंसी ▶▶| कैलगरी

भारत के उदीयमान बैडमिंटन खिलाड़ी प्रियांशु राजावत ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए जापान के ताकुमा ओबायाशी को सीधे गेम में हराकर कनाडा ओपन एकल क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया।

दुनिया के 39वें नंबर के खिलाड़ी राजावत ने 33वीं रैंकिंग वाले ओबायाशी को 38 मिनट में 21-19, 21-11 से हराया। अब उनका सामना डेनमार्क के एंडर्स एंटोनसेन से होगा। महिला युगल में तीसरी वरीयता प्राप्त त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी भी क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई। उन्होंने डेनमार्क की नताशा एंथोनिसेन और नीदरलैंड की एलिसा टी को अंतिम 16 के मुकाबले में 17-21, 21-7, 21-8 से हराया।



अब उनका सामना चीनी ताइपै की पेइ एस सियेह और एन जू हंग से होगा। अनुपमा उपाध्याय और तान्या हेमंत की जोड़ी दूसरे दौर में हार गई। पुरुष युगल में कृष्ण प्रसाद गारागा और के साई प्रतीक को भी पराजय का सामना करना पड़ा जबकि मिश्रित युगल में रोहन कपूर और रुत्विका गाड्डे की जोड़ी हार गई।

## दक्षिण अफ्रीका ने भारत को 12 रन से हराया

**चेन्नई।** दक्षिण अफ्रीका महिला क्रिकेट टीम ने तजमिन ब्रिट्स (81 रन) और मारिजने काप (57 रन) के अर्धशतकों की मदद से शुक्रवार को यहां पहले टी-20 अंतरराष्ट्रीय में भारत को 12 रन से शिकस्त देकर तीन मैच की श्रृंखला में 1-0 से बढ़त बनायी। ब्रिट्स ने 56 गेंद का सामना करते हुए अपनी पारी में 10 चौके और तीन छक्के जड़े जबकि काप ने 33 गेंद की पारी में आठ चौके और एक छक्का लगाया। बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद दक्षिण अफ्रीका ने 189 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया जिसके जवाब में भारतीय टीम जेमिमा रोड्रिग्स (नाबाद 53 रन) के अर्धशतक के बावजूद चार विकेट पर 177 रन ही बना सकी। सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा (18 रन) और स्मृति मंधाना (46 रन) ने पहले विकेट के लिए 56 रन की साझेदारी निभाकर भारत को अच्छी शुरूआत करायी। लेकिन अयाबोंगा खाका ने शेफाली को आउट कर पहला झटका दिया। मंधाना अच्छा खेल रही थीं लेकिन क्लो ट्रायोन की गेंद उनके बल्ले का किनारा लेते हुए विकेटकीपर के हाथों में चली गयी और भारत ने अपना दूसरा विकेट गंवा दिया। मंधाना ने 30 गेंद की पारी में सात चौके और दो छक्के लगाये। दयालन हेमलता (14 रन) ज्यादा देर तक बल्लेबाजी नहीं कर सकीं और 17 गेंद खेलने के बाद नाडिने डि क्लर्क का शिकार हुईं।

**विजेताओं का सम्मान**

# महाराष्ट्र टी-20 विश्व कप विजेता टीम को देगा 11 करोड़

एजेंसी ▶▶| मुंबई

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने टी20 विश्व कप जीतने वाली भारतीय क्रिकेट टीम के लिए शुक्रवार को 11 करोड़ रुपए के नकद पुरस्कार की घोषणा की।

यह घोषणा यहां विधान भवन में की गई जहां भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, यशस्वी जायसवाल और शिवम दुबे को सम्मानित किया गया। शिंदे ने अपने भाषण में विश्व कप में टीम की चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान पर मिली जीत के अलावा सूर्यकुमार के दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ फाइनल मैच में लिए गए शानदार कैच की प्रशंसा की। मुख्यमंत्री ने सहयोगी टीम के सदस्य पारस म्हाम्ब्रे और अरुण कनाडे के योगदान की प्रशंसा करते हुए उन्हें सम्मानित किया। साथ ही उन्होंने मुंबई पुलिस की गुरुवार को विजय परेड के दौरान भीड़ प्रबंधन की भी सराहना की। इस मौके पर उप मुख्यमंत्री अजीत पवार और देवेंद्र फडनवीस भी मौजूद थे।




**भारतीय हॉकी कप्तान हरमनप्रीत ने ओलंपिक में पदक जीतने का दिलाया भरोसा**

# क्रिकेट टीम की जीत पर गर्व, अब हमारी बारी

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

टी20 विश्व कप में भारतीय टीम की शानदार जीत पर भारतीय हॉकी कप्तान हरमनप्रीत सिंह को गर्व है और उनका वादा है कि पेरिस ओलंपिक में उनकी टीम भी देशवासियों को फिर इसी तरह से जश्न मनाने का मौका देगी।

रोहित शर्मा की कप्तानी वाली भारतीय क्रिकेट टीम ने आईसीसी खिताब के लिए 11 साल का इंतजार खत्म करते हुए बारबडोस में दक्षिण अफ्रीका को हराकर टी20 विश्व कप जीता। चैंपियन टीम का स्वदेश लौटने पर पलक पांवड़े बिछाकर अभूतपूर्व स्वागत किया गया। पेरिस ओलंपिक की तैयारियों के लिए शिविर में मसरुफ भारतीय हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत ने इंटरव्यू में कहा, 'एक खिलाड़ी होने के नाते बड़े टूर्नामेंट में जाना और अच्छा प्रदर्शन करके विश्व कप जीतना, उससे बड़ी कोई बात नहीं है। पूरा देश आपके साथ झूम रहा है। इससे बड़ी गर्व की बात क्या हो सकती है। हमारी भी यही कोशिश है कि ओलंपिक जाकर पदक जीते और स्वर्ण पदक जीतकर देशवासियों को यही खुशी फिर से दें। देश के साथ इन पलों को हम भी जिएं। मेरे लिए इससे बड़ी गर्व की बात नहीं होगी।



पिछले साल वनडे विश्व कप फाइनल हारने के बाद उन्होंने टी20 विश्व कप जीता जो बहुत बड़ी बात है। रोहित का भी काफी लंबा सफर रहा है और उन्होंने कई उतार चढ़ाव देखें हैं। पूरे देश को और हमें भी उन पर गर्व है।'

### टोक्यो के पदक ने किया टॉनिक का काम

टोक्यो ओलंपिक में 41 साल बाद पदक जीतने वाली टीम का हिस्सा रहे हरमनप्रीत ने कहा, 'जब टोक्यो में हमने 41 साल बाद पदक जीता तो हॉकी के लिए यह टॉनिक की तरह रहा। इस बार हमारी जिम्मेदारी बढ़ी है और सभी को पता है कि उस पदक के बाद कितना प्यार और सम्मान मिला है। पदक जीतने का अहसास कभी नहीं भुलाया जा सकता। टीम में जो नए खिलाड़ी आए हैं, हम उनके साथ अपना अनुभव बांटते हैं कि ओलंपिक पदक जीतना आसान नहीं होता। वे भी ध्यान से सुनते हैं और पूरे जोश से मेहनत करते हैं।'

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

(धारा 82 सीआरपीसी देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **रोहित कुमार उर्फ बंटी पुत्र महेश कुमार पता एन–71/बी–157 पुरानी चंद्रवाल सिविल लाइंस, दिल्ली ने एफआईआर नं 471/21 दिनांक 06.12.2021 धारा 354/ 354ए/323 भा.द.स. के तहत** थाना: **सिविल लाइंस**, दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **रोहित कुमार उर्फ बंटी** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **रोहित कुमार उर्फ बंटी** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। अतः इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **एफआईआर 471/21 दिनांक 06.12.2021 धारा 354/354ए/323 भा.द.स. के तहत थाना: सिविल लाइंस, दिल्ली के उक्त रोहित कुमार उर्फ बंटी** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **29.08.2024** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
नेहा खेरिया
महानगर दण्डाधिकारी
महिला कोर्ट – 01, (केन्द्रीय जिला)
कमरा नं.343,
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/8153/N/2024




# विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा- आतंकियों को पनाह देने वाले देशों को किया जाए बेनकाब

*विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कई मौकों पर अंतरराष्ट्रीय मंचों से पाकिस्तान के जरिए फैलाए जाने वाले आतंकवाद की बात की है। उन्होंने दुनिया को बताया है कि कैसे पड़ोसी देश आतंक फैला रहा है।*

एजेंसी ▶▶ अस्ताना

भारत ने आतंकियों को पनाह देने व उनको सुरक्षित पनाहगाह मुहैया कराकर आतंकवाद को बढ़ावा देने वाले देशों को खरी खरी सुनाई है।

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कजाकिस्तान की राजधानी अस्ताना में शंघाई सहयोग संगठन की एससीओ की बैठक में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए आतंकवाद के मुद्दे पर चीन और पाकिस्तान पर परोक्ष रूप से कटाक्ष करते हुए कहा कि अगर आतंकवाद पर अंकुश नहीं लगाया गया तो यह क्षेत्रीय एवं वैश्विक शांति के लिए बड़ा खतरा बन सकता है। उन्होंने याद दिलाया कि आतंकवाद से लड़ाई एससीओ के मूल उद्देश्यों में से एक है।

**पाकिस्तान की एससीओ में जबरदस्त किरकिरी**



### एससीओ को अपनी प्रतिबद्धता से पीछे नहीं हटना चाहिए

एस जयशंकर ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय को उन देशों को अलग-थलग व बेनकाब करना चाहिए जो आतंकियों को पनाह देते हैं, उन्हें सुरक्षित पनाहगाह मुहैया कराते हैं और आतंकवाद को बढ़ावा देते हैं। उनका इशारा स्पष्ट रूप से पाकिस्तान और उसके सदाबहार मित्र चीन की ओर था। उन्होंने आगे कहा, सीमा पार आतंकवाद के विरुद्ध निर्णायक कार्रवाई की जरूरत है और आतंकवाद के वित्तपोषण एवं आतंकियों की भर्ती से दृढ़ता से निपटा जाना चाहिए। एससीओ को अपनी प्रतिबद्धता से पीछे नहीं हटना चाहिए। इस संबंध में हम दोहरे मापदंड नहीं अपना सकते। साथ ही कहा कि पिछले वर्ष भारत की अध्यक्षता के दौरान इस विषय पर जारी संयुक्त बयान नई दिल्ली की साझा प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।

### संप्रभुता व क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान आवश्यक

चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे सीपीईएस को लेकर चीन पर निशाना साधते हुए एस जयशंकर ने कहा, आर्थिक विकास के लिए मजबूत कनेक्टिविटी की आवश्यकता होती है। यह हमारे समाजों के बीच सहयोग और विश्वास का मार्ग भी प्रशस्त कर सकती है। कनेक्टिविटी और बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के लिए संप्रभुता व क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान आवश्यक है। इसी तरह गैर-भेदभावपूर्ण व्यापारिक अधिकार और पारगमन व्यवस्था भी आवश्यक है। एससीओ को इन पहलुओं पर गंभीरता से विचार-विमर्श करने की आवश्यकता है।

### आतंक को पनाह देने वालों की हो निंदा

जयशंकर ने पाकिस्तान का नाम लिए बगैर कहा आगे कहा, आतंकवादियों को पनाह देने की कड़ी निंदा की जानी चाहिए. सीमा पार आतंकवाद के लिए निर्णायक प्रतिक्रिया की जरूरत है और आतंकी फंडिंग एवं भर्ती से प्रभावी ढंग से निपटने की जरूरत है. एससीओ को अपनी प्रतिबद्धता से कभी पीछे नहीं हटना चाहिए. इस संबंध में हम दोहरे मानदंड नहीं अपना सकते हैं।

**आतंकवाद को किसी भी रूप में उचित नहीं ठहराया जा सकता**

चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन एवं अन्य नेताओं की उपस्थिति में उन्होंने कहा कि हममें से कई लोगों को ऐसे अनुभव हुए हैं, जो अक्सर हमारी सीमाओं से परे होते हैं। हमें यह स्पष्ट होना चाहिए कि अगर इस पर अंकुश नहीं लगाया गया तो यह क्षेत्रीय व वैश्विक शांति के लिए बड़ा खतरा बन सकता है। आतंकवाद को किसी भी रूप में उचित नहीं ठहराया जा सकता।

**आतंकवाद को बढ़ावा देने पर चीन को लताड़ा**

जयशंकर ने पाकिस्तान के साथ-साथ चीन को भी निशाने पर लिया था। उन्होंने कहा था, देशों को अलग-थलग करना चाहिए और बेनकाब कर देना चाहिए जो आतंकवादियों को पनाह देते हैं, सुरक्षित पनाहगाह प्रदान करते हैं और आतंकवाद को बढ़ावा देते हैं। चीन ने कई मौकों पर पाकिस्तान के वांटेड आतंकियों को ब्लैक लिस्ट करने के प्रस्तावों को यूएन में ब्लॉक किया है।

# कारगिल जैसी गुस्ताखी नहीं करेगा पाकिस्तान लेकिन सीमाई सतर्कता जरूरीः जनरल मलिक

**खास बातचीत**

*इस महीने देश में मनाई जा रही कारगिल युद्ध की रजत जयंती के अवसर पर हरिभूमि से खास बातचीत में बोले तत्कालीन सेनाप्रमुख रहे जनरल वीपी मलिक*


फाइल फोटो

कविता जोशी ▶▶ नई दिल्ली

इस महीने देश में कारगिल युद्ध की रजत जयंती यानी 25 वीं वर्षगांठ बड़ी धूमधाम से मनाई जा रही है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली से लेकर कारगिल में बीते कुछ दिनों से विजय दिवस के समारोह आयोजित किए जा रहे हैं। इनमें सेना के उन वीर योद्धाओं की कुर्बानियों और योगदान को याद किया जा रहा है। जिन्होंने पाकिस्तान के साथ लड़े गए इस युद्ध में सीमाओं की रक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया था। इन सबके बीच कारगिल युद्ध में भारतीय सेना का नेतृत्व करने वाले पूर्व सेना प्रमुख जनरल वेद प्रकाश मलिक (सेवानिवृत्त) ने हरिभूमि से खास बातचीत की। इसमें उन्होंने कारगिल युद्ध, लड़ाई के अनुभवों से लेकर 2024 तक भारत की सुरक्षा स्थिति, आधुनिकीकरण और सैन्य तैयारियों के मुद्दे पर विस्तार से चर्चा की।

## पेश हैं बातचीत के अंश

### कारगिल युद्ध से सेना को क्या संदेश मिलता है?

इस युद्ध से हमारी सेना को दो बड़े संदेश मिलते हैं। पहला ये कि युद्ध के दौरान हमारी सेना खासकर युवा अधिकारियों ने जिस बहादुरी के साथ यह लड़ाई जीतकर मिसाल कायम की थी। उसका हमेशा उन्हें श्रेय दिया जाना चाहिए और उनकी कुर्बानी को याद रखा जाना चाहिए। दूसरा संदेश ये है कि मिशन चाहे कितना भी बड़ा क्यों न हो, उसे पूरा किया जा सकता है। वो कुछ लोग कहते हैं कि 'मिशन इम्पॉसिबल वॉज मेड मिशन पॉसिबल'। इसे हमेशा याद रखा जाना चाहिए। साथ ही मैं ये भी कहूंगा कि आज भी हमारी सीमाएं (एलएसी, एलओसी) सुरक्षित नहीं हैं। इसलिए सेना को हमेशा सतर्क रहना चाहिए।

### 1999 के युद्ध से भारत ने पाकिस्तान के हौसले पस्त कर दिए हैं?

हां बिलकुल किए हैं। कारगिल के बाद पाकिस्तान को ये साफ संदेश मिल चुका है कि वो भारत के साथ किसी बड़ी लड़ाई में कभी नहीं जीत सकता। मुझे नहीं लगता कि अब वो दोबारा भारत के साथ कोई बड़ी लड़ाई लड़ने की हिमाकत करेगा। लेकिन छोटी-मोटी लड़ाइयां जो कारगिल के बाद से आज तक जम्मू-कश्मीर में जारी हैं। वो चलती रहेंगी। इसमें पाकिस्तान और उसकी सेना के समर्थित आतंकवादी संगठन एलओसी या आईबी से घुसपैठ कर सूबे में हिंसा फैलाते रहेंगे। ये पाक सेना की रणनीति का हिस्सा है। क्योंकि अगर वो कश्मीर मामले पर भारत के साथ शांति वार्ता के रास्ते पर चलेगी तो उसका अपने देश में इज्जत और रुतबा खत्म हो जाएगा।

### 25 सालों में आधुनिकीकरण के लिहाज से कितना बदली है सेना?

इन ढाई दशकों में बहुत कुछ बदल गया है। 1999 में हमारे पास हथियारों की कमी थी, वो अधिक उन्नत किस्म के नहीं थे। लेकिन आज सेना के पास स्टेट ऑफ द आर्ट उपकरण, निगरानी तंत्र, बेहतर इंटेलिजेंस और सैटेलाइट इमेजरी जैसी काफी सुविधाएं आ चुकी हैं। जवानों, अधिकारियों के प्रशिक्षण में भी काफी बदलाव आया है। इसके अलावा पहले हमारी राजनीतिक नीति प्रतिक्रियात्मक थी। लेकिन अब वो बदलकर अग्रसक्रिय हो गई है। कारगिल क्षेत्र में भी जमीन, आसमान का फर्क देखने को मिलता है। इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ विकास काफी हो गया है। पर्यटन बढ़ा है और वहां के लोग शांति से अपना कारोबार कर पा रहे हैं।

### कारगिल की लड़ाई की शुरुआत कैसे हुई थी?

फरवरी 1999 में भारत और पाक के प्रधानमंत्री ने लाहौर घोषणापत्र पर हस्ताक्षर किए थे। इसमें विवादों का शांतिपूर्ण निपटारा करने पर भी जोर दिया गया था। लेकिन इसके तुरंत बाद पाकिस्तान ने कारगिल में घुसपैठ शुरू की। इस पर पहले उसने कहा कि ये घुसपैठिए हैं। लेकिन बाद में पता चला कि ये पाक सेना के लोग थे जो घुसपैठियों की तरह कपड़े बदलकर कारगिल में दाखिल हुए थे। जब मामले पर हमारी इंटेलिजेंस पुख्ता हो गई तो हमने ऑपरेशन विजय (3 मई से 26 जुलाई 1999 तक) लांच किया। इससे सेना ने तत्कालीन केंद्र सरकार द्वारा घुसपैठियों को एलओसी पार खदेड़ने के लक्ष्य को सफलतापूर्वक हासिल किया। अभियान में भारतीय सेना के 527 जवान मारे गए और पाक सेना को इससे कहीं अधिक नुकसान पहुंचा था।

### अग्निपथ योजना पर आपकी व्यक्तिगत राय क्या है?

अग्निपथ योजना इसलिए लानी पड़ी। क्योंकि केंद्र लगातार बढ़ते रक्षा बजट का भार नहीं उठा पा रहा था। लेकिन ऐसा नहीं है कि ऐसी योजना केवल भारत में ही लागू है। दुनिया के कई देश हैं जहां अग्निपथ जैसी योजना अलग-अलग रूपों में जारी है। भारत में इसे करीब तीन साल हो गए हैं और एक साल बचा है। चार साल के बाद ही हमें ये अनुभव मिलेगा कि इसमें क्या कमियां हैं? व्यक्तिगत रूप से जो खामियां मुझे अभी नजर आती हैं। उनमें इसकी चार साल की अवधि को पांच या छह साल करना चाहिए और 48 महीने के बाद सेना में स्थाई किए जाने वाले जवानों का आंकड़ा 25 से बढ़ाकर 50 फीसदी करना चाहिए।

### अग्निवीरों के पेंशन मामले को आप कैसे देखते हैं?

ये बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है कि अग्निपथ योजना को राजनेता केवल पैसे के नजरिए से देख रहे हैं। जो जवान लड़ाई में मरता है वो पैसों को देखकर नहीं राष्ट्रभक्ति में अपने प्राण न्योछावर करता है। जब हमने कारगिल की लड़ाई लड़ी थी तो उस वक्त फौज में पेंशन जैसी चीजें बहुत कम होती थीं। बाद में वो बढ़ाई गई। नेताओं को ये देखना चाहिए कि इस योजना में हमारे लोग सफल हो पाएंगे या नहीं या उसमें कोई कमियां रहेंगी या नहीं। आज हमारी राजनीति देश में जवानों और उनके परिवारों को गलत तरीके से लेकर आगे बढ़ रही है। राजनीति को फौज से दूर रहना चाहिए।

### थिएटर कमांड, एकीकरण को आप कैसे देखते है?

सेनाओं के बीच थिएटर कमांड और एकीकरण की प्रक्रिया जारी है। आपसी बातचीत के साथ कुछ दिनों में ये हो ही जाएगा। इससे सेनाओं की ही नहीं देश की सैन्य क्षमताएं भी काफी बढ़ेंगी।

**अमित शाह ने दिए निर्देश भाजपा ने शुरू की तैयारी**

# अमरनाथ यात्रा खत्म होते ही जम्मू कश्मीर में हो सकते हैं विस चुनाव

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जम्मू कश्मीर में अनुच्छेद 370 और 35(अ) हटने के बाद इसे केंद्रशासित प्रदेश बना दिया गया था। पांच साल बाद अब वहां की आम जनता को विधानसभा चुनावों का इंतजार हैं, जिसको लेकर संभावनाएं हैं कि जल्द ही यह इंतजार खत्म हो जाएगा, क्योंकि अमरनाथ यात्रा के बाद राज्य में विधानसभा चुनाव कराए जा सकते हैं, जिसको लेकर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने भाजपा नेताओं को चुनाव की तैयारियों के निर्देश भी दे दिए हैं।

जानकारी के मुताबिक भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के नेतृत्व में पार्टी के बड़े नेताओं की अहम बैठक हुई थी, जिसमें जम्मू-कश्मीर भाजपा के कई नेता भी शामिल थे। उन्होंने प्रदेश के नेताओं को बताया था कि भाजपा राज्य की 90 सीटों पर अकेले ही चुनाव लड़ सकती है और वह चुनाव के पहले किसी भी पार्टी से कोई गठबंधन नहीं करेगी।



### 2018 में भंग हुई थी विधानसभा

गौरतलब है कि अगस्त 2019 में राज्य का 'विशेष राज्य' वाला दर्जा खत्म कर दिया गया था और उसे केंद्र शासित प्रदेश बना दिया गया था। बता दें कि पहले जम्मू कश्मीर में ही लद्दाख भी शामिल था, लेकिन लद्दाख को 2019 में एक अलग राज्य बना दिया गया था। इससे पहले साल 2018 में विधायकों की खरीद-फरोख्त की आशंका के चलते राज्यपाल सत्यपाल मलिक ने विधानसभा भंग करने की अनुशंसा की थी, जिसे राष्ट्रपति ने मंजूर भी कर लिया गया था।

# सऊदी से भारतीयों के लिए नागरिकता का ऐलान



**रियाद।** सऊदी अरब ने नागरिकता देने के संबंध में अहम फैसला लिया है। सरकार ने उन लोगों को नागरिकता देने का फैसला लिया है, जो अपने पेशे में महारत रखते है। चुने हुए लोगों को नागरिकता देने के लिए सऊदी सरकार ने डिक्री जारी की है। सऊदी सरकार ने कई वैज्ञानिकों, डॉक्टरों, शोधकर्ताओं, इंटरप्रेन्योर, कारोबारियों और दूसरे क्षेत्रों में नाम कमाने वाली प्रतिभाओं को सऊदी नागरिकता प्रदान करने के लिए ये शाही फरमान जारी किया है। सऊदी अरब में अलग-अलग क्षेत्रों में बड़ी तादाद में भारतीय काम करते हैं।




**कानूनी प्रक्रिया के तहत कार्रवाई की जा सकेगी, 10 साल की सजा का है प्रावधान**

# 'लव जिहाद' मामले में पहचान छिपाकर शादी की तो होगी जेल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



*अब किसी महिला से धार्मिक पहचान छिपाकर शादी करने या फिर गुमराह करने के मामलों में भारतीय न्याय संहिता के तहत 10 साल की सजा होगी।*

देश में 'लव जिहाद' के मामलों की काफी चर्चा रही है। ऐसे मामलों से कैसे निपटा जाए, इस पर भी बात होती रही है। लेकिन अब भारतीय न्याय संहिता में इसे लेकर कानून ही बन गया है।

इससे लव जिहाद जैसे मामलों से निपटने में आसानी होगी और तय कानूनी प्रक्रिया के तहत कार्रवाई की जा सकेगी। अब धार्मिक पहचान छिपाकर शादी करने या फिर गुमराह करने के मामलों में भारतीय न्याय संहिता के तहत 10 साल की सजा होगी। इसे भारतीय न्याय संहिता के सेक्शन 69 में वर्णित किया गया है।

### नाबालिग से दुष्कर्म में मौत की सजा

रेप के मामले में अब तक धारा 376 के तहत कार्रवाई होती थी और रेप की परिभाषा को 375 में तय किया गया था। अब भारतीय न्याय संहिता के सेक्शन 63 में बलात्कार की परिभाषा तय की गई है और 64 में उसके लिए सजा का प्रावधान है। रेप के मामलों में दोषी के लिए कम से कम 10 साल की सजा का प्रावधान है और इसे उम्रकैद तक बढ़ाया जा सकता है। वहीं धारा 70 (2) में नाबालिग से रेप की सजा तय की गई है। 16 साल से कम उम्र की लड़की से रेप की सजा बढ़ाकर 20 साल कर दी गई है। नाबालिग से दुष्कर्म में मौत की सजा का भी प्रावधान है। 12 साल से कम उम्र की नाबालिग से दुष्कर्म में कम से कम 20 साल की सजा या फिर मौत की सजा होगी।

### छिपकर शादी करना अपराध होगा

इसके तहत ऐसे मामलों को डील किया जाएगा, जिनमें आरोप हो कि संबंधित व्यक्ति ने पहचान छिपाकर विवाह किया है या फिर रिलेशन बनाए। इस संबंध में सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता रुद्र विक्रम सिंह ने भी अपनी पुस्तक 'दंड संहिता से न्याय संहिता तक' में विस्तार से जानकारी दी है। रुद्र विक्रम सिंह लिखते हैं, 'शादी के नाम पर धोखेबाजी या पहचान छिपाकर शादी करने को अपराध घोषित किया गया है। लव जिहाद जैसे षडयंत्रों से निपटने के लिए सजा तय की गई है। क्लॉज 69 कहता है कि जो कोई भी धोखे से या महिला से शादी करने का वादा करके उसके साथ यौन संबंध बनाता है और बाद में मुकर जाता है तो ऐसे मामले अपराध की श्रेणी में होंगे। इनमें 10 साल तक की सजा मिलेगी।

**बरामदगी में मिला 9 किलो सोना व 11.5 लाख नकदी**

# भारत-बांग्लादेश सीमा पर सुरक्षा बलों के हत्थे चढ़े सात काले कुबेर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत-बांग्लादेश बॉर्डर पर बीएसएफ को बड़ी सफलता हाथ लगी है। बीएसएफ और डीआरआई के एक सफल ज्वाइंट ऑपरेशन में सुरक्षा बलों ने 11.5 लाख रुपए नकद और 6.86 करोड़ रुपए मूल्य के 9.6 किलोग्राम सोना तस्करी करते हुए 7 लोगों को पकड़ा है।

सुरक्षा बलों ने इस घटना में शामिल सभी तस्करों को मौके से गिरफ्तार किया है। जानकारी के मुताबिक दक्षिण बंगाल फ्रंटियर के अंतर्गत नदिया जिले में तैनात 68 बटालियन के बीएसएफ जवानों ने राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) के साथ मिलकर एक ज्वाइंट ऑपरेशन चलाया। ऑपरेशन के दौरान सुरक्षा बलों ने सीमानगर से लगातार 7 तस्करों को गिरफ्तार किया।



### बीएसएफ ने कैश के साथ 16 सोने की ईंटें भी बरामद की

साथ ही सुरक्षा बलों ने उनके कब्जे से 16 सोने की ईंटें और 9.572 किलोग्राम वजन का एक सोने का बिस्किट बरामद किया गया और 11,58,500/- रुपए की नकदी और सोने की डिलीवरी में इस्तेमाल की गई मारुति इको कार भी जब्त की गई। जब्त सोने का कुल अनुमानित कीमत 6,86,23,582/- रुपए बताई जा रही है। जानकारी के मुताबिक, यह घटना 4 जुलाई की है जिसमें डीआरआई ने सोना तस्करी की सूचना बीएसएफ के खुफिया विभाग से साझा की। सूचना मिलने पर बीएसएफ की 68 बटालियन और डीआरआई की ज्वाइंट टीम ने सिमानगर इलाके में स्टेट हाईवे नंबर 11 पर वाहनों की व्यापक तलाशी अभियान चलाया।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109